www.anantgyaan.in

सूर्योदय 7:10 सूर्यास्त 5:59

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 4.02 न्यू | 14.02 अधि |
| धर्मशाला | 6.04 न्यू | 18.00 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 71139.90 |
| निफ्टी | 21522.10 |
| सोना 65,168 | चांदी 73,994 |

# अनंत ज्ञान

करे हर सीमा पार



धर्मशाला | बुधवार, 31 जनवरी 2024 | 18 माघ, विक्रमी संवत 2080 | वर्ष 1, अंक 43 | कुल पृष्ठ 16 | मूल्य : 5 रुपए |

दीपिका पादुकोण ने तोड़ा कटरीना कैफ का रिकॉर्ड...पेज 16

## न्यूज शॉर्ट्स


### छत्तीसगढ़ में सीआरपीएफ कैंप पर हमला, तीन जवान शहीद

**बस्तर।** बस्तर के टेकलगुड़ेम में मंगलवार को सीआरपीएफ कैंप पर नक्सली हमले में तीन जवान शहीद हो गए, जबकि 14 जवान घायल हुए हैं। घायलों को हेलिकॉप्टर से पहले जगदलपुर लाया गया, जहां से उन्हें रायपुर रेफर किया गया है। मंगलवार को जोनागुड़ा-अलीगुड़ा क्षेत्र में कोबरा/एसटीएफ/डीआरजी की टीम सर्च अभियान चला रही थी। दोपहर को घात लगाए नक्सलियों ने टीम पर फायरिंग कर दी।

### हेमंत सोरेन के आवास पर ईडी की रेड के बाद धारा 144 लागू

**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन के राजधानी दिल्ली स्थित आवास में ईडी की रेड के बाद राजभवन और मुख्यमंत्री आवास और ईडी ऑफिस के 100 मीटर की परिधि में धारा 144 लागू कर दी है। इन स्थानों के 100 मीटर की परिधि में सुबह 10:00 बजे से रात के 10:00 बजे तक धारा 144 लागू रहेगी। इन स्थानों पर संगठनों, दलों की ओर से धरना-प्रदर्शन, जुलूस किए जाने की सूचना है। सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

### लेह-लद्दाख और चीन में लगे भूकंप के झटके



**नई दिल्ली।** लेह-लद्दाख में मंगलवार को भूकंप के झटके महसूस किए गए। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के अनुसार सुबह 5:39 बजे आए भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 3.4 दर्ज की गई। वहीं, चीन में भी 5.7 तीव्रता का भूकंप आया। भूकंप 10 किलोमीटर की गहराई पर था। भूकंप का केंद्र 41.15 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 78.67 डिग्री पूर्वी देशांतर पर था।

## टॉप स्टोरीज

हिमाचल में अपनी ही सरकार से खफा प्रतिभा सिंह, सीएम सुक्खू को दी नसीहत ...पेज 3

सरकार ने 78 विशेषज्ञ, डेंटल मेडिकल ऑफिसर्ज किए ट्रांसफर ...पेज 3

कर्नाटक के बाद अब राजस्थान में भी हिजाब पर विवाद, सियासत गरमाई ...पेज 16

# बजट सत्र आज से, सभी विपक्षी सांसदों का निलंबन होगा वापस

## सर्वदलीय बैठक : केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी का सत्र से पहले ऐलान

एजेंसी, नई दिल्ली

**रक्षा** मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई सर्वदलीय बैठक में पार्टियों के फ्लोर नेताओं ने भाग लिया। इसमें सरकार ने आगामी सत्र के एजेंडे से नेताओं को अवगत करवाया और सदन के सुचारु संचालन में उनका सहयोग मांगा।

केंद्रीय संसदीय कार्यमंत्री प्रह्लाद जोशी ने बैठक के बाद पत्रकारों को बताया कि पिछले शीतकालीन सत्र में निलंबित सभी सदस्यों का निलंबन वापस लिया जाएगा। इस संबंध में सरकार की मंशा से लोकसभा अध्यक्ष



और राज्यसभा के सभापति को अवगत करा दिया है। वे आगे इस पर कोई फैसला लेंगे। उन्होंने कहा कि ज्यादातर सांसदों का निलंबन पिछले सत्र तक ही था और उन्होंने राज्यसभा सभापति एवं लोकसभा अध्यक्ष से अनुरोध किया है कि जिन सांसदों का विषय विशेषाधिकार समिति को भेजा था, वे उनसे चर्चा कर निलंबन वापस ले लें। दोनों ओर से इस पर सहमति भी प्राप्त हुई है। मंत्री ने बुधवार से शुरू होने वाले संसद के बजट सत्र से पहले एक सर्वदलीय बैठक के बाद यह टिप्पणी की।

### संसदीय मर्यादाओं का पालन करें सदस्य

**जोशी** ने कहा कि लोकसभा अध्यक्ष के समक्ष सभी दलों ने सदन की मर्यादा को लेकर कुछ निर्णय लिए थे। उनका पालन नहीं किए जाने के कारण निलंबन हुआ था। अब सभी से उन्होंने अनुरोध किया है कि इसे दोबारा न दोहराया जाए और सभी सदस्य संसदीय मर्यादाओं का पालन करें और सदन को सुचारु रूप से चलाने में सहयोग करें। इस दौरान एक प्रश्न के उत्तर में केंद्रीय मंत्री ने विपक्षी गठबंधन को ब्रेन डेड बताया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का स्वभाव ही है आपस में लड़ना। हमने पहले ही कहा था कि यह गठबंधन अस्वाभाविक है। अस्वाभाविक चीजों की जल्द ही मृत्यु हो जाती है। ऐसे में विपक्षी गठबंधन का अब ब्रेन डेड है।

# भाजपा कार्यकर्ता हत्या मामले में 15 पीएफआई सदस्यों को सजा-ए-मौत

एजेंसी, तिरुवनंतपुरम

**केरल** के एक कोर्ट ने प्रतिबंधित इस्लामिक संगठन पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के 15 कार्यकर्ताओं को भाजपा नेता की हत्या के मामले में सजा-ए-मौत की सजा सुनाई है। भाजपा के ओबीसी विंग के नेता रंजीत श्रीनिवासन की 19 दिसंबर 2021 को हत्या कर दी गई थी। पिछले हफ्ते कोर्ट ने 15 लोगों को दोषी माना था।

**घुसकर मां-पत्नी और बच्चे के सामने की थी हत्या**

कोर्ट ने कहा था कि आठ दोषी, जिनकी पहचान निजाम, अजमल, अनूप, मोहम्मद असलम, अब्दुल सलाम उर्फ सलाम पोन्नद, अब्दुल कलाम, सफरुद्दीन और मनशद के तौर पर हुई है, वे रंजीत श्रीनिवास के मर्डर में सीधे तौर पर शामिल थे। अन्य दोषियों की पहचान जसीब राजा, नवास, शमीर, नसीर,जाकिर हुसैन, शाजी पूवाथुंगल और शमनास अशरफ के तौर पर हुई है। कोर्ट ने इनमें से चार को इसलिए दोषी करार किया था, क्योंकि वे हथियार लेकर क्राइम सीन पर आए थे, ताकि श्रीनिवास भाग न पाए और कोई उसकी मदद भी न कर पाए। बाकी तीन ने मर्डर की साजिश रची थी।

### साइफर मामले में इमरान खान और महमूद कुरैशी को 10 साल की सजा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी (पीटीआई) के लीडर शाह महमूद कुरैशी को साइफर केस में 10 साल जेल की सजा सुनाई गई है।



मंगलवार को विशेष अदालत के जज अबुल हसनत जुल्करनैन ने रावलपिंडी की अदियाला जेल में सुनवाई के दौरान सजा की घोषणा की। पिछले साल से ही केस की सुनवाई अदियाला जेल में चल रही है। सुनवाई के दौरान जज जुल्करनैन ने पीटीआई नेताओं से कहा कि उनके वकील अदालत में पेश नहीं हुए हैं और उन्हें सरकारी वकील दिए गए हैं। कोर्ट ने कहा कि कुरैशी और इमरान से धारा 342 के तहत सवाल पूछे गए थे।

### ग्रीन राज्य का सपना देखने वाली सुक्खू सरकार ने की अपने ही आदेशों की अवहेलना

# सैर सपाटे के लिए खरीदे सात नए डीजल वाहन

जय ठाकुर, शिमला

**जनता** के लिए महंगाई की मार का हवाला देने वाली प्रदेश सरकार में माननीयों की पूरी मौज है।

माननीयों की सुविधा का पूरा ख्याल रखा जा रहा है। ग्रीन राज्य का सपना देखने वाली सरकार ने अपने ही आदेशों की अवहेलना करते हुए सात नए डीजल वाहनों को खरीदा है। सात वाहनों में से तीन वाहन प्रदेश सचिवालय में पहुंच चुके हैं। एक फॉर्च्यूनर डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री, जबकि दो अन्य फॉर्च्यूनर नए मंत्रियों को दी जाएंगी। अभी चार इनोवा क्रिस्टा आनी बाकी हैं। गौर रहे कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू प्रदेश को हरित राज्य बनाने के लिए नए साल से इलेक्ट्रिक वाहनों की खरीददारी करने की बात करते आए हैं। सरकार की ओर से अधिसूचना भी जारी की है। सरकार ने सभी सरकारी विभागों में इलेक्ट्रिक वाहनों की खरीददारी के निर्देश दिए थे, लेकिन खरीदी गई नई गाड़ियों के बाद सरकार अपने ही आदेशों से पलट गई है। (अनंत ज्ञान)

**माननीयों की सुविधा का पूरा ख्याल**

**सचिवालय पहुंचे तीन वाहन**



### दो करोड़ के खरीदे वाहन

**राज्य** सरकार की ओर से करीब दो करोड़ के सात वाहन खरीदे हैं। हालांकि, इन वाहनों की कीमत कहीं ज्यादा बताई जा रही है। ये वाहन ऐसे समय में खरीदे गए हैं, जब प्रदेश अभी तक प्राकृतिक आपदा से नहीं उभर पाया है।

# प्रदेश में 4000 युवाओं को मिलेगा रोजगार

## 2400 करोड़ के निवेश के लिए दुबई की पांच कंपनियों के साथ एमओयू साइन

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

**हिमाचल** में 4000 लोगों को डायरेक्ट और इनडायरेक्ट रोजगार मिलेगा। उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान की अध्यक्षता में दुबई गई उद्योग विभाग की टीम ने मंगलवार को 2400 करोड़ रुपए के निवेश को लेकर पांच कंपनियों के साथ एमओयू साइन किए।

उद्योग विभाग के निदेशक राकेश प्रजापति ने कंपनियों के साथ एमओयू साइन किए। बल्क ड्रग सेक्टर में सबसे ज्यादा 1100 करोड़, मेडिकल डिवाइस सेक्टर में 295 करोड़, पर्यटन और आयुष सेक्टर में 350, ग्रीन एनर्जी में 350 और हेल्थ केयर सेक्टर में 250 करोड़ रुपए के निवेश के एमओयू साइन किए गए। उद्योग मंत्री ने दुबई में विदेशी निवेशकों को ऊना और नालागढ़ में बल्क ड्रग फार्मा पार्क और मेडिकल डिवाइस पार्क की जानकारी दी। विदेशी निवेशकों के साथ उद्योग मंत्री ने सफल बिजनेस-टू-गवर्नमेंट (बी2जी) बैठकों की एक शृंखला में भाग लिया। हर्षवर्धन ने भारत सहित संयुक्त अरब अमीरात, जापान और अन्य देशों की कंपनियों का प्रतिनिधित्व करने वाले निवेशकों के साथ मुलाकात की और उन्हें हिमाचल प्रदेश में निवेश करने के लिए आमंत्रित किया। इस अवसर पर उद्योग विभाग के प्रधान सचिव आरडी नजीम, अतिरिक्त निदेशक तिलक राज शर्मा, पारस अरोड़ा आदि शामिल रहे।



दुबई में कंपनियों के साथ एमओयू साइन करते उद्योग मंत्री हर्षवर्धन।



# पहाड़ों पर बर्फबारी-मैदानों में बारिश

## मौसम ने बदली करवट, आठ जिलों में दो दिन भारी बारिश-बर्फबारी का ऑरेंज अलर्ट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**


चुवाड़ी जोत में सीजन की पहली बर्फबारी

हिमाचल में अब मौसम बिगड़ गया है। मौसम विभाग के अलर्ट के बीच मंगलवार दोपहर बाद अटल टनल रोहतांग के साउथ पोर्टल सहित चंबा के भरमौर, पांगी और मंडी में बर्फबारी का दौर शुरू हुआ। वहीं, मनाली, कांगड़ा के कुछ क्षेत्रों में हलकी बारिश हुई।

मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार मंगलवार रात एक बजे के बाद प्रदेश में ताजा पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होगा। इसके प्रभाव से 31 जनवरी व पहली फरवरी को मध्य व उच्च पर्वतीय जिलों चंबा, कुल्लू, मंडी, शिमला शहर सहित आसपास क्षेत्र, कांगड़ा, लाहौल-स्पीति, किन्नौर व सिरमौर के कई भागों में भारी बारिश-बर्फबारी का ऑरेंज अलर्ट जारी हुआ है। मैदानी व निचले क्षेत्रों में बारिश होने का पूर्वानुमान है। इसके अलावा कई मैदानी भागों में अंधड़ व बिजली चमकने का अलर्ट भी जारी हुआ है। हालांकि दो फरवरी को उच्च पर्वतीय एक-दो स्थानों को छोड़कर अन्य में मौसम साफ रहने के आसार हैं। वहीं, शिमला में न्यूनतम तापमान 4.2, संदरनगर 2.2, भुंतर 1.9, कल्पा -2.6, धर्मशाला 6.4, ऊना 4.2, नाहन 7.4, पालमपुर 3.5, सोलन 2.5, मनाली 1.1, कांगड़ा 5.0, मंडी 2.7, बिलासपुर 4.7, हमीरपुर 3.5, डलहौजी 3.7, जुब्बड़हट्टी 5.4, कुफरी 2.3, कुकुमसेरी -4.9, नारकंडा 0.4, भरमौर 3.7, रिकांगपिओ 0.3, सेऊबाग 2.0, धौलाकुआं 5.4, बरठीं 3.2, समदो -4.2, पांवटा साहिब 8.0, सराहन 2.5 और देहरागोपीपुर में 10.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

### स्थानीय लोगों व पर्यटकों के लिए एडवाइजरी जारी

**मौसम** के संबंध में जारी की गई किसी भी यातायात सलाह का पालन करें। संबंधित विभागों द्वारा जारी सलाह और दिशा-निर्देशों का पालन करें। अपने गंतव्य के लिए रवाना होने से पहले अपने मार्ग पर यातायात की जांच करें। बर्फबारी के प्रति संवेदनशील इलाकों का रुख न करें। तापमान कम होने के कारण पशुओं को घर के अंदर ही रखें, उन्हें रखने की पर्याप्त व्यवस्था करें। तापमान कम होने की स्थिति में मवेशियों के लिए कृत्रिम प्रकाश एवं तापन की पर्याप्त व्यवस्था करें

### सामान्य से 100 फीसदी कम हुई बारिश

**प्रदेश** में पहली से 30 जनवरी के दौरान सामान्य से 100 फीसदी कम बारिश दर्ज हुई है। प्रदेश के आठ जिलों बिलासपुर, हमीरपुर, कांगड़ा, किन्नौर, मंडी, सिरमौर, सोलन और ऊना में सामान्य से कम बादल बरसे हैं। शिमला, लाहौल-स्पीति, कुल्लू और चंबा में सामान्य से 99 फीसदी कम बारिश हुई है।

## हिमाचल में हेलि टैक्सी सेवाएं देने के लिए तीन कंपनियां आईं आगे

**शिमला।** हिमाचल में हेलि टैक्सी सेवाएं देने तीन कंपनियां आगे आई हैं। जानकारी के मुताबिक उड़ान-दो के तहत नॉन शेड्यूल फ्लाइट शुरू करने के लिए केंद्र उड्डयन मंत्रालय ने कंपनियों से आवेदन मांगे थे। कंपनियों ने चंडीगढ़ से पालमपुर, धर्मशाला, चंबा, किन्नौर, रिकांगपिओ तक हवाई सेवाएं देने की बात कही है। अब केंद्र सरकार की ओर से कंपनियों को रूट अवार्ड किए जाने हैं। हिमाचल में नवंबर से हेलि टैक्सी सेवाएं बंद हैं, जिस कंपनी को काम सौंपा था, उसका समय पूरा हो चुका है। सूत्र बताते हैं कि हवाई सेवाओं के लिए पवन हंस और ग्लोबल वैक्टरा जैसी नामी कंपनियां आगे आई हैं। ये सेवाएं चंडीगढ़-एक से पालमपुर, धर्मशाला और चंबा, चंडीगढ़ से बद्दी और रिकांगपिओ के बीच शुरू होंगी। वहीं, एक अन्य कंपनी ने धर्मशाला, पालमपुर, चंबा, रक्कड़ रूट के लिए अप्लाई किया है। शिमला शहर में संजौली और सोलन में बद्दी हेलिपोर्ट से भी सेवाएं शुरू की जाएंगी। राज्य सरकार ने चालू वित्त वर्ष के दौरान इन हेलिपोर्ट के निर्माण एवं विस्तारीकरण के लिए 30 करोड़ के बजट का प्रावधान किया है।

## 'सोंधी धरती, मीठा गुड़' फिल्म राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए चयनित

**अनंत ज्ञान, नाहन**


'सोंधी धरती, मीठा गुड़' के कलाकार।

जिला सिरमौर से संबंध रखने वाले राजकीय उच्च विद्यालय टोकियो के हेड मास्टर संजीव अत्री की फिल्म 'सोंधी धरती मीठा गुड़' को राष्ट्रीय कृषि फिल्म उत्सव में राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए चयनित किया गया है। यह फिल्म उत्सव भारत सरकार के राष्ट्रीय कृषि विस्तार प्रबंधन संस्थान द्वारा आयोजित किया जाता है। वर्ष 2023 के अगस्त माह में उत्सव के लिए नामांकन आमंत्रित किए गए थे। इस सप्ताह आयोजित फिल्म उत्सव में 134 फिल्मों में से संजीव अत्री की फिल्म सोंधी धरती मीठा गुड़ को श्रेष्ठ चयनित फिल्म प्रतियोगिता की श्रेणी में रखा गया है।

संजीव अत्री ने बताया की फिल्म सोंधी धरती मीठा को राष्ट्रिय पुरस्कार के लिए चयनित किया गया है। यह पुरस्कार 22 फरवरी को केंद्रीय कृषि संस्थान हैदराबाद में प्रदान किया जाएगा। उन्होंने कहा की फिल्म उत्सव के निर्देशक डॉक्टर शरद कुमार ने उन्हें इस आशय की सूचना दी। 23 मिनट अवधि की फिल्म सोंधी धरती मीठा गुड़ की पटकथा लेखन एवं निर्देशक उन्होंने स्वयं किया है। फिल्म में एक और जहां भारत की सांस्कृतिक विरासत के रूप में दर्शाती है, वहीं गुड़ की मौलिक स्वरूप जानने की कृषि तकनीक तथा जलवायु और उत्पादन के लिए विभिन्न पक्षों के साथ अच्छा बनाने की पारंपरिक एवं आधुनिक तकनीक को भी दर्शाया गया है। उन्होंने कहा कि यह फिल्म कृषि उत्पादन कृषि विषय पर आधारित है। संजीव अत्री ने इससे पूर्व भी कई फिल्मों का निर्देशन एवं निर्माण किया है तथा उनकी कई फिल्में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी ख्याति प्राप्त कर चुकी हैं।

### हैप्पी बर्थडे


भनवाड़ के सूरज को जन्मदिन पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से बधाई।


सुंदरनगर के कपिल और शीतल को जन्मदिन पर हार्दिक शुभकामनाएं।

### सालगिरह मुबारक


ठारू के उपदेश कुमार व दामिनी को शादी की सालगिरह पर हार्दिक बधाई।

### विधायक प्राथमिकताएं निर्धारित करने के लिए आयोजित बैठक में सीएम सुक्खू बोले- निर्माण कार्यों में तेजी लाने के लिए लोक निर्माण विभाग की टेंडर प्रक्रिया में किए बदलाव

# सरकार ने 51 से घटाकर 20 दिन की टेंडर अवधि

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**


विधायक दल की बैठक को संबोधित करते मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू।

दूसरे दिन के पहले सत्र में जिला कांगड़ा, किन्नौर तथा कुल्लू के विधायकों ने अपनी प्राथमिकताएं प्रस्तुत की। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार आमजन के कल्याण के लिए समर्पित भाव से कार्य कर रही है और समाज के सभी वर्गों के उत्थान के लिए अनेक योजनाएं आरंभ की गई हैं।

इस अवसर पर कृषि मंत्री चौधरी चंद्र कुमार, राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी, आयुष, खेल एवं युवा सेवाएं मंत्री यादविंदर गोमा, मुख्यमंत्री के प्रधान सलाहकार राम सुभग सिंह, अतिरिक्त मुख्य सचिव ओंकार चंद शर्मा, पुलिस महानिदेशक संजय कुंडू, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव भरत खेड़ा, प्रधान सचिव वित्त देवेश कुमार, योजना सलाहकार डॉ. बसु सूद सहित विभिन्न विभागों के प्रशासनिक सचिव, विभाग प्रमुख तथा संबंधित जिलों के उपायुक्त उपस्थित रहे। बैठक में नूरपुर के विधायक रणबीर सिंह ने अपने विधानसभा क्षेत्र में सड़कों के विस्तारीकरण का आग्रह किया। उन्होंने नशा माफिया पर लगाम लगाने पर भी सुझाव दिए। जसवां प्रागपुर से विधायक बिक्रम सिंह ने अपने चुनाव क्षेत्र में निर्माणाधीन पॉलीक्लीनिक का कार्य पूरा करने के लिए समुचित धन उपलब्ध करवाने की मांग की। ज्वालामुखी से विधायक संजय रतन ने मां ज्वालामुखी मंदिर का मास्टर प्लान बनाकर श्रद्धालुओं के लिए और अधिक सुविधाएं उपलब्ध करवाने का आग्रह किया। शाहपुर से विधायक केवल सिंह पठानिया ने क्षेत्र में लो-वोल्टेज की समस्या दूर करने तथा चंबी ग्राउंड के सुधार की मांग रखी। मनाली से विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने मनाली बाइपास सड़क के कार्य में तेजी लाने का आग्रह किया।

बंजार से विधायक सुरेंद्र शौरी ने एनएच-305 के सुदृढ़ीकरण की मांग की। वहीं आनी से विधायक लोकेंद्र कुमार ने सैंज-आनी सड़क के सुधारीकरण तथा श्रीखंड यात्रा को प्रोत्साहित करने का आग्रह किया।

### नशा व खनन माफिया पर कसी जाए नकेल

**इंदौरा** से विधायक मलेंद्र राजन ने अपने चुनाव क्षेत्र में मेडिकल कॉलेज खोलने, बसंतपुर स्कूल को स्कूल ऑफ एक्सीलेंस बनाने तथा नए शिक्षण संस्थान खोलने की बजाय पुराने संस्थानों को सुदृढ़ करने का आग्रह किया। उन्होंने नशा तथा खनन माफिया पर नकेल कसने के लिए जन भागीदारी सुनिश्चित करने पर भी बल दिया।

### कॉलेज व संयुक्त कार्यालय के कार्य को शीघ्र करें पूरा

**फतेहपुर** से विधायक भवानी सिंह पठानिया ने निर्माणाधीन कॉलेज तथा संयुक्त कार्यालय भवन फतेहपुर के कार्य को जल्द पूरा करने का आग्रह किया। देहरा से विधायक होशियार सिंह ने क्षेत्र में पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने तथा बेहतर वन प्रबंधन से आर्थिक संसाधन बढ़ाने का सुझाव दिया। उन्होंने इमारती लकड़ी पर आधारित उद्योग स्थापित करने तथा प्रदेश के मंदिरों में वीआईपी दर्शन पर्ची के माध्यम से राजस्व बढ़ाने का आग्रह किया।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**


विधायक प्राथमिकताएं निर्धारित करने के लिए आयोजित बैठक में उपस्थित विधायक।

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने वर्ष 2024-25 के लिए विधायक प्राथमिकताएं निर्धारित करने के लिए आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि वर्तमान प्रदेश सरकार ने पिछले एक वर्ष के कार्यकाल में कई महत्वाकांक्षी एवं एतिहासिक निर्णय लिए, जिनके सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। मंगलवार को दूसरे दिन अंतिम सत्र में जिला शिमला तथा मंडी के विधायकों की प्राथमिकताओं पर चर्चा की गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि निर्माण कार्यों में तेजी लाने के लिए लोक निर्माण विभाग की टेंडर प्रक्रिया में आवश्यक बदलाव किए गए हैं। अब टेंडर की अवधि 51 दिन से घटाकर 20 दिन की गई है। उन्होंने कहा कि अधूरे भवनों का कार्य पूर्ण करने के लिए बजट का समुचित प्रावधान किया जाएगा। इस दौरान जिला शिमला चौपाल से विधायक बलबीर वर्मा ने नेरवा बस डिपो शुरू करने तथा जल शक्ति विभाग के कार्यों में तेजी लाने का आग्रह किया। उन्होंने चौपाल क्षेत्र में पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने, छैला-चौपाल सड़क के सुधारीकरण कार्य में तेजी लाने तथा स्कूलों में पर्याप्त स्टाफ तैनात करने का आग्रह किया।

ठियोग से विधायक कुलदीप राठौर ने आपदा के दौरान बेहतर कार्यों के लिए राज्य सरकार के प्रयासों की सराहना की। रामपुर से विधायक नंद लाल ने रामपुर में बाइपास सड़क के सुचारू संचालन के लिए पुल निर्माण का आग्रह किया। उन्होंने आपदा के कारण विभिन्न गांवों में भू-धंसाव से प्रभावित परिवारों को घर बनाने के लिए उचित स्थान पर भूमि उपलब्ध करवाने की भी मांग की। करसोग विधानसभा क्षेत्र से विधायक दीप राज ने अपने चुनाव क्षेत्र में बिजली की समस्या को दूर करने तथा सेब उत्पादक क्षेत्रों में आपदा प्रभावित सड़कों को सुधारने का आग्रह किया। नाचन से विधायक विनोद कुमार ने अपने चुनाव क्षेत्र के शिक्षण संस्थानों में रिक्त पदों को शीघ्र भरने का आग्रह किया। बल्ह के विधायक इंद्र सिंह गांधी ने श्री लाल बहादुर शास्त्री चिकित्सा महाविद्यालय नेरचौक में विद्युत व्यवस्था बेहतर बनाने का आग्रह किया।

सरकाघाट विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिलीप ठाकुर ने सरकाघाट अस्पताल और अन्य स्वास्थ्य संस्थानों में पर्याप्त स्टाफ उपलब्ध करवाने का आग्रह किया।

### एफसीए व एफआरए केसों की समीक्षा बैठकों में विधायक बुलाने के निर्देश

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि वन स्वीकृतियों के मामलों में तेजी आई है। जिला स्तर पर आयोजित होने वाली एफसीए तथा एफआरए केसों की समीक्षा बैठकों में संबंधित विधायक को भी बुलाने के निर्देश दिए हैं। साथ ही राज्य सरकार ने विधायक निधि से भूमिगत केबल बिछाने तथा मुख्यमंत्री लोक भवन के निर्माण कार्य के लिए भी धन उपलब्ध करवाने का प्रावधान किया है।

## न्यूज ब्रीफ

### कर्मचारियों ने काले बिल्ले लगाकर किया काम



**शिमला।** आईजीएमसी में रेगुलर पे स्केल की मांग के समर्थन में आरकेएस कर्मचारी लेफ्ट आउट एम्पलाइज ने काले बिल्ले लगाकर सेवाएं दीं। आईजीएमसी व केएनएच के एम्पलाइज आगामी दो सप्ताह तक इसी तरह से रोष प्रकट करते हुए अपनी सेवाएं देंगे। मंगलवार को आईजीएमसी प्रशासन के साथ एक बैठक की गई, जिसमें डिप्टी एमएस डॉ. अमन मधाइक, प्रशासनिक अधिकारी डॉ. शोमिन धीमान व आईजीएमसी कर्मचारी यूनियन के प्रधान हरेंद्र मैहता उपस्थित रहे। इस विषय पर आश्वासन देते हुए प्रशासन ने आरकेएस कर्मचारी की मांगों को सरकार तक पहुंचाने का वादा किया और इन कर्मचारी की जायज मांगों को सरकार से जल्द से जल्द मंजूर करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर आरकेएस यूनियन के प्रधान अरविंद, महासचिव विनोद, वरिष्ठ प्रेस सचिव भानु, प्रेस सचिव सन्नी आदि उपस्थित रहे।

प्रदेश भर के विभिन्न स्कूलों से वर्ष 2024 में 318 प्रिंसिपल होंगे सेवानिवृत

### प्रदेशभर में आज 27 प्रिंसिपल होंगे सेवानिवृत्त

**शिमला।** प्रदेश भर के विभिन्न स्कूलों से इस वर्ष 318 प्रिंसिपल सेवानिवृत्त होने जा रहे हैं। वर्ष 2024 में राज्य के विभिन्न क्षेत्रों के स्कूलों में सेवाएं देने वाले प्रिंसिपल के सेवानिवृत्त होने की तिथियों के बारे में प्रदेश शिक्षा विभाग द्वारा सूची प्रदर्शित कर दी गई है। 31 जनवरी को प्रदेश भर से 27 प्रिंसिपल सेवानिवृत्त होंगे, जबकि फरवरी 2024 में 27 प्रिंसिपल सेवानिवृत्त होंगे। इसी तरह मार्च माह में 42 प्रिंसिपल सेवानिवृत्त होंगे। प्रदेश के विभिन्न स्कूलों से मई मास में 23, जून माह में 23, जुलाई माह में 19, अगस्त माह में 20, सितंबर माह में 15, इसी तरह अक्तूबर माह में 11, नवम्बर 16, दिसंबर में 29 प्रींसिपल सेवानिवृत्त होने जा रहे हैं। शिक्षा विभाग में 318 स्कूल प्रिंसिपल के सेवानिवृत्त होने से जहां स्कूलों में नए शिक्षकों की भर्ती के लिए रास्ते खुलेंगे, वहीं पर स्कूलों में शिक्षकों की कमी भी होगी।

### 402 ग्राम चरस के साथ दो गिरफ्तार



**करसोग।** पुलिस ने चैकिंग के दौरान दो मादक पदार्थ तस्करों से 402 ग्राम चरस बरामद की है। आरोपी का चालान करके उसे हिरासत भेज दिया गया है। मुख्य आरक्षी रूपेन कुमार पुलिस टीम के साथ में चिंडी क्षेत्र में ट्रैफिक चैकिंग कर रहे थे। इसी दौरान पुलिस टीम ने लोक निर्माण विभाग के रेस्ट हाउस से 100 मीटर आगे चिंडी की तरफ से एक गाड़ी स्विफ्ट कार (एचपी 30ए 1916) आई, जिसमें दो व्यक्ति बैठे हुए थे, जैसे ही पुलिस टीम ने उनकी तलाशी ली, तो दोनों व्यक्तियों से 402 ग्राम मादक पदार्थ चरस बरामद की गई। आरोपियों की पहचान महेश्वर दत्त गांव बणौण डाकघर जससल तहसील करसोग और सेवानंद पुत्र धनीराम गांव जमणू डॉ. बैहली तहसील करसोग के रूप में हुई है। वहीं, डीएसपी करसोग गीतांजलि ठाकुर ने खबर की पुष्टि की है।

### भालुओं के जोड़े ने युवक को किया जख्मी

**कुल्लू ।** कुल्लू जिले की कराड़सू पंचायत के नजदीक गावं भड़ोगी में भालुओं ने एक युवक पर हमला कर दिया। जानकारी के अनुसार वामतट में बसे गावं भड़ोगी में सोमवार को एक युवक पर भालुओं के जोड़े ने अचानक हमला कर लहूलुहान कर दिया। उक्त 25 वर्षीय युवक दिन के समय में अपने बगीचे में काम कर रहा था और ऐसे में अचानक से हुए भालुओं के हमले से युवक को न तो संभलने का मौका मिला और न ही भागने का। भालुओं ने युवक पर नाखून और दांतों से हमला किया, जिस कारण युवक के पूरे शरीर पर जख्मों के निशान हैं और सबसे ज्यादा भालुओं ने युवक के सिर पर चोट पहुंचाई है। इस दौरान स्थानीय महिला जिसने युवक पर हो रहे भालुओं के हमले को देखा तो उसने तुरंत शोर मचा कर भालुओं को वहां से भागने पर मजबूर कर दिया। इसके बाद स्थानीय लोगों ने युवक को कुल्लू जिला के क्षेत्रीय अस्पताल में पहुंचाया।

## निजी कंपनी पर हाइजीन तकनीक चुराने का आरोप

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश के एक उद्यमी ने यूएसए की एक निजी कंपनी पर हाइजीन तकनीक चुराने का आरोप लगाया है। शिमला में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान हिमाचल के उद्यमी राजीव राय सचदेवा के कहा कि इस मामले में ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट कंडाघाट के आदेशों के बाद कंडाघाट थाने में एफआईआर की गई है।

हिमाचल के उद्यमी राजीव राय सचदेवा का कहना है कि उन्होंने आईआईटी के टेक्सटाइल टेक्नोलॉजी विभाग के टेक्सटाइल टेक्नोलॉजिस्ट के साथ तकनीकी सहयोग से भारत की कुछ शीर्ष टेक्सटाइल कंपनियों, ग्रामीण टेक्सटाइल समूहों में व्यापक अनुसंधान एवं विकास विकास के साथ अपने युवावस्था के 23 साल से अधिक समय बिताने के बाद एनलिवेन नामक विघटनकारी, पेटेंट, ग्रीन टेक्नोलॉजी विकसित की है। दिल्ली, जहां कंपनी 39 महीनों के लिए स्थापित की गई थी और शिमला में हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के बायोटेक विभाग के साथ औपचारिक सहयोग के साथ, व्यापक हर्बल स्वच्छता फंक्शन के साथ वास्तव में टिकाऊ कपड़ा उत्पाद बनाने की दृष्टि से उन्होंने अद्वितीय आविष्कार किया है। उन्होंने बताया कि यूएसए की निजी कंपनी ने उनसे उनका अविष्कार चुरा लिया। कंपनी अब उनके फार्मूले को अब अपने उत्पादों में प्रयोग कर रही हैं।


पालमपुर थाना के तहत पकड़ी गई अवैध अंग्रेजी व देसी शराब की खेप मंगलवार को आबकारी एवं कराधान विभाग के अधिकारियों की देखरेख में नष्ट की गई। जानकारी के अनुसार राज्य अतिरिक्त कमीशनर आबकारी एवं कराधान डॉ. ओपी यादव व विनय कुमार की देखरेख में 18 पेटी अंग्रेजी व 218 पेटी देसी शराब पुलिस ने नष्ट की। इसकी पुष्टि डीएसपी कांगड़ा वीर बहादुर ने की है।

### लोगों ने भागकर बचाई जान, छह घंटे ठप रहा यातायात

## चंडीगढ़-मनाली नेशनल हाई-वे पर रायसन के पास दरकी पहाड़ी

**मोहन कपूर, पतलीकूहल**



चंडीगढ़-मनाली नेशनल हाई-वे पर रायसन के पास पहाड़ी से भू-स्खलन हुआ है। मंगलवार सुबह सात बजे और उसके बाद करीब 11 बजे फिर से इस पहाड़ी से एनएच पर भारी मात्रा में मलबा और चट्टानें गिरीं।

इस दौरान लोगों ने भाग कर जान बचाई। इस मार्ग में आने-जाने वाले यात्रियों को भी काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। प्रशासन और पुलिस ने यातायात को वाम तट से डायवर्ट कर दिया है। हालांकि कुछ समय बाद इसे यातायात के लिए बहाल किया गया, परंतु दोपहर बाद एक बार फिर पहाड़ी से भारी मात्रा में मलबा और पत्थर गिर गए। ऐसे में करीब सात घंटे तक यह मार्ग यातायात के लिए बंद रहा। स्थानीय निवासियों राज कुमार, कर्म चंद, महिंद्र सिंह, राजीव, हुकम राम, राहुल, मनोज कुमार, मोहन लाल ने बताया कि बरसात के समय भी इस जगह के आसपास की सारी सड़क ब्यास नदी की बाढ़ में बह गई थी और उससे पहले और आज तक इस स्थान पर पहाड़ी से पत्थर गिरते ही रहते हैं। उधर, एसडीएम कुल्लू विकास शुक्ला ने कहा कि रायसन कैंपिंग साइट के पास पहाड़ी दरकने से सड़क बंद हो गई है, जिस की सूचना एनएचएआई के अधिकारियों को दे दी गई है। (अनंत ज्ञान)

**तैयारी** कुल्लू में पहली बार होगा राष्ट्रीय साहित्य उत्सव, अटल सदन में 28 फरवरी को होगा आयोजन

# कुल्लू में जुटेंगे देशभर के साहित्यकार, पर्यावरणविद्, फिल्मकार

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**



कुल्लू में आयोजित होने जा रहे साहित्य उत्सव-2024 को लेकर जानकारी देते उत्सव समिति के सदस्य।

कुल्लू में पहली बार साहित्य उत्सव-2024 का आयोजन होने जा रहा है। 28 फरवरी से पहली मार्च तक आयोजित होने वाले राष्ट्रीय स्तरीय इस साहित्य उत्सव का मुख्य उद्देश्य हिमाचल जैसे दूर-दराज के क्षेत्र में नई पहाड़ी पौध (युवा पीढ़ी) में पठन-पाठन तथा साहित्य के प्रति रुचि पैदा करना है, ताकि विद्यार्थियों और साहित्य प्रेमियों में स्त्री, जाति, लोकतंत्र, पर्यावरण, आदिवासी विमर्शों पर दृष्टि विकसित हो सके।

इस उत्सव के आयोजन की तैयारियों को लेकर उत्सव कोर समिति के सदस्य एवं वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. निरंजन देव ने अटल सदन में आयोजित पत्रकारवार्ता के माध्यम से बताया कि कुल्लू साहित्य उत्सव-2024 का शुभारंभ 28 फरवरी को जिला मुख्यालय कुल्लू स्थित ढालपुर के देवसदन सभागार में होगा। इस साहित्य उत्सव में जहां देश के वरिष्ठ एवं स्थापित साहित्यकार, पर्यावरणविद्, पत्रकार एवं फिल्मकार विभिन्न समसामयिक विषयों पर अपना वक्तव्य देंगे, वहीं नवोदित कवि-लेखक एवं रंगकर्मियों द्वारा विचारों का आदान-प्रदान किया जाएगा। डॉ. निरंजन देव ने बताया कि कुल्लू साहित्य उत्सव का आयोजन हिमतरु प्रकाशन समिति, कुल्लू द्वारा भाषा संस्कृति विभाग, हिमाचल प्रदेश के सहयोग से किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 28 फरवरी से पहली मार्च तक देवसदन में आयोजित होने वाले इस साहित्य उत्सव में मुख्यत: 11 वक्ताओं को आमंत्रित किया गया है, जिनमें देश के प्रतिष्ठित वरिष्ठ साहित्यकार उदय प्रकाश, पहाड़ पत्रिका के संपादक एवं पर्यावरणविद्-साहित्यकार शेखर पाठक, ख्यातिप्राप्त वरिष्ठ पत्रकार एवं संपादक ओम थानवी, वरिष्ठ साहित्यकार एवं दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रोफेसर एवं विचारक बजरंग बिहारी तिवारी, डॉ. स्नेहलता नेगी तथा डॉ. नीलम, जामिया मिलिया इस्लामिया की प्रोफसर एवं विचारक डॉ. हेमलता महीश्वर फिल्मकार एवं प्रकाशक संजय जोशी, भारतीय आदिवासी लेखिका एवं कवयित्री वंदना टेटे, युवा एवं चर्चित कवि अनुज लुगुन तथा गीत चतुर्वेदी तथा साहित्य, दलित विमर्श, स्त्री विमर्श, पर्यावरण, आदिवासी विमर्श तथा साहित्य एवं सिनेमा के अंतरसंबंधों पर अपना वक्तव्य देंगे। उन्होंने बताया कि 28 व 29 फरवरी को विचार-गोष्ठी एवं कवि-सम्मेलन, जबकि पहली मार्च को स्थानीय भ्रमण के दौरान कविता, कहानी तथा विमर्शों को लेकर पत्र प्रस्तुतीकरण एवं अनौपचारिक बातचीत होगी। हिमाचल से बाहर से आमंत्रित वक्ताओं के अतिरिक्त हिमाचल प्रदेश के कवि-लेखकों को भी विशेष तौर पर आमंत्रित किया गया है। उन्होंने इस उत्सव के सफल आयोजन को लेकर कुल्लू के तमाम साहित्य, कला एवं संस्कृति, पर्यावरण एवं रंगमंच प्रेमियों से सहयोग की अपील की है। इस दौरान हिमतरु के सचिव एवं कुल्लू साहित्य उत्सव के समन्वयक किशन श्रीमान, कुल्लू साहित्य उत्सव प्रेस कमेटी के प्रभारी रमेश पठानिया तथा कुल्लू साहित्य उत्सव समिति के अन्य सदस्यों में रेखा, ललित, अनुरंजनी तथा पूजा भी मौजूद रही। (अनंत ज्ञान)

**अनुभवी स्टाफ चाहिए**

प्रदेश के उभरते मीडिया ग्रुप 'अनंत ज्ञान' को हिमाचल में संपादकीय, डिजिटल मीडिया, मार्केटिंग और सर्कुलेशन विभाग में अनुभवी स्टाफ चाहिए। वेतन योग्यतानुसार।

'अनंत ज्ञान' को प्रदेश में 100 जुझारू और ऊर्जावान युवाओं की जरूरत है। न्यूनतम योग्यता आठवीं पास हो। आवेदन जल्द से जल्द करें।

अपने सीवी भेजें

मोबाइल नंबर: 8894521702

ई-मेल anantgyaanadm@gmail.com

**बर्थडे और सालगिरह के फोटो भेजें**

**बर्थडे** हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 8580644502 पर भेजें।

## महात्मा गांधी का सत्य और अहिंसा का संदेश आज भी अधिक प्रासंगिक: शिव प्रताप शुक्ल

# राज्यपाल और सीएम ने पुण्यतिथि पर महात्मा गांधी को दी श्रद्धांजलि

**अनंत ज्ञान, शिमला**

शहीद दिवस के अवसर पर मंगलवार को राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल और मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को शिमला में रिज मैदान पर स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित किए। इस मौके पर राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने कहा कि महात्मा गांधी ने अहिंसा के पथ पर चलकर भारत को स्वतंत्रता दिलाई। संपूर्ण राष्ट्र कृतज्ञ भाव से आज उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है।

उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी का सत्य और अहिंसा का संदेश वर्तमान में और अधिक प्रासंगिक है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रपिता के नेतृत्व में पूरा देश एकजुट हो गया और अहिंसा का मार्ग चुनते हुए समर्पित प्रयासों से उन्होंने भारत को स्वतंत्रता दिलाने में उल्लेखनीय भूमिका निभाई। उन्होंने राष्ट्रपिता के आदर्शों से प्रेरणा लेने और गांधी के सिद्धांतों को जीवन में आत्मसात करने का आह्वान करते हुए कहा कि यही महात्मा गांधी के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस अवसर पर दो मिनट का मौन रखा गया तथा देशभक्ति के गीत एवं भजन भी प्रस्तुत किए। इस मौके पर राजस्व एवं बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी, शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर, युवा सेवाएं एवं खेल मंत्री यादविंद्र गोमा, सांसद एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह, मुख्य संसदीय सचिव सुंदर सिंह ठाकुर, विधायक कुलदीप सिंह राठौर, वन विकास निगम के अध्यक्ष केहर सिंह खाची, नगर निगम शिमला के महापौर सुरेंद्र चौहान, मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा, उपमहापौर उमा कौशल, उपायुक्त आदित्य नेगी, सूचना एवं जन संपर्क विभाग के निदेशक राजीव कुमार, नगर निगम शिमला के आयुक्त भूपेंद्र कुमार अत्री, विद्यार्थी और अन्य गणमान्य लोग इस अवसर पर उपस्थित थे।



शहीद दिवस के अवसर पर रिज मैदान पर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि देने पहुंचे राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल, सीएम सुक्खू व अन्य पदाधिकारी।



शहीद दिवस के अवसर पर महात्मा गांधी को श्रद्धासुमन अर्पित करते सीएम सुक्खू।

## वंदे भारत रेल गाड़ियों के लिए पठानकोट में हो स्टॉप

**पालमपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री मंत्री शांता कुमार ने केंद्रीय रेल मंत्री को बधाई देते हुए कहा है कि उनके नेतृत्व में पूरा देश रेल यातायात में प्रगति कर रहा है। आधुनिक सुविधा से परिपूर्ण कुछ नई रेल गाड़ियां यात्रियों को बहुत अधिक लाभदायक सिद्ध हो रही हैं। पहाड़ी प्रदेश हिमाचल को रेलवे सुविधा से जोड़ने वाला स्थान केवल पंजाब का पठानकोट है। लगभग पूरा हिमाचल उसी स्थान से पूरे देश के लिए रेल सुविधा प्राप्त करता है। रेल मंत्रालय ने दो नई वंदे भारत रेल गाड़ियां दिल्ली से जम्मू के लिए प्रारंभ की हैं।



दिल्ली में हिमाचल के लाखों लोग रहते हैं। उनका इन्हीं गाड़ियों से आना-जाना होता है, परंतु गाड़ियों का पठानकोट स्टेशन पर ठहराव न होने के कारण ऐसे सभी यात्रियों को आगे-पीछे चढ़ना-उतरना पड़ता है, जिससे उन्हें बड़ी असुविधा होती है। शांता कुमार ने कहा कि धर्मशाला में कई वर्षों से विश्व के सबसे अधिक सम्मानित धार्मिक नेता दलाईलामा का निवास है। विश्व के बहुत से देशों से लोग उनके दर्शन करने और उनसे शिक्षा प्राप्त करने के लिए धर्मशाला आते हैं। ऐसे श्रद्धालुओं के लिए भी रेल गाड़ियों का पठानकोट में रुकना बहुत आवश्यक है। इसके साथ ही हिमाचल का एकमात्र बड़ा उद्योग पर्यटन इसी बात पर निर्भर करता है और हिमाचल आने वाले देश-विदेश के पर्यटक भी पठानकोट उतरना चाहते हैं। उन्होंने रेल मंत्री को पत्र लिख कर आग्रह किया है कि इन दोनों रेल गाड़ियों का एक ठहराव पठानकोट में बनाना बहुत आवश्यक है।

## केंद्र से हक लेना आता है और लेकर रहेंगे: मुकेश अग्निहोत्री

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**



उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि हिमाचल प्रदेश सरकार केंद्र से अपना हक लेना जानती है और जल्द उचित माध्यम से बात रखी जाएगी। प्रदेश सरकार समाज में परिवर्तन व क्रांति लाने के एजेंडे पर कार्य कर रही है। उपमुख्यमंत्री मंगलवार को कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के बसाल में आयोजित सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम में जनता को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि जयराम ठाकुर और अनुराग ठाकुर के हिमाचल सरकार को नीचा दिखाने के प्रयास कभी सफल नहीं होंगे। हिमाचल की सरकार मजबूत है और इस सरकार को तोड़ने का सपना देखने वाले भूल जाएं। राज्य सरकार वोट की राजनीति से ऊपर उठकर गरीब कल्याण की सेवा व जिला के संतुलित विकास के एजेंडे पर कार्य कर रही है। ऊना जिला में पानी की समस्याओं का स्थायी रूप से हल करने के लिए पूरे जिले में करोड़ों रुपए पानी की स्कीमों पर खर्च किए जा रहे हैं। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि मात्र कांग्रेस सरकार ऐसी है, जो पुरानी पेंशन बहाल कर रही है और कर्मचारी हितैषी है। हजारों बेरोजगार युवाओं को सरकारी क्षेत्र में रोजगार दिए जाएंगे इसके लिए प्रक्रिया चल रही है। कांग्रेस पार्टी ने लोगों से जो भी वादे किए हैं, उन्हें पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में जल शक्ति विभाग के तहत दस हजार नई भर्तियां की जाएंगी। पानी की प्रत्येक स्कीम पर विभाग के कर्मी नियुक्त किए जाएंगे। एचआरटीसी विभाग में 350 कंडक्टर व 350 चालकों की भी भर्तियां की जाएंगी। इसके साथ ही दर्शन सेवा योजना के तहत 175 रूटों पर नई बसें चलाई जाएंगी। प्रत्येक धार्मिक स्थल के लिए दर्शन सेवा के लिए स्पेशल बसें चलाई जाएंगी। हरिद्वार के लिए 50 बसें और अयोध्या के लिए छह स्पेशल बसें चलाई जाएंगी। इसके अतिरिक्त उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी धार्मिक स्थलों का सौंदर्यीकरण व जीर्णोद्धार किया जाएगा। उन्होंने बताया कि चिंतपूर्णी व बिजली महादेव, बाबा बालक नाथ में रोप-वे स्थापित किए जाएंगे, ताकि लोगों को मंदिर तक जाने के लिए आसानी हो।

# राज्य में स्क्रैप पॉलिसी के तहत अब 20 फरवरी तक होंगे आवेदन

### बेरोजगार युवा, पंजीकृत सोसायटी, ट्रस्ट, फर्म या कंपनियां कर सकती हैं अप्लाई


**जय ठाकुर, शिमला**

हिमाचल में 15 साल पुराने वाहन स्क्रैप पॉलिसी के तहत अब स्क्रैप भी होंगे। इसके लिए सरकार व परिवहन विभाग द्वारा करीब दो माह से तैयारियां शुरू की हैं। पॉलिसी के तहत 15 साल पुराने वाहनों को स्क्रैप करने के लिए प्रदेश के हर एक जिले में लोगों को सुविधा मिलेगी और इसके लिए पंजीकृत वाहन स्क्रैपिंग केंद्र खोले जाएंगे, जिसके लिए पंजीकृत सोसायटी, ट्रस्ट, फर्म या कंपनी वाहन स्क्रैप करने लिए आवेदन कर सकते हैं।

**▶ हर जिले में पंजीकृत वाहन स्क्रैपिंग केंद्रों में मिलेगी सुविधा**

वाहनों को स्क्रैप करने के लिए परिवहन विभाग ने आवेदन भी मांगे हैं। यह आवेदन प्रक्रिया 18 दिसंबर से शुरू की गई थी और 31 जनवरी तक परिवहन निदेशक कार्यालय में इसके लिए आवेदन मांगे गए थे। अब इन आवेदनों की तिथि को परिवहन भाग द्वारा बढ़ाया गया है। अब 20 फरवरी शाम पांच बजे तक वाहनों को स्क्रैप करने लिए बेरोजगार युवाओं सहित पंजीकृत सोसायटी, ट्रस्ट, फर्म या कंपनी भी आवेदन कर सकती है। (अनंत ज्ञान)

### स्क्रैप होने पर वाहनों के पार्ट नहीं हो सकेंगे इस्तेमाल



**केंद्र** सरकार द्वारा वाहन स्क्रैप पॉलिसी लाई गई है। वहीं, हिमाचल में भी यह पॉलिसी बनाई गई है। सरकार का तर्क है कि पुरानी हो चुकी गाड़ियों को लोग बेच देते हैं। एक समय में गाड़ी पुरानी हो जाती है और कबाड़ बन जाती है, लेकिन इनके पार्ट मेकेनिक खोल कर प्रयोग करते रहते हैं और यह इस्तेमाल चलता रहता है। वहीं, ऐसा करने से सरकार की पुराने वाहनों को खत्म करने की जो मंशा है वह पूरी नहीं होती। ऐसे में अब वाहनों के स्क्रैप होने से यह पुराने पार्ट का प्रयोग भी नहीं हो सकेगा।

### नई गाड़ी की खरीद पर पंजीकरण में छूट देगी सरकार

**पर्यावरण** संरक्षण की दिशा में प्रदेश सरकार ने अहम कदम उठाया है। सरकारी विभागों, बोर्ड व निगमों में 15 साल की आयु पूरे कर चुके वाहनों को स्क्रैप यानी कबाड़ किया जाएगा। वहीं, यदि कोई व्यक्ति भी अपने पुराने निजी वाहन को स्क्रैप करता है तो सरकार उसे नई गाड़ी खरीदने पर 25 से 50 प्रतिशत तक पंजीकरण में छूट देगी।

### आवेदनों की छंटनी करेगा परिवहन विभाग

**परिवहन** विभाग द्वारा शर्तें पूरी करने वाले आवेदकों की पहले छटनी की जाएगी इसके बाद कारोबार शुरू करने की अनुमति दी जाएगी। केंद्रीय परिवहन मंत्रालय के निर्देशों पर प्रदेश सरकार ने स्क्रैप पॉलिसी तैयार की है। पुरानी गाड़ियों के कारण होने वाले पर्यावरण प्रदूषण को रोकने के लिए यह पॉलिसी लाई गई है। राज्य सरकार ने 31 मार्च, 2026 तक प्रदेश को हरित ऊर्जा राज्य में बदलने का लक्ष्य तय किया है।

## मैंने कभी नहीं की ऑपरेशन लोटस की बात: डॉ. बिंदल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**▶ भाजपा प्रदेशाध्यक्ष बोले- अपने भार से गिरेगी कांग्रेस सरकार**

**▶ कहा- भगवान राम चंदन या हल्दी नहीं सनातन धर्म की आस्था का प्रतीक हैं**



प्रेस वार्ता के दौरान जब भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल से सवाल किया गया कि भाजपा भले ही प्रदेश में ऑपरेशन लोटस की बात कहती हो, लेकिन समीकरण इसके पक्ष में नहीं दिखते। इस पर उन्होंने कहा कि भाजपा ने कभी भी ऑपरेशन लोटस की बात उन्होंने नहीं कही।

यहां बताते चलें कि 25 सीटों वाली भाजपा के लिए यहां 40 सीटों वाली कांग्रेस सरकार को चुनौती देना मुमकिन नहीं लगता। हाल ही में नगर निगम धर्मशाला के चुनावों में संख्या बल होने के बावजूद भाजपा के मेयर पद गंवाने के बारे पूछे गए सवाल पर बिंदल ने कहा कि आगे देखिए, भविष्य देखिए तथा अतीत को भूल जाइए। केंद्र सरकार के प्रदेश सरकार की मदद न करने के सवाल पर बिंदल ने कहा कि कांग्रेस के एक नेता ने तो गत रोज यह कह दिया कि भगवान राम भाजपा के पेटेंट नहीं हैं। उन्होंने कहा कि भगवान राम चंदन या हल्दी नहीं हैं, बल्कि सनातन धर्म की आस्था का प्रतीक हैं। ऐसे में कांग्रेस के नेताओं के बारे में कुछ भी नहीं कहा जा सकता।

उन्होंने कहा कि 1763 करोड़ रुपए आपदा के दौरान केंद्र से प्रदेश सरकार को आया। केंद्र के बजट पर कांग्रेस भले ही अपना लेबल चिपकाए, लेकिन केंद्र को बदनाम न करे।

एयरपोर्ट के विस्तारकरण पर पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि यह बहुत बढ़िया योजना है तथा इससे प्रदेश में टूरिज्म बढ़ेगा। लिहाजा सवाल-जवाब के दौर में बिंदल को पत्रकारों के तीखे सवालों का सामना करना पड़ा।

## अनुराग ठाकुर ने नादौन में कार्यकर्ताओं में भरा जोश

### कहा- घर-घर पहुंचाएं केंद्र सरकार की कल्याणकारी नीतियां और योजनाएं

**शशि सोनल, नादौन**

नादौन विधानसभा क्षेत्र के मालग सेक्टर की संगठनात्मक बैठक पनसाई में हुई, जिसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र पठानिया ने की। बैठक में केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर और पूर्व विधायक विजय अग्निहोत्री विशेष रूप से उपस्थित रहे।

केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने अगामी लोक सभा चुनावों को लेकर कार्यकर्ताओं का मार्ग दर्शन करते हुए कहा कि केंद्र की मोदी सरकार की नीतियों व योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाएं और तीसरी बार नरेंद्र भाई मोदी को प्रधानमंत्री बनाने के लिए एक जुट होकर कार्य करें। केवल भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है, जिसने हर वर्ग के हित में कार्य किया है और देश का गौरव बढ़ाया है। उन्होंने कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं के पास मतदाताओं को बताने के लिए बहुत कुछ है। उन्होंने कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाया। इस अवसर पर नादौन के पूर्व विधायक विजय अग्निहोत्री ने कहा कि केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर के माध्यम से नादौन विधानसभा क्षेत्र में करोड़ों रुपए के विकास कार्य हुए हैं। इस मौके पर भाजपा के जिला अध्यक्ष देशराज शर्मा ने पार्टी के आगामी कार्यक्रमों के बारे में विस्तृत जानकारी दी और प्रत्येक कार्यकर्ता को चुनाव तक महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का अह्वान किया। मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र पठानिया ने सभी कार्यकर्ताओं और अनुराग ठाकुर, विजय अग्निहोत्री का स्वागत अभिनंदन किया और पार्टी द्वारा पूर्व में चलाए गए कार्यक्रमों की जानकारी दी। भाजपा के मण्डल मीडिया प्रभारी राजेश रिंकू ने बताया कि इस अवसर पर अनुराग ठाकुर ने लोगों की समस्याओं को भी सुना तथा उनका निवारण भी किया।

इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष देशराज शर्मा, भाजपा जिला महामंत्री राकेश ठाकुर, जिला महामंत्री अजय रिंटू, मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र पठानिया, मंडल महामंत्री अजमेल वर्मा, सुरेंद्र शर्मा, जिला उपाध्यक्ष हरदयाल सिंह ठाकुर, बीडीसी अध्यक्ष कमल दत्त शर्मा, जिला युवा मोर्चा अध्यक्ष कपिल शार्मा, पार्लियामेंट्री आईटी प्रभारी जग सिंह ठाकुर के अलावा सभी मोर्चा के अध्यक्ष महामंत्री मालग सेक्टर के त्रिदेव और भारतीय जनता पार्टी के सभी वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)



नादौन के पनसाई में पहुंचने पर अनुराग ठाकुर का स्वागत करते कार्यकर्ता।

## राहुल गांधी को कोसने के लिए हमीरपुर आते हैं अनुराग: कौशल

**हमीरपुर।** हिमाचल कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता प्रेम कौशल ने कहा है कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी देश को जोड़ने के लिए इन दिनों देश की यात्रा पर हैं, लेकिन भाजपा की राजनीति बेहद नकारात्मकता पर आधारित हो गई है। उन्होंने कहा कि भाजपा नेताओं को आड़े हाथों लिया और कहा कि भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल यह बताएं कि प्रदेश में जब जयराम सरकार थी, केंद्र में भाजपा की सरकार थी तो उस डबल इंजन की सरकार ने हिमाचल को क्या दिया। उन्होंने केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर पर भी हमला बोला और कहा कि अनुराग ठाकुर हमेशा अपने इस क्षेत्र में पहुंचकर राहुल गांधी को कोसने में समय लगाते हैं, जनता के हित की बात नहीं करते।

## हिमाचल में अपनी ही सरकार से खफा प्रतिभा सिंह, सीएम सुक्खू को दी नसीहत

**अनंत ज्ञान, शिमला**

हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस सरकार व संगठन में एक बार फिर मनमुटाव के हालात दिख रहे हैं। हिमाचल प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह अपनी ही सरकार से नाखुश है। उन्होंने सुक्खू सरकार पर संगठन को नजरअंदाज करने के आरोप लगाए हैं। मंगलवार को कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा सिंह पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत कर रही थीं।

प्रतिभा सिंह ने कहा है कि सत्तारुढ़ कांग्रेस में संगठन से जुड़े लोगों की अनदेखी नहीं होनी चाहिए। उनका कहना है कि सरकार में समर्पित कार्यकर्ताओं को तरजीह नहीं मिल रहा है और इससे कार्यकर्ताओं का मनोबल गिर रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री सुक्खू को सलाह देते हुए कहा है कि संगठन के लोगों को नजरअंदाज न किया जाए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को सत्ता में लाने के लिए कार्यकर्ताओं ने दिन-रात मेहनत की है, जिन्हें सरकार में अधिमान दिया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री से कई बार इसको लेकर कहा भी गया है, जिसे गंभीरता से लेने की जरूरत है।

### राज्यसभा की सीट पर जा सकती हैं सोनिया या प्रियंका गांधी



**हिमाचल** प्रदेश से राज्यसभा की खाली हो रही एक सीट पर 27 फरवरी को चुनाव होना है। प्रदेश में कांग्रेस की सरकार है, ऐसे में सोनिया गांधी या प्रियंका गांधी को इस सीट से राज्यसभा में जानें की चर्चाएं हो रही हैं। इस पर प्रतिभा सिंह ने कहा है कि सोनिया या प्रियंका गांधी चाहें तो हिमाचल प्रदेश से सांसद के रूप में राज्यसभा जा सकती हैं। दोनों नेताओं से मंत्रणा के बाद इस पर अंतिम निर्णय लिया जाएगा। वहीं, केंद्रीय बजट को लेकर भी प्रतिभा सिंह ने कहा कि हिमाचल प्रदेश के साथ केंद्र सरकार सौतेला व्यवहार कर रही है, पिछले वर्ष के बजट में भी हिमाचल को अपेक्षाओं के अनुरूप बजट प्रावधान नहीं हुआ। आपदा में भी केंद्र ने प्रदेश को मदद नहीं की, जबकि 12 हजार करोड़ का नुकसान प्रदेश को हुआ है।

## सुक्खू सरकार ने 30 विकास खंड अधिकारियों के किए तबादले

**शिमला।** प्रदेश सरकार ने 30 विकास खंड अधिकारियों को इधर से उधर किया है। ग्रामीण विकास विभाग के सचिव प्रियतू मंडल किए हैं। इनमें प्रोजेक्ट डायरेक्टर एवं पीओ डीआरडीए चंबा ओम प्रकाश को इसी पद पर सोलन, प्रोजेक्ट डायरेक्टर एवं पीओ डीआरडीए अस्मिता को इसी पद पर कांगड़ा में तैनाती दी गई। प्रोजेक्ट डायरेक्टर एवं पीओ डीआरडीए चंद्रवीर को इसी पद पर हमीरपुर, बीडीओ भरमौर अनिल को बीडीओ बालीचौकी, बीडीओ कांगड़ा तलविंदर को बीडीओ गगरेट, बीडीओ कांगड़ा राकेश को बीडीओ द्रंग में तैनाती दी गई। वहीं, बीडीओ द्रंग विनय को बीडीओ बैजनाथ, बीडीओ लंबागांव सिकंदर को बीडीओ बमसन, बीडीओ बमसन हरि चंद को बीडीओ लंबागांव, बीडीओ प्रागपुर वीरेंद्र को बीडीओ हरोली, बीडीओ हरोली मुकेश को बीडीओ परागपुर, बीडीओ रैत को बीडीओ सलूणी, बीडीओ सलूणी महेश को बीडीओ रैत, बीडीओ नगरोटा सूरियां श्याम सिंह को बीडीओ मंडी सदर, बीडीओ मंडी सदर चेतराम को बीडीओ नगरोटा सूरियां, बीडीओ बंजार केहर सिंह को बीडीओ बल्ह, बीडीओ बल्ह बशीर को बीडीओ नगरोटा सूरियां, बीडीओ भुंतर नैयो धैर्य शर्मा को बीडीओ नालागढ़, बीडीओ नालागढ़ गौरव को बीडीओ भुंतर, बीडीओ धनौटू मान सिंह को बीडीओ बंजार, बीडीओ कुल्लू केसर सिंह को बीडीओ पंचरुखी, बीडीओ मशोबरा अंकित को रूरल डिवेलपमेंट डिपार्टमेंट मुख्य कार्यालय शिमला में तैनाती दी गई। बीडीओ नारकंडा जगदीप बीडीओ धर्मपुर, बीडीओ बसंतपुर स्पर्श को बीडीओ चुराग, बीडीओ जुब्बल कर्ण सिंह को बीडीओ पांवटा साहिब, बीडीओ बंगाणा सुरेंद्र को बीडीओ फतेहपुर, बीडीओ फतेहपुर सुभाष को बीडीओ बंगाणा, बीडीओ नूरपुर सुषमा को बीडीओ धनौटू, बीडीओ नगरोटा बगवां राजेश को बीडीओ कांगड़ा, बीडीओ निचार प्यारे लाल को बीडीओ नारकंडा के पद पर स्थानांतरित किया है।

**तबादले** | प्रदेश सरकार ने जारी की अधिसूचना, कुछ को दी तैनाती, कइयों को किया इधर से उधर

# सरकार ने 78 विशेषज्ञ, डेंटल मेडिकल ऑफिसर्ज किए ट्रांसफर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

लोकसभा चुनाव से पहले प्रदेश सरकार ने 78 विशेषज्ञ व डेंटल मेडिकल ऑफिसर्ज को इधर से उधर किया है। इसको लेकर अधिसूचना भी जारी कर दी है। इनमें पीजी पूरी करने पर डॉ. राजेश गुलेरिया एमओ सर्जरी को सीएच धर्मपुर, डॉ. अरविंद भाटिया एमओ सर्जरी को जेएलएनजीएमसीएच चंबा, डॉ. रोहित नेगी एमओ डरमोटोलॉजी को एमजीएमएससी रामपुर, डॉ. रोहित नेगी एमओ डरमोटोलॉजी को एमजीएमएससी रामपुर, डॉ. नम्रता चौधरी एमओ साइकेटरी को जेडएच मंडी, डॉ. मंजीत सिंह एमओईएनटी को सीएच बड़सर तैनाती दी गई है।

इसी तरह डॉ. ईशान एमओपीएमआईएस को पीएचसी गेमुर लाहौल-स्पीति, डॉ. रोहित कुमार एमओ सर्जरी को जेएलएनजीएमसीएच चंबा, डॉ. गरिमा कुकरेजा एमओपीएमआईएस को सीएचसी बसदेहरा, डॉ. प्रशांत शर्मा एमओ सर्जरी को पीजीआरएच बिलासपुर, डॉ. अंजना वर्मा एमओ एनेस्थीसिया को एसएलबीएसजीएमसीएच नेरचौक, डॉ. प्रणव शर्मा एमओ पीडियट्रिक्स जेडएच मंडी, डॉ. ईशान शर्मा को सीएच टिहरा, डॉ. नीरज कुमार एमओ को सीएच बंगाणा, डॉ. अभिलाष वर्मा को पीएचसी चमयारी, डॉ. मोहिंद्र कुमार एमओ कम्युनिटी मेडिसिन को सीएच बंगाणा, डॉ. अंकिता पॉल सिंह एमओ को सीएचसी थानाकलां, डॉ. सुभम ठाकुर एमओ को पीएचसी टिंगरेट, डॉ. विनायक कंवर एमओ को पीएचसी खड्डु, डॉ. चेतन मौदगिल एमओ को सीएचसी बसदेहरा, डॉ. विकास वर्मा एमओ को पीएचसी गौंदला, डॉ. प्रियंका भाटिया एमओ ईएनटी को सीएच बड़सर, डॉ. नीरज शर्मा एमओ सर्जरी को सीएच बड़सर, डॉ. अभिषेक धीमान एमओ रेडियोलॉजी को सीएच अर्की, डॉ. रविंद्र सिंह एमओ डरमोटोलॉजी को डॉ. आरकेजीएमसीएच हमीरपुर, डॉ. बंदना शर्मा एमओ माइक्रोबायोलॉजी को डॉ. आरकेजीएमसीएच हमीरपुर, डॉ. दीपक भारद्वाज एमओ एनेस्थीसिया को आरएच बिलासपुर, डॉ. अंकित कश्यप एमओ को पीएचसी बुहार, डॉ. निशांत आचार्य एमओ पीडियाट्रिक्स को आरएच बिलासपुर, डॉ. विनेश ठाकुर एमओ को एसएलबीएसजीएमसीएच नेरचौक, डॉ. सुनील सैणी एमओ को पीएचसी बेहड़ी, डॉ. मध मुकुल एमओ को पीएचसी पपरोला, डॉ. सुजाया मानवी एमओ डरमोटोलॉजी को सीएच टौणी देवी, डॉ. रणदीप कुमार एमओ को सीएच पालमपुर, डॉ. नवीन शर्मा एमओ पीडियाट्रिक्स को सीएच नूरपुर, डॉ. नेहा रेहालिया एमओ पीडियाट्रिक्स को सीएच शाहपुर, डॉ. विवेक कौशल एमओ ओबीजी को सीएच कांगड़ा, डॉ. अभिनीत एमओ को सीएच देहरा, डॉ. अरुण गुप्ता एमओ को सीएच भवारना, डॉ. नीलम सू एमओ को सीएच भवारना, डॉ. स्टेफी आहलुवालिया एमओ को पीएचसी मरांडा, डॉ. शिवम शास्त्री एमओ को सीएच डाडासीबा, डॉ. विशाल महाजन एमओ पीडियार्टिक्स को जेएलएनजीएमसीएच चंबा, डॉ. सपना बेरी एमओ ओबीजी को जेएलएनजीएमसीएच चंबा, डॉ. विशाल ठाकुर एमओ स्पेशलिस्ट को डीपीओ सीएचसी संगड़ाह, डॉ. भारती आजाद एमओ को एमजीएमएससी खनेरी, डॉ. चंदन शर्मा एमओ यूटी पीएचसी नेवल टिक्करी, डॉ. शमशेर सिंह एमओ सर्जरी को सीएच गोहर, डॉ. अनुप्रिया एमओ को पीएचसी चंडी, डॉ. स्वास्तिका एमओ सर्जरी को सीएच रोहड़ू।

वहीं, डॉ. लांडुप दोरजे को पीएचसी स्पीलो, डॉ. सामंत सागर एमओ सर्जरी को आईजीएमसी, डॉ. तेनजिन डोलकर बोध एमओ सर्जरी को सीएच बंजार, डॉ. रोबिन एमओ को पीएचसी अरसू, डॉ. समृद्धि एमओ को पीएचसी जांओ, डॉ. प्रतिभा एमओ को एसएलबीएसजीएमसीएच नेरचौक, डॉ. शैलजा ठाकुर एमओ को पीएचसी बटेड़ी, डॉ. दुनी चंद एमओ मेडिसिन को सीएच अर्की, डॉ. सुनील दत्त नेगी एमओ ईएनटी को एसएलबीएसजीएमसीएच नेरचौक, डॉ. ज्योति चंद्र एमओ को पीएचसी जुंगी, डॉ. रजत शर्मा एमओ को सीएच लडभड़ोल, डॉ. विवेक ठाकुर एमओ को पीएचसी थाटा, डॉ. सिद्धार्थ गुलेरिया एमओ को सीएचसी लोहारघाट, डॉ. निशांत ठाकुर एमओ को सीएच गोहर, डॉ. प्रवीण कुमार एमओ ऑर्थो को सीएच सरकाघाट, डॉ. माधव एमओ एनेस्थीसिया को सीएच बैजनाथ, डॉ. रोहित कपूर एमओ को पीएचसी देयोल, डॉ. जीलोट एमओ पीएचसी बंदैण खोपा, डॉ. पूजा सिंह एमओ को पीएचसी नवांगांव, डॉ. कविता एमओ को सीएच कुनिहार, डॉ. अभिषेक शर्मा एमओ को पीएचसी कसुम्पटी, डॉ. सुनील एमओ को सीएचसी नगरोटा सूरियां, डॉ. अंगेजना एमओ को पीएचसी अमरगढ़, डॉ. पूनम एमओ डेंटल को पीएचसी टुटू, डॉ. विजय चौहान एमओ डैंटल को पीएचसी सरस्वती नगर, डॉ. ईला एमओ डैंटल को पीएचसी लंबागांव, डॉ. ललित एमओ डैंटल को एमजीएमएससी खनेरी, डॉ. मेजर सन्नी बंगा एचपीजीडीसी शिमला, डॉ. आरपी सिंह एमओ डेंटल को सीएचसी धामी को भेजा गया है।



# जाखू हनुमान मंदिर में लगेगा 99 फुट का भगवा झंडा

## 30 से 40 किलोमीटर की दूरी से लोगों को अपनी ओर करेगा आकर्षित

**जय ठाकुर, शिमला**

राजधानी शिमला का प्रसिद्ध हनुमान मंदिर जाखू अब कई बड़े कार्यों का साक्षी बनने वाला है। शिमला में जहां अब विश्व की सबसे ऊंचाई वाले क्षेत्र में 111 फुट भगवान राम की मूर्ति की स्थापना की जाएगी, वहीं इस मंदिर में अब 99 फुट का हनुमान जी का भगवा झंडा भी लगाया जाएगा।

इसके लिए तैयारियां शुरू हो चूकि हैं। भगवान राम की प्रतिमा के लिए सूद सभा की ओर से जहां प्रदेश मुख्यमंत्री से इस संबंध में सैद्धांतिक मंजूरी ले ली गई है, वहीं पर अब मंदिर में कई और तरह के विकास कार्यों को भी अम्लीजामा पहनाया जा रहा है। मंदिर परिसर में कई प्रकार के आधुनिक बदलाव किए जाने की तैयारी की जा रही है। जाखू में 99 फुट झंडा लगाने के लिए दिल्ली की टीएसटीसी कंपनी की ओर से हाल ही में सर्वे पूरा किया गया है और अब जल्द करीब 30 से 40 किलोमीटर दूर से हनुमान जी की मूर्ती के साथ ही हनुमान जी का भगवा झंडा भी लहराता दिखाई देगा, जो कि अपने आप में स्थानीय श्रद्धालुओं सहित पर्यटकों के आकर्षण का भी केंद्र बनेगा। मंदिर परिसर में लोगों को हाईटैक सुविधा प्रदान करने के लिए भी प्रयास किए जा रहे हैं। जल्द ही मंदिर परिसर में लोगों की सुविधा के लिए अन्य तरह के विकास कार्य किए जाएंगे। (अनंत ज्ञान)



### मंगलवार व रविवार को लगते हैं भंडारे

मंदिर परिसर में प्रत्येक मंगलवार और रविवार को भंडारे का आयोजन किया जाता है। हनुमान मंदिर में भंडारे देने के लिए श्रद्धालुओं को कई महीनों तक इंतजार करना पड़ता है। अकसर श्रद्धालुओं को भंडारा देने के लिए तीन से चार माह बाद की ही तिथि आबंटित की जाती है, क्योंकि भंडारे देने के लिए पहले से एडवांस बुकिंग रहती है।

### मंदिर परिसर के लिए बसों की दरकार



मंदिर परिसर की ऊंचाई बहुत है, ऐसे में यहां पर जाने के लिए श्रद्धालुओं को बहुत समय लगता है बुजुर्गों, दिव्यांगों और छोटे बच्चों को लाने ले जाने के लिए भी लोगों को मुश्किलों का सामना करना पड़ता है, ऐसे में मंदिर परिसर में लोगों ने बसें चलाने के लिए गुहार लगाई है। मंदिर परिसर में लंबे समय से सेवा कर रहे डॉक्टर हेमराज शर्मा ने कहा कि सरकार की ओर से इस क्षेत्र में पुराना बस अड्डा सहित संजौली से बसें चलाई जानी चाहिए। शर्मा ने कहा कि हनुमान मंदिर एक सुंदर दर्शनीय स्थल है, जहां प्रतिदिन शहर के लोग और पर्यटक आना चाहते हैं, ऐसे में इस क्षेत्र के लिए सरकार को बसें चलानी चाहिए।

### एसकेलेटर लगाने की तैयारी

विश्व प्रसिद्ध हनुमान मंदिर जाखू में श्रद्धालुओं की सुविधा को देखते हुए एसकेलेटर लगाने की भी तैयारी की जा रही है। मंदिर परिसर में लाखों की तादात में देश और विदेशों से श्रद्धालु व पर्यटक हनुमान जी के दर्शन करने के लिए पहुंचते हैं, ऐसे में यहां पर बुजुर्गों, बच्चों और मैदानी क्षेत्रों के आने वाले लोगों के लिए चढ़ाई में चढ़ पाना हर समय मुश्किल भरा रहता है, ऐसे में मंदिर परिसर में लोगों की सुविधा के लिए एसकेलेटर लगाया जाना भी प्रस्तावित है, जिसको लेकर सर्वे भी किया गया है और जल्द ही इसे लगाने की भी तैयारी की जा रही है।

## चहलकदमी...



शिमला के रिज मैदान पर मंगलवार को चहलकदमी करते पर्यटक। (फोटो-प्रदीप कुमार)

### बच्चों संग धरने पर बैठे एसएमसी शिक्षक

# चौथे दिन भी क्रमिक अनशन जारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

एसएमसी शिक्षक 27 तारीख से दिन-रात क्रमिक अनशन में बैठे हैं। मंगलवार को अनशन के चौथे दिन बच्चों के साथ एक शिक्षिका पहुंची और सरकार से उनके साथ हो रहे अन्याय और बच्चों के भविष्य को सुरक्षित करने की गुहार लगाई।



चौथे दिन अनशन पर बैठे एमएमसी शिक्षक।

सिरमौर जिले की इस शिक्षिका नीमा ठाकुर का कहना है कि कड़ाके की ठंड में अनशन पर बैठना हालांकि उन्हें बेहतर नहीं लग रहा है, लेकिन अब तक किसी भी सरकार ने इन शिक्षकों की मांगों को पूरा नहीं किया है। नीमा का कहना है कि महंगाई के इस दौर में हमें गुजारा करना भी मुश्किल भरा हो रहा है। उन्होंने सरकार से उम्मीद जताई कि जल्द उनकी मांगों को पूरा किया जा सके। अध्यापकों ने चिंता जताई है कि प्रदेश के सैकड़ों स्कूल हमने संभाले हैं, हजारों पद खाली हैं उन विषयों को भी हम ही पढ़ा रहे हैं बावजूद इसके अभी तक सरकार गंभीर नहीं है। एसएमसी शिक्षक प्रदेश प्रवक्ता निर्मल ने कहा स्थिति ऐसी है कि यदि आगामी दिनों में कक्षाओं का बहिष्कार किया जाए, तो प्रदेश के सैकड़ों स्कूलों में वाटर कैरियर तथा एमडीएम कर्मी ही रह पाएंगे। सरकार की ओर से अब इतना अधिक शोषण नहीं किया जाना चाहिए, यदि सरकार जल्द नियमितकरण पर फैसला नहीं लेती है, तो आगामी दिनों में कक्षाओं का बहिष्कार किया जाएगा।

# चंडीगढ़ में 44 हजार स्वयं सहायता समूहों को मिलेगा मंच

## एक फरवरी से सरस मेले का होगा आयोजन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत आगामी एक फरवरी से चंडीगढ़ के सेक्टर-34 में सरस मेले का आयोजन किया जा रहा है।

इस मेले में 44 हजार स्वयं सहायता समूहों को मंच प्रदान किया जा रहा है। स्वयं सहायता समूहों में तीन लाख 50 हजार से अधिक ग्रामीण महिलाएं शामिल हैं। इन महिलाओं की प्रतिभा और हस्तनिर्मित उत्पादों को प्रदर्षित करना इन मेलों का मूल उद्देश्य है। आजीविका मिशन का लक्ष्य स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को सशक्त बनाना और उन्हें अपने कौशल प्रदर्शित करने के लिए मंच प्रदान करना है। यह सरस मेला 12 दिन तक चलेगा।

### मेले में लगाए जाएंगे उत्पादों के 100 स्टॉल

चंडीगढ़ में आयोजित होने वाले सरस मेले में हिमाचली उत्पादों के 100 स्टॉल लगाए जाएंगे। इन स्टॉल्स में हाथों द्वारा बनाए गए विभिन्न उत्पाद जैसे चंबा रूमाल, मंडी कलम, कांगड़ा पेंटिंग, लकड़ी के नक्काशीदार मंदिर और अन्य वस्तुएं प्रदर्शनी में लगाई जाएंगी।

# 1.20 किलोग्राम चरस व 1.859 ग्राम अफीम की बरामद

**शिमला।** ठियोग में पुलिस ने नशे की बड़ी खेप बरामद की है। पुलिस ने ठियोग के भोगड़ा गांव में नशा तस्कर के घर पर दबिश देकर 1.20 किलोग्राम चरस और 1.859 ग्राम अफीम बरामद की है।

एसआईयू टीम ने सोमवार रात सूचना के आधार पर भोगड़ा गांव में उस समय दबिश दी, जब इस नशे का बड़ा सौदा होने वाला था। पुलिस ने आरोपी अतर सिंह (51) निवासी गांव मनलोग, से चरस और अफीम बरामद की। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पुलिस थाना ठियोग में एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्जकर छानबीन शुरू कर दी है। मामले की पुष्टि करते हुए डीएसपी ठियोग सिद्धार्थ शर्मा ने कहा कि पुलिस ने नशे की बड़ी खेप पकड़ने में कामयाबी हासिल की है।

# घास की एक पिकअप व दस कट्टे चारे के भेंट किए



नवयुवक मंडल शील व बढाल के लोग जीवसदन रोहड़ू को चारा सौंपते हुए।

**दशमी रावत, रोहड़ू**

नवयुवक मंडल शील व जुब्बल की बढाल पंचायत ने जीवसदन रोहड़ू के लिए घास की एक पिकअप व दस कट्टे चारे की भेंट की। इस मौके पर नवयुवक मंडल के अध्यक्ष चमन लाल, प्रधान हर्ष चौहान, सोनू कलांटा, अंकित, निखिल चौहान, अंशूल, आयुष व सागर मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

# प्रदेश कांग्रेस सरकार कर्मचारी विरोधी : सांसद सुरेश कश्यप

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद सुरेश कश्यप ने कहा कि वर्तमान कांग्रेस सरकार कर्मचारी विरोधी सरकार है, जिस प्रकार से पूरे प्रदेश में कर्मचारी सड़कों पर हैं और अपना अधिकार मांग रहे हैं उसे पूर्ण रूप से स्पष्ट होता है कि यह सरकार कर्मचारी विरोधी है।

प्रदेश में सभी वर्गों के कर्मचारी चाहे वह डॉक्टर, आईपीएस, पीडब्ल्यूडी, पुलिस, आउटसोर्स, एसएमसी, एचआरटीसी, बिजली बोर्ड, पेंशन भोगी, सभी निगम और बोर्ड सभी परेशान और हताश हैं। पेंशनर्स को राज्य स्तरीय पूर्ण राज्यत्व दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से पूर्ण आशा थी कि पेंशनर्स के देय आर्थिक लाभों पर कोई घोषणा होगी, परंतु पेंशनर्स को निराशा ही मिल पाई।

### पेंशनर्स के प्रति सरकार की उदासीनता बढ़ती जा रही

पेंशन संशोधन की 80 फीसदी बकाया राशि, ग्रेच्युटी, लीव-एन-कैशमेंट, कम्युटेशन, महंगाई भत्ते की किस्तें, चिकित्सा बिलों के भुगतान के लिए पर्याप्त बजट न मिलना आदि को पूरा करने के लिए कम से कम महंगाई भत्ता की किस्त जारी करने की घोषणा तो हो जाएगी। नई सरकार का कार्यकाल एक वर्ष से ज्यादा हो चुका है, परंतु वरिष्ठ पेंशनर्स के प्रति सरकार की उदासीनता बढ़ती जा रही है। इलाज के लिए अपनी जेब से खर्च की गई राशि के दौरान लाखों के चिकित्सा बिलों का वर्षों से विभागों द्वारा भुगतान नहीं किया जा रहा है।

# दृष्टिबाधितों ने किया चक्का जाम

## मांगें पूरी न होने पर सचिवालय के बाहर किया प्रदर्शन, कपड़े फाड़ने के लगाए आरोप

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

प्रदेश सरकार पर झूठे आश्वासन देने का आरोप लगाकर मंगलवार को सचिवालय के समीप दृष्टिबाधितों ने चक्का जाम कर दिया। राज्य सचिवालय के बाहर नारेबाजी कर छोटा शिमला में करीब अढ़ाई घंटे तक संघ के पदाधिकारियों ने सड़क के बीच बैठकर यातायात बाधित किया।

संघ के कुछ लोगों ने पुलिस पर उनके साथ धक्का-मुक्की कर कपड़े फाड़ने का आरोप भी लगाया। संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि बैकलॉग भर्तियों को लेकर सरकार लंबे समय से सिर्फ आश्वासन दे रही है। मांगें पूरी नहीं होने पर संघ ने संघर्ष को तेज करते हुए जल्द ही पूरे प्रदेश में क्रमिक अनशन शुरू करने की चेतावनी भी दी। मंगलवार दोपहर करीब साढ़े 12 बजे से लेकर तीन बजे तक संघ ने सचिवालय के समीप प्रदर्शन किया। चक्का जाम होने के चलते संजौली और टॉलैंड की ओर वाहनों की कतारें लग गईं। पुलिस ने वैकल्पिक मार्गों से होकर छोटी गाड़ियों को भेजा। बसें छोटा शिमला से ही वापस मोड़नी पड़ीं।



मांगों को लेकर सचिवालय के बाहर प्रदर्शन करते दृष्टिबाधित।

### हर कानूनी पहलुओं को देख रही सरकार : सीएम

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि सरकार दृष्टिबाधित संघ की मांगों को लेकर कानूनी पहलुओं को देख रही है। मौसम विभाग की ओर से बुधवार से राज्य में भारी बारिश और बर्फबारी की संभावना को लेकर सरकार की तैयारियों पर पूछे गए सवाल के जवाब में सीएम ने कहा कि सरकार की ओर से भारी बर्फबारी से सुरक्षित रखने के लिए पूरी तैयारी है।

# चिकित्सा शिविर में जांचा 86 पुलिस जवानों का स्वास्थ्य



पुलिस बटालियन जुन्गा में चिकित्सा शिविर में पुलिस जवानों का स्वास्थ्य जांचते हुए।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, जुन्गा**

स्वास्थ्य विभाग के सौजन्य से मंगलवार को पुलिस प्रथम सशस्त्र बटालियन जुन्गा में विशेष चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 86 पुलिस जवानों के स्वास्थ्य की जांच की गई।

इस दौरान पुलिस महिला एवं पुरुष कर्मियों के रक्तचाप और शूगर का भी परीक्षण किया गया, जिसमें रक्तचाप के 18 और शूगर के चार नए रोगियों की पहचान की गई। सिविल अस्पताल जुन्गा के चिकित्सा प्रभारी डॉ. मनोज शर्मा ने बताया कि शिविर में 60 व्यक्तियों के आभा कार्ड का पंजीकरण किया गया व डॉक्टरों ने काले बिल्ले लगाकर शिविर में अपनी सेवाएं दीं। वर्तमान परिप्रेक्ष्य में हर व्यक्ति के लिए स्वस्थ रहना एक चुनौती बन गई।

# प्रतिनिधिमंडल ने शिक्षा मंत्री रोहित से की मुलाकात

**रोहड़ू।** जुब्बल तहसील की पंचायत नंदपुर की प्रधान सुमन ठाकुर की अध्यक्षता में एक प्रतिनिधिमंडल ने शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर से मुलाकात की।

प्रतिनिधमंडल ने नंदपुर पंचायत में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक नंदपुर के भवन, पंचायत घर की सुरक्षा दीवार, बदियार सामुदायिक भवन शलाड़, बलाई सड़क संपर्क मार्ग की मैटलिंग, अणु मंडी-राजपुरी सड़क संपर्क मार्ग के निर्माण व अन्य चल रहें विकासात्मक कार्यों के लिए शिक्षा मंत्री का आभार व्यक्त किया। प्रतिनिधमंडल ने अंटी-राजपुरी मार्ग को स्तरोन्नत करने के मुद्दे को उठाया। सड़क में अप्रिय घटनाएं घटने के मामलें सामने आए हैं।

# 'राम नाम के हीरे मोती' का जयराम ने किया विमोचन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश के किड स्टार मास्टर भाविक राजा द्वारा गाया श्रीराम एवं सनातन धर्म की व्याख्या करता हुआ भजन राम नाम के हीरे मोती-आओ लुटाए गली गली का विमोचन मंगलवार को नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर द्वारा शिमला स्थित उनके सरकारी आवास पर किया।



भजन 'राम नाम के हीरे मोती' का विमोचन करते पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर।

उन्होंने बाल कलाकार की गायकी की तारीफ करते हुए उनके गायन क्षेत्र में उज्ज्वल भविष्य की भी कामना की। इस भजन को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शारीरिक प्रमुख (उत्तर भारत) संजीवन कुमार द्वारा लिखा गया है। इसके अलावा इसमें संगीत कैलाश केसीपी, वीडियो हनी सिंह (जट्ट फिल्मज), संयोजन देव जेल्टा, नृत्य भूमिका दिशा सुम्मी एवं साथी द्वारा किया गया। इस भजन का निर्देशन सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी अमृत कुमार शर्मा तथा प्रायोजन गायक डॉक्टर कपिल शर्मा द्वारा किया गया। विमोचन के अवसर पर डॉक्टर साधना ठाकुर, युवा नेता कौल सिंह नेगी, गायक डॉक्टर कपिल शर्मा, निर्देशक अमृत कुमार शर्मा, मिस इंडिया रह चुकी प्रिया, देव जेल्टा तथा हनी सिंह जट्ट आदि उपस्थित रहे। भाविक राजा ने अपनी कम उमर में ही भजनों, लोक गीत, पंजाबी तथा फिल्मी गीतों को गाकर भी धूम मचाई है। 12 वर्षीय यह कलाकार न केवल अपने उम्र के बच्चों के लिए ही प्रेरणा का स्रोत है, बल्कि उभरते हुए नौ जवान कलाकारों के लिए गायन क्षेत्र का केंद्र बिंदु बना हुआ है। भोली सूरत और मधुर कंठ के इस होनहार ने संगीत के क्षेत्र मे अपना मुकाम हासिल कर लिया है और निरंतर अपने पिता लोक प्रिय गायक डॉक्टर कपिल शर्मा के मार्ग दर्शन में नित नए परचम लहरा रहा है।

# अनिरुद्ध सिंह आज देईया में

**शिमला।** ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह आज चौपाल विधानसभा क्षेत्र में 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे।

## 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम की करेंगे अध्यक्षता

यह जानकारी सरकारी प्रवक्ता ने दी। उन्होंने बताया कि अनिरुद्ध सिंह आज प्रातः 11:30 बजे देईया (चौपाल) में 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे और जन समस्याओं का निवारण करेंगे। इसके पश्चात्, कैबिनेट मंत्री धोताली पंचायत में सामुदायिक केंद्र, पंचायत घर की आधारशिला रखेंगे।

### दृष्टिबाधित युवक के मुख्यमंत्री पर लगाए आरोपों पर बोले नेता प्रतिपक्ष-

# दिव्यांग युवक के आरोप गंभीर, सबको समानता का अधिकार : जयराम ठाकुर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि नौकरी की मांग को लेकर मुख्यमंत्री से मिले दृष्टिबाधित युवक द्वारा लगाए गए आरोप बहुत गंभीर हैं। एक मुख्यमंत्री द्वारा इस तरह की बात किया जाना शर्मनाक है।

नौकरी की मांग कर रहे दिव्यांग युवा मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से मिले थे। उनसे मिलने वाले रोहड़ू निवासी लकी का आरोप है कि मुख्यमंत्री सुक्खू ने उनसे सवाल किया कि आप तो दृष्टिहीन हैं, आपको दिखाई नहीं देता है, आप क्या करेंगे। जयराम ने कहा कि इस तरह की बात करना संवेदनहीनता है। आज दिव्यांगजन देश-दुनिया में एक से बढ़कर एक काम कर रहे हैं। खेलों से लेकर विज्ञान और तकनीक के क्षेत्र में नाम कर रहे हैं। ऐसे में इस तरह के बेतुके सवाल का कोई औचित्य नहीं है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि मुख्यमंत्री को किसी भी मामले की गंभीरता समझनी होती है, पिछले हफ्ते जेओए आईटी का रिजल्ट जारी करने की मांग कर रहे युवाओं से मुलाकात के दौरान उन्होंने कहा था कि कैबिनेट मंत्रियों को मनाइए।

### कुछ मंत्री हैं जो रिजल्ट नहीं जारी कर रहे

कुछ मंत्री हैं जो रिजल्ट नहीं जारी कर रहे हैं और आज एक दिव्यांग युवक द्वारा मुख्यमंत्री पर इस तरह के गैरजिम्मेदाराना तरीके से सवाल करने के आरोप लग रहे हैं। जयराम ने कहा कि सरकार किसी भी मामले में गंभीर नहीं है। इसीलिए प्रदेश के लोगों में असंतोष का माहौल है। आज 13 महीने के कार्यकाल में प्रदेश का हर वर्ग सरकार के खिलाफ सड़क पर हैं। सरकार को कोई फर्क नहीं पड़ रहा है।

**व्यवस्था** पार्षद सफाई करने की देखरेख करने को मजबूर, मेयर सुरेंद्र चौहान ने अधिकारियों की टीम के साथ शहर का दौरा किया शुरू

# सेनेटरी इंस्पेक्टर न होने के कारण सफाई कर्मचारी कर रहे मनमानी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

शहर में सफाई व्यवस्था पूरी तरह डगमगाई हुई है। शहर में कुल 34 वार्ड हैं। यहां सफाई के लिए कर्मचारी लगाए गए हैं। निगम हाउस में सफाई व्यवस्था को लेकर हर बार प्रश्न लगाए जाते हैं।

दिसंबर माह की मासिक बैठक में यह निर्णय लिया गया था कि सीएचओ निगम के हर वार्ड का निरीक्षण करेगा, लेकिन उनके अवकाश पर रहने के कारण इसे अमल में लाया गया। पार्षदों ने हाउस में कहा कि वार्ड के सफाई कर्मी सुबह के समय ही सफाई करते हैं यदि कोई उन्हें कुछ कहे तो उनका जवाब होता है कि तुम लोग हमें हमारा काम मत सिखाओ। वार्डों में कई मर्तबा देखा गया है कि सफाई कर्मी एमसी के अधिकारियों को धमकाते हैं। वार्ड पार्षदों को स्वयं जाकर ही इनका ब्यौरा लेना पड़ता है। निगम के पास कुल छह लोग ही इस विभाग में हैं। दफेदार कम होने से यह दिक्कतें पेश आ रही हैं। निगम पहले हाउस से ही सफाई कर्मचारियों की कमी को लेकर बात कर रहा है, लेकिन अभी तक इस समस्या का समाधान नहीं हो पाया है, जब निगम में सफाई कर्मचारियों की भर्ती होगी तभी प्रमोशन के बाद दफेदार रखे जा सकते हैं।

### मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए शहर का दौरा कर रहे महापौर



**शिमला।** शिमला शहर में निगम के कर्मचारियों पर कई आरोप लगाए गए हैं। शहर में सफाई न होने का कारण नगर निगम के सफाई कर्मचारी भी हैं। इसको लेकर निगम के महापौर सुरेंद्र चौहान मंगलवार को कनलोग और खलिनी में पहुंचे। मेयर ने जनता की समस्या को सुना और उसके समाधान निकालने का पूरा प्रयास किया। लोगों ने कहा कि यहां पर पानी, बिजली और पेड़ों की टहनियों लटकी हुई है, जिससे काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इसके अलावा पिछली बरसात में इन वार्डों आई सड़क काफी खराब हो गई थी, जिसे दुरुस्त किया जाना है उस पर भी मेयर ने लोगों से बातचीत की।

### सेनेटरी इंस्पेक्टर की शहर में आवश्यकता

सेनेटरी इंस्पेक्टर की शहर में बहुत ज्यादा आवश्यकता है । आयुक्त ने कहा कि जैसे ही भर्ती होती है, वैसे ही इस समस्या का समाधान हो जाएगा। नगर निगम के मेयर सुरेंद्र चौहान ने अधिकारियों की टीम के साथ मंगलवार को शहर का दौर शुरू किया। इस दौरान हर वार्ड में जाकर देखा जाएगा कि फील्ड में जो निर्देश उनके माध्यम से भेजे जा रहे हैं, उसे लागू भी किया जा रहा है या नहीं। यदि काम नहीं हो रहा होगा, तो अधिकारियों से इस पर जवाब तलबी भी की जाएगी।

### सफाई कर्मियों का बढ़ेगा ड्यूटी टाइम

सभी पार्षदों ने सफाई कर्मचारियों की ड्यूटी टाइम को लेकर सवाल किया। वार्ड पार्षदों ने कहा कि यह केवल दो से तीन घंटे ही काम करते हैं। यह भी एक कारण है कि शिमला सफाई में पिछड़ रहा है। सभी पार्षदों ने मांग की है कि इनका ड्यूटी टाइम बढ़ा दिया जाए। अगली मासिक बैठक में इस पर फैसला लिया गया।

# डॉक्टर्स की नई नियुक्तियों पर जल्द बहाल हो एनपीए व एसीपीएस

## ग्रामीण आर्थिकी को मजबूत करने में महत्वपूर्ण योगदान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश पशु चिकित्सा अधिकारी संघ के प्रदेश महासचिव डॉ. मधुर गुप्ता ने प्रदेश सरकार से डॉक्टर्स की नई नियुक्तियों पर एनपीए एवं रुके हुए एसीपीएस को बहाल करने की मांग की है।

डॉ. मधुर ने कहा कि पशु चिकित्सक अपनी पढ़ाई साढ़े पांच साल में पूरी करने के पश्चात सरकारी सेवा में आते हैं और पशु चिकित्सा अधिकारी अधिकतर सेवाएं ग्रामीण क्षेत्र में ही देते हैं और ग्रामीण आर्थिकी को मजबूत करने में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। अतः नई नियुक्तियों में एनपीए को बंद करने से ग्रामीण क्षेत्र में इसका प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से एसीपीएस (एश्योर्ड कैरियर प्रोग्रेशन स्कीम) को भी बंद कर दिया गया है।

पशु चिकित्सा अधिकारियों को सेवा काल में बहुत कम प्रमोशन के अवसर मिलते हैं, जिससे वो एक ही पद पर काफी वर्षों तक सेवाएं देते हैं। अतः उनके आर्थिक हितों की सुरक्षा के लिए एसीपीएस का बहाल होना अति आवश्यक है। उन्होंने प्रदेश सरकार से मांग की है कि जल्द ही इन दोनों को बहाल किया जाए, ताकि पशु चिकित्सकों के साथ कोई अन्याय न हो उन्होंने उम्मीद जताई कि सरकार इन मांगों को पूरा करेगी।

## न्यूज ब्रीफ

### नप पांवटा में परिवार रजिस्टर का सर्वेक्षण शुरू


बारू राम शर्मा।

**पांवटा साहिब।** नगर परिषद पांवटा की तरफ से परिवार रजिस्टर का सर्वेक्षण शुरू किया गया। इस सर्वेक्षण में वार्ड-एक से 13 तक के परिवारों को शामिल किया जाएगा। नगर परिषद के लिपिक बारू राम शर्मा ने बताया कि यह सर्वेक्षण मोबाइल ऐप के माध्यम से किया जाएगा। सर्वेक्षण की जानकारी के अनुसार 30 जनवरी से सुबह नौ बजे से शाम पांच बजे तक घर-घर जाकर सर्वेक्षण टीम ने परिवारों से जानकारी एकत्रित की। इस जानकारी में परिवार के सदस्यों के नाम, उम्र, लिंग, शिक्षा, व्यवसाय आदि शामिल होंगी। नगर परिषद की ओर से सभी नगर वासियों से अनुरोध किया गया कि वे इस सर्वेक्षण में अपना सहयोग प्रदान करें। इसके लिए वे अपने परिवार की सही जानकारी सर्वेक्षण टीम को प्रदान करें।

### भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट बने कमरऊ के स्वराज



**पांवटा साहिब।** जिला सिरमौर का गिरिपार क्षेत्र दूरदराज का इलाका बेशक है, जहां सचमुच ही सुविधाओं का अभाव है, मगर युवाओं के हौसले इतने बुलंद हैं कि उन्हें आगे बढ़ने से कोई नहीं रोक सकता। एक बार फिर ट्रांसगिरी के नौजवान युवा स्वराज ठाकुर ने अपने सपनों को ऊंची उड़ान देते हुए क्षेत्र का नाम रोशन किया है। गौर हो कि कमरऊ पंचायत के गांव शालना निवासी स्वराज ठाकुर पहले अटेंप्ट में ही परीक्षा उत्तीर्ण कर भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट बने हैं। इतना ही नहीं स्वराज ने बहुत ही कठिन परिस्थितियों में बिना किसी कोचिंग के यह मुकाम हासिल किया है। स्वराज एक साधारण परिवार से ताल्लुक रखते हैं। स्वराज युवाओं के लिए एक मिसाल के रूप में आए हैं।

### नेतृत्व विकास मिशन के तहत अर्की कांग्रेस की बैठक

**अर्की।** नेतृत्व विकास मिशन (एलडीएम) के तहत अर्की कांग्रेस की अहम बैठक शालाघाट के विश्वकर्मा मंदिर प्रांगण में जिला सोलन कांग्रेस कमेटी (अनुसूचित जाति विभाग) के चेयरमैन सीडी बंसल की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में एलडीएम की जिला सोलन प्रभारी अनु कुमारी मराठा विशेष रूप से उपस्थित रहीं। इस बैठक में नेतृत्व विकास मिशन के महत्व, कार्यान्वयन, संगठन की संरचना और प्रभाव तथापि वर्तमान स्थिति और भविष्य की चुनौतियों के बारे में अनु कुमारी मराठा और सीडी बंसल ने अपने संबोधन में विस्तार से जानकारी दी। उपस्थित कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने हिमाचल विधानसभा चुनाव से पूर्व और वर्तमान परिस्थितियों, जमीनी स्तर पर आ रही कठिनाइयों और लोकसभा चुनाव 2024 के बारे में चर्चा तथा विचार-विमर्श किया। बैठक में ओपी भाटिया, संत राम पंवर, कैलाश चंद भाटिया, गंगा राम, दिनेश कुमार, प्रेम लता रघुवंशी, हरीश कुमार, लेख राम, बलदेव सिंह, भूप सिंह, जीत राम, हेम चंद, रूप चंद और विजय सिंह आदि उपस्थित रहे।

### आपदा से बचाव के तरीके बताए


अग्निशमन कर्मचारी बच्चों को आपदा के बचाव के तरीके बताते हुए।

**अर्की।** लक्ष्य शिक्षण संस्थान अर्की में अग्निशमन चौकी के प्रभारी धनीराम शर्मा व उनकी टीम ने विशेष तौर पर आपदा के समय व घरेलू सिलेंडर में आग लगने के समय डरने के बजाए बचाव के तरीकों के बारे में जानकारी दी। धनी राम शर्मा ने बताया कि आपातकाल में दुर्घटना स्थल पर होने वाली कैजुअल्टी को कम से कम करने के उपाए एवं घायलों को दुर्घटनास्थल से निकालने के लिए सिविल डिफेंस की कवायद के बारे में जानकारी दी गई। इसमें रस्सी की विभिन्न जगह पर विभिन्न गांठों, स्ट्रेचर पर कैजुअल्टी को सुरक्षित बांधने की कला, स्ट्रेचर न होने पर अपने हाथों का स्ट्रेचर बनाना कर कैजुअल्टी को निकालना व विभिन्न प्रकार के अग्निशमन यंत्रों के बारे में विस्तृत जानकारी दी व प्रैक्टिकल करवाया गया।

### शहीदी दिवस पर शहीदों को किया याद


राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर दो मिनट का मौन रखा गया।

**सोलन।** उपायुक्त कार्यालय सोलन के सभागार में आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्य तिथि के अवसर पर दो मिनट का मौन रख कर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और देश के लिए अपने प्राणों का बलिदान देने वाले शहीदों को याद किया गया। नर्स मानवता की सच्ची सेवा में लगी हैं : रिजी गीवर्गीस

### पद्मावती कॉलेज ऑफ नर्सिंग में कार्यक्रम आयोजित


नाहन के पद्मावती कॉलेज आफ नर्सिंग में दीप प्रज्वलित करते मुख्यातिथि।

**नाहन।** पद्मावती कॉलेज ऑफ नर्सिंग नाहन में लैंप लाइटिंग और शपथ समारोह का आयोजन किया गया। इसके मुख्य अतिथि डॉ. राजीव तुली, डॉ. वाईएस परमार मेडिकल कॉलेज नाहन रहे। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित कर मुख्य अतिथि व कॉलेज के अध्यक्ष अनिल जैन, कॉलेज प्राचार्य रिजी गीवर्गीस व अरिहंत इंटरनेशनल स्कूल की प्रधानाचार्य डिंपल सहगल द्वारा की गई। सेरेमनी में कॉलेज प्राचार्य रिजी गीवर्गीस द्वारा छात्रों को शपथ दिलाई गई। कॉलेज अध्यक्ष अनिल जैन द्वारा मुख्य अतिथि को सम्मानित किया गया। आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कॉलेज प्रधानाचार्य रिजी गीवर्गीस ने बताया कि नर्से वर्तमान में अपने पेशे में पूर्णत समर्पित हैं। यह समर्पण की भावना उन्हें नर्सिंग के पेशे के उच्च मूल्यों से जोड़ती है। इस मौके पर नर्सिंग के प्रथम बैच की छात्राओं ने लैंप लाइटिंग सेरेमनी में हिस्सा लिया तथा पेशे के प्रति शपथ ग्रहण की।

### महात्मा गांधी मंदिर अंबोया में मेले का आगाज


अंबोया में महात्मा गांधी मंदिर पहुंचे पांवटा के तहसीलदार ऋषभ शर्मा।

**पांवटा साहिब।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का हिमाचल में मंदिर बना है। करीब 70 साल पुराने इस मंदिर में हर साल बापू के शहादत दिवस यानी 30 जनवरी से मेला शुरू होता है। दरअसल सिरमौर जिले के गिरिपार क्षेत्र में पिछले करीब सात दशक से हर साल तीन दिनों तक राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की याद में मेला लगता है। मंगलवार को पांवटा साहिब के तहसीलदार ऋषभ शर्मा ने गांधी के मंदिर में पूजा कर मेले का आगाज किया। तीन दिनों तक चलने वाले इस मेले का समापन एक फरवरी को कुश्ती प्रतियोगिता के साथ संपन्न होता है। क्षेत्र के बुद्धिजीवी निशिकांत मेहता, जय प्रकाश शर्मा, मधुर शर्मा, रंजीता शर्मा आदि ने बताया कि यह मेला महात्मा गांधी की शहादत को याद करने के लिए मनाया जाता है। उनका कहना है कि महात्मा गांधी ने देश के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिए। लिहाजा उनकी याद में 1952 के बाद से यह मेला हर साल यहां मनाया जाता है। इस मेले की शान आज भी नहीं घटी है।

**मेले को जिला स्तरीय घोषित करने की मांग :** अंबोया पंचायत की प्रधान सुनीता शर्मा ने बताया कि आज से तीन दिवसीय मेला शुरू हो रहा है। उन्होंने कहा कि अंबोया में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का मंदिर उत्तर भारत में एकमात्र मंदिर है, जहां लंबे अरसे से मेले का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने सरकार व जिला प्रशासन से इस मेले को जिला स्तरीय घोषित करने की मांग की है।

## एरियर बिल की रिकवरी को विद्युत उपमंडल सोलन हुआ सख्त

# डिफाल्टरों के कटेंगे कनेक्शन

**आर मोहन चौहान, सोलन**

आर्थिक संकट का सामना कर रहे हिमाचल प्रदेश बिजली बोर्ड के लिए उपभोक्ताओं से एरियर बिल वसूली न होने से चिंता का सबब बन गया है। एरियर बिल का भुगतान नहीं होने से बोर्ड के विद्युत उपमंडल सोलन सेक्शन-तीन ने अब सात लाख 43 हजार 742 रुपए की रिकवरी को सख्त रुख अपनाया है।

उपमंडल के डिवीजन-तीन ने ऐसे डिफाल्टरों से एरियर बिल की रिकवरी के लिए बिजली के कनेक्शन काटने के ऑर्डर निकाल दिए हैं। बता दें कि विद्युत उपमंडल के नोटिस के बावजूद कुछ उपभोक्ता बिजली के बल देने को तैयार नहीं है।

नोटिस का जवाब नहीं मिलने के चलते अब डिफाल्टर उपभोक्ताओं के मीटर कटना तय है।

**घरेलू उपभोक्ताओं पर 3.47 लाख की रिकवरी :** विद्युत उपमंडल-तीन को एग्रीकल्चर सेक्टर से 3237 रुपए, कमर्शियल सेक्टर से करीब दो लाख 61 हजार, डोमेस्टिक सेक्टर से तीन लाख 47511 रुपए, मध्यम उद्योग से 35 हजार 942 रुपए, गवर्नमेंट सेक्टर से 59 हजार 188 रुपए, लघु उद्योग से 17955 हजार, टेंपरेरी मीटर उपभोक्ता करीब 18000 रुपए की एरियर बिल की वसूली करनी है।

इसके समाधान के लिए बिजली के कनेक्शन काटने के आदेश हुए हैं। दोबारा कनेक्शन लेने के लिए उपभोक्ता को 200 से 1000 रुपए तक का अतिरिक्त भुगतान करना पड़ेगा। (अनंत ज्ञान)



हिमाचल प्रदेश बिजली बोर्ड का लोगो।

> डिफाल्टर उपभोक्ताओं ने नोटिस के बाद भी बिल जमा नहीं किए, अब मीटर काटने के आदेश दिए गए हैं।
> -दिनेश ठाकुर, सहायक अभियंता, विद्युत उपमंडल सेक्शन सोलन।

### डिफॉल्टर लिस्ट में सरकारी विभाग भी शामिल

बिजली के एरियर बिल भुगतान करने में घरेलू, लघु उद्योग और सरकारी विभाग भी कुंडली जमा के बैठे हैं। सब से कम डिफाल्टर कृषि सेक्टर से हैं। घरेलू और व्यावसायिक उपभोक्ताओं की संख्या सबसे अधिक है। इसी तरह टेम्परारी कनेक्शन वाले उपभोक्ता भी एरियर बिल का भुगतान नहीं कर रहे हैं। इससे विद्युत उपमंडल सोलन पर आर्थिक बोझ बढ़ रहा है।

विद्युत उपमंडल-तीन की तरफ से अभी दो हजार से अधिक के एरियर बिल की वसूली को कनेक्शन काटने के आदेश हुए हैं। एक बार कनेक्शन कटने पर दोबारा कनेक्शन लेने को एरियर बिल के भुगतान के साथ कनेक्शन चार्ज भी जमा करवाने पड़ेंगे।

## उपचुनाव के लिए पंचायतों में आदर्श आचार संहिता लागू

**जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) एवं उपायुक्त सोलन ने दी जानकारी**

**सोलन।** राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सोलन जिले के विभिन्न विकास खंडों की ग्राम पचांयतों में होने वाले उपचुनाव के दृष्टिगत आदर्श आचार संहिता चुनाव प्रक्रिया समाप्त होने तक तुरंत प्रभाव से लागू कर दी गई है। यह जानकारी जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) एवं उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा ने दी।

मनामोहन शर्मा ने कहा कि विकास खंड कुनिहार की पंचायत समोग, कंडाघाट विकास खंड की ग्राम पंचायत चायल, सोलन विकास खंड की ग्राम पंचायत जौणाजी तथा कौरों कैंथड़ी तथा नालागढ़ विकास खड की ग्राम पंचायत बधोखरी व ग्राम पचांयत मंझोली में उपचुनाव के दृष्टिगत तुरंत प्रभाव से आदर्श आचार संहिता लागू कर दी गई है।

# पंचायत उपचुनाव के लिए मतदान 25 फरवरी को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

सोलन जिले के चार विकास खंडों की विभिन्न पंचायतों में पंचायतीराज संस्थाओं के रिक्त पदों के लिए आयोजित होने वाले उपचुनाव के लिए नामांकन आठ, नौ व 12 फरवरी को भरे जाएंगे। यह जानकारी जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) एवं उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा ने दी।

शर्मा ने कहा कि नामांकन पत्र संबंधित पंचायत कार्यालय में उपलब्ध होंगे। उन्होंने कहा कि आठ, नौ व 12 फरवरी को प्रात: 11 से सायं तीन बजे तक नामांकन दाखिल किए जा सकेंगे। पंचायत सदस्यों के लिए नामांकन, उम्मीदवार अथवा उनके प्रस्थापक द्वारा सहायक निर्वाचन अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किए जाएंगे।

उन्होंने कहा कि 13 फरवरी को प्रात: 10 से नामांकन पत्रों की छंटनी की जाएगी। 15 फरवरी को प्रात: 10 से सायं तीन बजे तक नामांकन वापस लिए जा सकेंगे। उन्होंने कहा कि नामांकन वापस लेने के लिए निर्धारित समय के तुरंत बाद उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह आबंटित किए जाएंगे। मनमोहन शर्मा ने कहा कि मतदान 25 फरवरी को प्रात: आठ से सायं चार बजे तक आयोजित होगा। मतदान समाप्ति के तुरंत बाद मतगणना होगी। उन्होंने कहा कि स्थानीय पंचायत मुख्यालय (पंचायत घर) में मतगणना पूर्ण होने के उपरांत परिणाम घोषित किया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) ने कहा कि नालागढ़ विकास खंड की बधोखरी पचांयत के वार्ड नंबर चार, बधोखरी तथा मंझोली पचांयत के वार्ड नंबर सात, झिडा में वार्ड सदस्य के पद के लिए उपचुनाव होना है।

मनमोहन शर्मा ने कहा कि सोलन विकास खंड की जौणाजी पचांयत के वार्ड नंबर दो, जौणा मारड तथा कौरों कैंथड़ी पचांयत के वार्ड नंबर तीन, छोबल में वार्ड सदस्य के पद के लिए उपचुनाव होना है। कंडाघाट विकास खंड की ग्राम पंचायत चायल के वार्ड नंबर पांच, चायल-चार में वार्ड सदस्य के पद के लिए उपचुनाव होना है।

उन्होंने कहा कि कुनिहार विकास खंड की समोग पचांयत के वार्ड नंबर पांच, गाहदा में वार्ड सदस्य के पद के लिए उपचुनाव होना है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार उचित आदेश जारी कर दिए गए हैं।

## कम प्रीमियम में करवाएं डाक जीवन बीमा

**सोलन।** डाक जीवन बीमा योजना प्रथम फरवरी को 140 वर्ष पूर्ण करने जा रही है। यह जानकारी सोलन प्रखंड सपरून के अधीक्षक डाकघर राम देव पाठक ने दी। उन्होंने कहा कि डाक जीवन बीमा योजना सरकारी कर्मचारियों के साथ-साथ सभी वर्गों के डिग्री होल्डर व ग्रेजुएट्स के लिए भी उपलब्ध है। इस योजना के माध्यम से निवेशक न्यूनतम 20 हजार रुपए से 50 लाख रुपए तक की कवरेज सहित अन्य कई लाभ प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत निवेशक आयकर छूट का लाभ उठा सकते हैं।

उन्होंने कहा कि डाक जीवन बीमा योजना में बीमित राशि और कवरेज के लिए देय प्रीमियम किसी अन्य योजना के तहत देय प्रीमियम की तुलना में बहुत कम है तथा रिटर्न सबसे अधिक हैं।

## क्षेत्रीय अस्पताल सोलन में नशे की गतिविधियों पर अंकुश नहीं


सोलन अस्पताल के शौचालय के पास गली में पड़ी शराब की बोतल।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

कहने को तो क्षेत्रीय अस्पताल सोलन के लोग अपना इलाज करवाने आते हैं, लेकिन अस्पताल के आसपास शराब की बोतलें, जर्दे की पुड़िया और बीड़ी-सिगरेट के टोटे बिखरे होने से कई सवाल खड़े हो रहे हैं।

सोलन अस्पताल ऐसे में कहीं ब नशे का अड्डा तो नहीं बन रहा। एक ओर जहां अस्पताल में नशे के दुर्व्यसन को की जागरूकता को लेकर बोर्ड लगाए हैं, लेकिन नशीले पदार्थों में उपयोग होने वाले चीजें इसकी पोल खोल रही हैं। कुछ स्थान तो ऐसे भी हैं, जहां पर दीवारों के अंदर ही बीड़ी के टोटे फेंके गए हैं, वहीं अस्पताल के शौचालय के गलियों में शराब की बोतले पड़ी है। इससे यह प्रतीत होता है कि सोलन के क्षेत्रीय अस्पताल में दवाइयां से ज्यादा नशीले पदार्थ मौजूद हैं। ग्लूकोज की बोतल अस्पताल के समीप फेंकी गई है जिसमें सुइयां भी लगी हुई हैं।

# परमार पुरस्कार से सम्मानित की जाने वाली विभूतियों का चयन

## 28 जून को राष्ट्र स्तरीय अलंकरण समारोह में दिया जाएगा सम्मान

**सोलन के शिवा शर्मा संस्कृत सेवार्थ में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए चुने**

**अनंत ज्ञान, रेणुकाजी**

'पहाड़ी मृणाल' आचार्य चंद्र मणि वशिष्ठ द्वारा 1958 में स्थापित संस्था हिमाचल प्रदेश सिरमौर कला संगम अपने तथा अपने संस्थापक के जन्मदिन के अवसर पर 28 जून को प्रतिवर्ष विभिन्न विधाओं में कुछ विशेष कर रही विभूतियों को अपने राष्ट्र स्तरीय अलंकरण समारोह में सम्मानित करती आ रही है और अब तक के इस सफर में आठ सौ से अधिक प्रतिभाओं को सम्मानित कर चुकी है।

अपनी इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए 'संगम' ने संस्था के वरिष्ठ उपाध्यक्ष रविंद्र गोयल की अध्यक्षता में 28 जून के 'अलंकरण समारोह' में सम्मानित की जाने वाली विभूतियों का चयन कर लिया है। इस वर्ष परमार पुरस्कार पतंजलि विश्वविद्यालय में सेवारत डॉ. महावीर अग्रवाल, भिवानी हरियाणा की डॉ. रश्मि बजाज तथा शिमला हिमाचल के डॉ. सुरेश शर्मा को उनके साहित्यिक योगदान तथा बिलासपुर हिमाचल की प्रतिभा शर्मा को उनके बाल साहित्य के रचनात्मक उल्लेखनीय योगदान हेतु 'डॉ. परमार पुरस्कार' से सम्मानित किए जाने का निर्णय लिया गया है।

समाजसेवा के क्षेत्र में अपने उल्लेखनीय योगदान हेतु बिहार से संबंध रखने वाले डॉ. अशोक, हरियाणा के रोहित शर्मा तथा हिमाचल के सतौन से रामभज चौहान एवं पांवटा के सचिन ओबराय को 'महाराजा राजेंद्र प्रकाश सम्मान' से सम्मानित किया जाएगा। संस्कृत शिक्षण से नव ऊर्जा का संचार कर रहे सोलन के शिवा शर्मा को संस्कृत सेवार्थ, शिमला के डॉ. मदन झालटा को संगीत, सिरमौर के डॉ. कपिल शर्मा को लोक संगीत तथा बाउनल/सिरमौर के ही राहुल शर्मा को चित्रकला में उनके उल्लेखनीय योगदान हेतु 'आचार्य वशिष्ठ सम्मान' से सम्मानित किया जाएगा ।

इस मध्य अन्य औपचारिकताओं को पूरा करते हुए 28 जून को यह राष्ट्र स्तरीय अलंकरण समारोह गुरु स्थान बायरी में हर्षोल्लास से मनाया जाएगा जिसमें ये सभी विशिष्ट जन सादर आमंत्रित किए जाएंगे।

# पंचायत एरिया से गारबेज कलेक्शन का काम ठप

## कंपनी की लापरवाही से जगह-जगह लगे कूड़े के ढेर, लोग परेशान

**नालागढ़-नेरली बस सेवा को बंद करने पर आपत्ति जताई**

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

ब्लॉक समिति नालागढ़ की त्रैमासिक बैठक खंड विकास कार्यालय नालागढ़ में मंगलवार को हुई। बीडीसी अध्यक्ष सुमन बंसल की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में आय-व्यय व पिछले कार्यों की समीक्षा की गई। वर्ष 2024-25 के लिए बजट पर चर्चा की गई। बैठक में समिति की रामशहर, पंजैहरा, नालागढ़ दुकानों के न्यूनतम किराया करने पर भी चर्चा हुई।

बीडीसी अध्यक्ष सुमन बंसल ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि बीडीसी सदस्यों की मांगों पर कार्रवाई करें और तीन माह के बाद होने वाली बैठक में पिछले लंबित कार्य में कोई भी सुधार नहीं हुआ है।

उन्होंने इसे प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने की मांग की है। बैठक में बीडीसी सदस्य गीता राम, विकास चंद, सुषमा देवी, रीना देवी, योगेश शर्मा ने बताया कि अर्की विस क्षेत्र के तहत उनकी पंचायतें आती हैं और नालागढ़ में बीडीसी की बैठक में वे आते तो जरूर हैं लेकिन उनके क्षेत्र के विभागीय अधिकारी न आने से उनकी किसी भी समस्या का हल नहीं होता है।

उन्होंने बैठक में प्रस्ताव पारित करके अर्की विस क्षेत्र के अधिकारी भी बैठक में उपस्थिति करवाने की मांग की है। धर्माणा के बीडीसी सदस्य नंदलाल ने नालागढ़ से नेरली जाने वाले बस सेवा को बंद करने पर आपत्ति जताई। इस बस के बंद होने से करीब पंचायतों के लोगों को परेशानी हो रही है। इस बस सेवा दोबारा चलाने की मांग रखी गई। बीडीसी सदस्य सुरेंद्र सैणी ने कहा कि जेबीआर कंपनी की लापरवाही के चलते पूरे बीबीएन की पंचायतों में कूड़ा फैला हुआ है। कंपनी की ओर से सही कार्य नहीं हो पा रहा है, जिससे गंदगी फैली हुई है।

### ये रहे उपस्थित

बैठक में चरणो देवी, परमजीत कौर, कुलदीप कौर, सुरेंद्र सैणी, राजेंद्र सिंह, राणो देवी, बलविंद्र कौर, मनोज कुमार, सत्या देवी, हरपाल कौर, हरविंद्र कौर, सुरेंद्र कौर, गुरचरण दास, सुरेंद्र सिंह, अली मोहम्मद, बिंदर सिंह, विद्या देवी, पुष्पिंद्र कौर समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी रविंद्र कुमार, करण वर्मा, भूपिंद्र सैनी, रजिंद्र पाल, ललिता ठाकुर, आरके शर्मा, श्याम लाल, नीरज, मुनीश ठाकुर, मुकेश शर्मा, नंद कुमार आदि ने भाग लिया।

## मसाला फसलों पर किया जागरूक

**सोलन।** डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी के बीज विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग ने पंचायत पुन्नरधार (संगड़ाह) में एकदिवसीय किसान प्रशिक्षण शिविर एवं किसान मेले का आयोजन किया। इस प्रशिक्षण को केंद्र प्रायोजित एकीकृत बागवानी विकास मिशन के तहत किया गया।

शिविर में पंचायत के महिलाओं एवं युवाओं सहित 75 किसानों ने भाग लिया। बीज विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग के प्रो. और हेड डॉ. नरेंद्र भरत ने किसानों को मसाला फसलों की खेती में प्राकृतिक कृषि पद्धतियों को अपनाने की सलाह दी। बीज विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के सहायक प्रो. डॉ. रोहित वर्मा ने किसानों से मसाला फसलों की खेती में वैज्ञानिक सिद्धांतों को अपनाने का आग्रह किया। पुन्नरधार पंचायत की प्रधान सुचेता देवी ने विवि की पूरी टीम को धन्यवाद दिया।

## छात्र विद्यालय कुनिहार में धूमधाम से मनाया वार्षिक समारोह


कुनिहार विद्यालय में मेधावियों को सम्मानित करते मुख्यातिथि।

**अनंत ज्ञान, अर्की**

राजकीय छात्र वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कुनिहार में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह बड़ी धूमधाम से मनाया गया। समारोह में डॉ. जगदीश नेगी उपनिदेशक (उच्चतर) शिक्षा विभाग जिला सोलन ने बतौर मुख्य अतिथि भाग लिया।

स्कूल के प्रधानाचार्य भूपेंद्र ठाकुर व एसएमसी अध्यक्ष रणजीत ठाकुर ने मुख्यातिथि का स्वागत किया। मुख्यातिथि द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। इसके बाद स्कूली छात्र व छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस मौके पर खंड शिक्षा अधिकारी अर्की श्याम लाल वर्मा ने विद्यालय में सोलर प्लांट स्थापित करने के लिए अपनी ओर से 50 हजार रुपए भेंट किए।

इस मौके पर खंड शिक्षा अधिकारी अर्की स्यामलाल वर्मा, हाटकोट पंचायत प्रधान जगदीश अत्रि, उपप्रधान रोहित जोशी सहित अभिभावक व बच्चे मौजूद रहे।

# रोटरी क्लब पांवटा ने उठाया आनवी के उपचार का जिम्मा

**प्रीति चौहान, पांवटा साहिब**

गंभीर बीमारी से जूझ रही गिरिपार क्षेत्र की सात महीने की बच्ची के उपचार का जिम्मा रोटरी क्लब पांवटा ने उठाया है। अब फोर्टिस अस्पताल मोहाली में रोटरी हार्ट लाइन प्रोजेक्ट के अंतर्गत आनवी का इलाज होगा। मंगलवार को आनवी को लेकर उसके माता-पिता फोर्टिस अस्पताल मोहाली पहुंच गए हैं।

गौर हो कि गिरिपार क्षेत्र के चांदनी पंचायत के सुनील शर्मा की बेटी आनवी के दिल में छेद है, जिसका उपचार मेडिकल कॉलेज नाहन से चल रहा था तथा डॉक्टरों ने बच्ची को आईजीएमसी शिमला के लिए रेफर किया व डॉक्टरों ने बच्चे के ऑपरेशन के लिए कहा लेकिन परिजन आर्थिक रूप से कमजोर होने के कारण वह शिमला नहीं जा पा रहे थे। बच्ची के बीमारी के बारे में राजकीय प्राथमिक पाठशाला चांदनी में तैनात जेबीटी अध्यापिका ज्योति को मिली तथा उन्होंने किसी तरह रोटरी क्लब से संपर्क साधा। उसके बाद बच्ची के उपचार करने के बारे में रोटरी क्लब पांवटा साहिब की अध्यक्ष कविता गर्ग से बात की।


फोर्टिस अस्पताल पहुंचे परिजन।

कविता गर्ग ने रोटरी क्लब के मुख्यालय चंडीगढ़ में चेयरमैन एपी सिंह व अध्यक्ष अनिल चड्डा से बात की। जहां से चेयरमैन एपी सिंह ने फोर्टिस अस्पताल मोहाली के प्रबंधन को पत्र लिखकर उपचार शुरू करने को कहा। फोर्टिस अस्पताल के डॉक्टर रजत गुप्ता ने बच्ची का उपचार शुरू किया और छह फरवरी को बच्ची का ऑपरेशन होगा। (अनंत ज्ञान)

**गुड न्यूज**


## जल शक्ति विभाग तैयार कर रहा 23 करोड़ रुपए की योजना

# नालागढ़ शहर की पेयजल किल्लत होगी दूर

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

नालागढ़ शहर में पेयजल की किल्लत को दूर करने के लिए उठाऊ जलापूर्ति योजना महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगी। जल शक्ति विभाग ने शहर के लिए 23 करोड़ 34 लाख 91 हजार की एक योजना बनाई है। इसके तहत नई राइजिंग लाइन, ओवर हेड स्टोर टैंक, नए पंप हाउस और नई वितरण लाइन बनाई जाएगी। इस योजना के तहत राइजिंग मेन की पाइप आ गई है जिन्हें डालने का कार्य शुरू किया जा रहा है।

विभाग ने अगले 20 सालों को देखते हुए इस योजना का निर्माण कर रहा है। इससे 30 से 40 हजार की जनसंख्या को फायदा होगा। जानकारी के अनुसार औद्योगीकरण की बदौलत निरंतर बढ़ती आबादी के बीच आने वाले वर्षों में नालागढ़ शहर में पेयजल के मौजूदा स्रोत से जरूरत मुताबिक पेयजल की आपूर्ति कर पाना असंभव होने के आसार हैं। इस के दृष्टिगत पेयजल योजना के संवर्धन व नवीनीकरण की दिशा में प्रयास शुरू हुए और 22 करोड़ लागत की इस परियोजना को जमीन पर उतारा गया। नालागढ़ में पेयजल किल्लत को दूर करने के लिए विभाग ने एक बड़ी योजना तैयार की है, जिसे जल्द ही कार्यरूप दिया जाएगा।


नालागढ़ शहर का दृश्य। (फाइल फोटो)

23 करोड़ की इस योजना के तहत साढ़े तीन सौ मिली लीटर की एक राइजिंग पाइप लाइन बिछेगी जो पहले अढ़ाई सौ एमएल की थी। नालागढ़ शहर के साथ लगते तारा देवी में ओवरहेड टैंक का निर्माण होगा। यह टैंक बीस मीटर ऊंचा होगा। टैंक से 32 एमएम से लेकर डेढ़ सौ एमएम तक पाइप लाइन बिछेगी। करीब 67 किमी लंबी वितरण लाइन बनाई जाएगी। नालागढ़ के छह वार्डों में वाटर टैंक बनाए जाएंगे।

### पाइप डालने का कार्य शुरू : एसडीओ

**विभाग** के सहायक अभियंता अभिषेक मोहन कपिल ने बताया कि नंगल स्थित सरिया फैक्टरी के समीप, भाटियां और चिकनी खड्ड से पानी उठाने के लिए पंप हाउस बनाए जाएंगे। चिकनी खड्ड में 11 लाख लीटर की क्षमता का एक कलेक्शन टैंक बनाया जाएगा, जहां पर इन तीनों पंप हाउस से पानी एकत्रित कर तारा देवी टैंक में पहुंचाया जाएगा। इस योजना में दो बड़ी मोटर लगेंगी, जो पानी को लिफ्ट करेगी। एक मोटर को वैकल्पिक व्यवस्था के लिए रखा जाएगा। योजना के तहत राइजिंग मेन की पाइप आ गई है जिन्हें डालने का कार्य शुरू किया जा रहा है।

## न्यूज ब्रीफ

### दो से सकोह में फायरिंग अभ्यास

**धर्मशाला।** समादेशक द्वितीय भारतीय आरक्षित वाहिनी सकोह ने जानकारी दी कि इस वाहिनी की बट्ट रेंज के अंतर्गत पुलिस जवानों का वार्षिक फायरिंग अभ्यास दो से चार फरवरी को प्रातः आठ बजे से शाम शाम बजे तक किया जाएगा। उन्होंने सकोह के वार्ड नंबर-नौ और ग्राम पंचायत चैतड़ू, सराह तथा संबंधित क्षेत्र के लोगों से अनुरोध किया है कि किसी प्रकार की अप्रिय घटना से बचने के लिए इस दौरान फायरिंग रेंज में न जाएं और न ही अपने मवेशियों को वहां जाने दें।

### जसाई स्कूल में सजी भाषण प्रतियोगिता



जसाई स्कूल में पोस्टर दिखाकर जागरूक करते हुए स्टूडेंट्स।

**नगरोटा बगवां।** भारत स्काउट एंड गाइड ड्रग मुक्त कार्यक्रम के अंतर्गत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जसाई में प्रधानाचार्य मंजु मीनाक्षी की अध्यक्षता में स्काउट एंड गाइड इकाई ने रैली, पेंटिंग, शपथ तथा नशा निवारण पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें बच्चों ने भाग लिया। प्रधानाचार्य ने बच्चों को नशा निवारण पर जागरूक किया। इस अवसर पर स्काउट एंड गाइड प्रभारी गुलशन ने बच्चों को नशे के दुष्प्रभावों बारे जानकारी दी। इस अवसर पर स्कूल का तमाम स्टाफ उपस्थित रहा।

### देहरा में कर्मचारियों को किया सम्मानित



डाक मेले में कर्मचारियों को संबोधित करते गणमान्य।

**डाडासीबा।** देहरा में अंवेश उपमन्यु, चीफ पोस्टमास्टर जनरल डाक परिमंडल की उपस्थिति में देहरा प्रधान डाकघर में मंडलीय स्तर का डाक मेला व पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इसमें बलबीर चंद अधीक्षक देहरा मंडल, सनी भारद्वाज सहायक अधीक्षक, अमिताभ निरीक्षक जवाली उपमंडल, पंकज निरीक्षक कांगडा उपमंडल, आशीष ठाकुर डाकपाल कांगड़ा, राकेश कुमार, डाकपाल देहरा सहित अन्य डाक विभाग द्वारा शिरकत की गई। इस समारोह में शीर्ष प्रदर्शन करने वाले कर्मचारियों को सम्मानित किया गया और कर्मचारियों को चीफ पोस्टमस्टर जनरल परिमंडल द्वारा प्रेरित किया गया।

### दरकाटा में जागरूकता शिविर का आयोजन

**देहरा।** कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक शाखा बनखंडी द्वारा नाबार्ड द्वारा प्रायोजित एवं वित्त पोषित एकदिवसीय वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन ग्राम पंचायत दरकाटा में पंचायत प्रधान रेवा शर्मा की अध्यक्षता में किया गया। इस शिविर में केसीसी बैंक लिमिटेड शाखा बनखंडी के प्रबंधक संदीप कुमार द्वारा शिविर में आए हुए लोगों को वित्तीय प्रबंधन, ऋण, सरकार द्वारा जनहित में चलाई गई विभिन्न स्कीमों जैसे कि केसीसी, सेल्फ हेल्प ग्रुप, एनआरएलएम, एमएमएसवाई, रुपए कार्ड, जनधन योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना व अटल पेंशन योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

### जल शक्ति विभाग करेगा भर्ती, अभ्यर्थी नौ फरवरी तक जमा करवाएं फार्म

# जवाली में भरे जाएंगे पंप ऑपरेटर, पैरा फिटर व मल्टीपर्पज वर्कर के 56 पद

**अनिल छांगू, जवाली**

जल शक्ति विभाग जवाली में पंप ऑपरेटर, पैरा फिटर व मल्टी पर्पज वर्कर के पदों को भरने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इसके लिए आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं।

जल शक्ति विभाग जवाली के अधिशाषी अभियंता अजय शर्मा ने बताया कि पंप आप्रेटर के 16 पद, पैरा फिटर के 6 पद व मल्टी पर्पज वर्कर के 34 पदों को भरा जाएगा। उन्होंने कहा कि पंप ऑपरेटर व पैरा फिटर को 6000 रुपए मासिक तथा मल्टी पर्पज वर्कर को 4400 रुपए मासिक दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि पंप ऑपरेटर पद पर आवेदन करने वालों को दसवीं प्रमाण पत्र सहित इलेक्ट्रिशियन, वॉयरमैन, डीजल मेकेनिक, पंप मेकेनिक, पंप ऑपरेटर कम मेकेनिक ट्रेड में आईटीआई का प्रमाण पत्र अनिवार्य होगा। इसके साथ ही पैरा फिटर के लिए दसवीं प्रमाण पत्र सहित फिटर, प्लंबर का सर्टिफिकेट तथा मल्टी पर्पज वर्कर के लिए मिडल पास का सर्टिफिकेट होना अनिवार्य है।



अधिशाषी अभियंता अजय शर्मा ने बताया कि आवेदन फार्म के साथ दसवीं का प्रमाण पत्र, आयु प्रमाण पत्र, बीपीएल प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, आईटीआई प्रमाण पत्र, हिमाचली बोनाफाइड, अनुभव प्रमाण पत्र लगाकर आवेदक पहली फरवरी 2024 से नौ फरवरी 2024 तक सुबह 11 बजे से लेकर चार बजे तक कार्यालय में जमा करवा सकते हैं। इसके लिए 18 से 45वर्ष की आयु वाले आवेदन कर सकते हैं। (अनंत ज्ञान)

#### इन-इन पदों पर होगी भर्ती

**जल** शक्ति विभाग जवाली के अधिशाषी अभियंता अजय शर्मा ने बताया कि पंप आप्रेटर के 16 पद, पैरा फिटर के 6 पद व मल्टी पर्पज वर्कर के 34 पदों को भरा जाएगा।

# जवाली में वन मित्र बनने को आज दौड़ेंगे युवा

### 13 बीटों में रखे जाएंगे बारह वन मित्र

**अनंत ज्ञान, जवाली**

वन परिक्षेत्र जवाली के अधीन पड़ती 13 बीटों में 12 वन मित्र रखे जाएंगे, जिसके लिए आवेदन आमंत्रित किए गए थे। डीएफओ नूरपूर अमित शर्मा व वन रेंज अधिकारी आशीष कुमार ने बताया कि 12 पदों के लिए 1216 पुरुष व महिला आवेदकों ने आवेदन किया था। उन्होंने बताया कि 12 पदों के लिए जवाली में 31 जनवरी को 1216 आवेदक दौड़ लगाएंगे। 31 जनवरी को उक्त आवेदकों की कैहरियां चौक से बाथू दी लड़ी मार्ग पर दौड़ करवाई जाएगी। इसमें पुरुषों के लिए पांच किलोमीटर दौड़ को 30 मिनट व महिलाओं की 1500 मीटर दौड़ के लिए दस मिनट का समय निर्धारित किया गया है। उन्होंने आवेदकों से अपील की है कि 31 जनवरी को सुबह 8:30 बजे कैहरियां चौक पर पहुंच जाएं।



#### एसडीएम प्रियांशु खाती के बोल

**एसडीएम** जवाली प्रियांशु खाती ने बताया कि दौड़ के लिए उक्त मार्ग पर सुबह 8:30 बजे से लेकर शाम 5:30 बजे तक वाहनों की आवाजाही बंद रहेगी। बैरिकेट्स लगाकर मार्ग को बंद रखा जाएगा।

## 32 पदों के लिए भूतपूर्व सैनिकों के आश्रितों की काउंसलिंग आठ से

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

उपनिदेशक प्रारंभिक शिक्षा मोहिंद्र कुमार ने आज यहां बताया कि भूतपूर्व सैनिकों के आश्रितों के लिए जेबीटी के 32 पदों तथा स्वतंत्रता सैनानी के आश्रित के एक पद को बैच आधार पर भरने के लिए आठ व नौ फरवरी को धर्मशाला में काउंसलिंग निर्धारित की गई है। काउंसलिंग नर्सरी मिडल स्कूल धर्मशाला में की जाएगी।

इसमें आठ फरवरी को जिला कांगड़ा से संबंध रखने वाले अभ्यर्थी भाग ले सकते हैं और अन्य जिलों के अभ्यर्थियों के लिए नौ फरवरी की तिथि निर्धारित की गई है। इस चयन प्रक्रिया में केवल वहीं अभ्यर्थी भाग ले सकते हैं।

इनका नाम संबंधित रोजगार कार्यालय में दर्ज है तथा आर एंड पी नियमों के तहत निर्धारित योग्यता पूर्ण करते हैं।

वहीं, उपनिदेशक प्रारंभिक शिक्षा ने बताया कि इस भर्ती प्रक्रिया में सामान्य वर्ग की 21, अन्य पिछड़ा वर्ग की तीन, अनुसूचित जाति की सात तथा अनुसूचित जनजाति के एक पद को भरने के लिए काउंसलिंग की जाएगी। वहीं स्वतंत्रता सेनानी के आश्रित का एक पद अनुसूचित जाति वर्ग के लिए आरक्षित है।

#### वेबसाइट पर उपलब्ध रहेगी अन्य जानकारी

**मोहिंद्र** कुमार ने बताया कि उक्त पदों के लिए आवेदन प्रपत्र, आर एंड पी नियमों की कॉपी, आवश्यक दस्तावेजों और शैक्षणिक योग्यता से संबंधित जानकारी कार्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध रहेगी। उन्होंने बताया कि प्रार्थी कार्यालय की वेबसाइट से बायोडाटा फार्म डाउनलोड कर उसे काउंसलिंग वाले दिन साथ लेकर आएं। इसके अतिरिक्त किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए कार्यालय के दूरभाष नंबर 01892223155 पर किसी भी कार्य दिवस में संपर्क किया जा सकता है।




हिमाचल सरकार के मजदूर विरोधी फैसले के खिलाफ मंडी रैली धरने में शामिल होने के लिए जाते ट्रेड यूनियन को-आर्डिनेशन सेंटर के प्रदेश अधिकारी।

## जेबीटी बैच आधार पर 1161 पदों पर नियुक्तियों की उठाई मांग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

एलिमेंटरी प्रशिक्षित अध्यापक संघ ने सोमवार को जिलाधीश कांगड़ा के माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंप कर जेबीटी बैच आधार नियुक्तियां शीघ्र करने की गुहार लगाई है।

मुख्यमंत्री को भेजे ज्ञापन में संघ ने कहा कि जेबीटी बैच आधार 1161 पदों पर नियुक्तियां शीघ्र अति शीघ्र करने की अनुमति प्रदान की जाए, ताकि प्रशिक्षित अध्यापकों के भविष्य को सुरक्षित किया जा सके। उन्होंने कहा है कि प्रदेश भर में जेबीटी के करीब 4000 पद रिक्त हैं। संघ ने मुख्यमंत्री से गुहार लगाई है कि उनकी उक्त मांग को जल्द पूरा किया जाए। जिलाधीश से मिले एलिमेंटरी प्रशिक्षित अध्यापक संघ के प्रतिनिधि मंडल में संघ के कार्यकारी अध्यक्ष हरीश कुमार, संदीप पटियाल, पूनम बाला, ज्योति देवी, ज्योति शर्मा, सुनीता देवी, कुलदीप सिंह, अनिल कुमार व मुनीष सहित विभिन्न पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे। वहीं, एलिमेंटरी प्रशिक्षित अध्यापक संघ ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंप कर जेबीटी बैच आधार नियुक्तियां शीघ्र करने की गुहार लगाई है।

## जल्द देहरा आ सकते है सीएम

**डाडासीबा।** हिमाचल प्रदेश कांग्रेस मत्स्य विभाग के अध्यक्ष व लोकसभा क्षेत्र शिमला के को-ऑर्डिनेटर नरदेव कंवर ने बताया कि अति शीघ्र मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम के तहत विधानसभा क्षेत्र देहरा का रूख करेंगे । उन्होंने बताया कि अभी समय, जगह व दिनांक तय नहीं हुई है, लेकिन शीघ्र ही मुख्यमंत्री देहरा वासियों से रू-ब-रू होंगे। उनके आगमन की तैयारी को लेकर मंगलवार को उन्होंने रेस्ट हाउस देहरा में एसडीम देहरा सहित समस्त विभागों के उच्च प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक की। उन्होंने बताया कि आठ जनवरी से लेकर 12 फरवरी तक पूरे प्रदेश में सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम अभियान चला हुआ है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के दौरान लोगों को प्रदेश सरकार द्वारा राज्य को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में किए जा रहे। इस दौरान लोगों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए शुरू की गई योजनाओं की जानकारी विस्तार से दी जाएगी।

# कुष्ठ रोग से डरें नहीं, सीधे इलाज करवाएं

### राष्ट्रीय एंटी लेप्रोसी डे पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सुशील शर्मा ने दिए टिप्स

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

30 जनवरी को राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत राष्ट्रीय एंटी लेप्रोसी डे मुख्य चिकित्सा अधिकारी कांगड़ा डॉ. सुशील शर्मा के सौजन्य से राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सराह में मनाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों, स्टाफ तथा आम आदमी को कुष्ठ रोग के बारे में जागरूक करना था।

जानकारी देते हुए जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. तरुण सूद ने बताया की ऐसे लोग जिनकी त्वचा पर हल्के रंग या तांबी रंग का दाग हो या चमड़ी के रंग में बदलाव हुआ हो, हाथ या पांव में सुनपन हो यह



कुष्ठ रोग के लक्षण हो सकते हैं। अगर उपरोक्त लक्षणों में से कोई भी लक्षण दिखाई दे तो तुरंत नजदीक के स्वास्थ्य केंद्र में जाकर अपनी जांच करवानी चाहिए। जांच में कुष्ठ रोग की पुष्टि अगर हो तो इसका इलाज सरकार द्वारा मुफ्त किया जाता है और व्यक्ति आगे किसी भी प्रकार की विकलांगता से बच सकता है। इसका इलाज लंबा चलता है, लेकिन पूरा इलाज करने पर व्यक्ति बिलकुल ठीक हो जाता है । आगे जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि अगर आज किसी व्यक्ति के शरीर में इस रोग के रोगाणु प्रवेश करते हैं तो बीमारी के लक्षण आने में कई साल भी लग सकते हैं। कुष्ठ रोग भी आम बीमारियों की तरह एक बीमारी है तथा इसका शत-प्रतिशत इलाज संभव है। अगर व्यक्ति अपनी दवाई समय से तथा तथा बताए हुए समय तक खाता है तो वह पूरी तरह स्वस्थ हो जाता है।




#### किसी से भी बीमारी को छुपाएं नहीं

**स्कूल** की प्रधानाचार्य सुरिंदरा कौशल ने बच्चों तथा बाकी स्टाफ से यह आह्वान किया कि वे कुष्ठ रोग के बारे में ज्यादा से ज्यादा लोगों को जागरूक करें, ताकि लोग इस बीमारी से ग्रसित लोगों के साथ भेदभाव न करें क्योंकि भेदभाव करने के कारण आमतौर पर लोग इस बीमारी को छुपाते हैं तथा समय रहते हुए निदान और उपचार से वंचित रह जाते हैं। अतः समाज में इतनी जागरुकता आ जाए की लोग इस बीमारी को न छुपाते हुए समय पर इलाज करवाए।

#### रोगी से किसी भी प्रकार का भेदभाव न करें

**स्वास्थ्य** शिक्षिका अंजलि ने लोगों से आग्रह किया कि इस बीमारी को कोई दैवीय प्रकोप न समझते हुए आम बीमारी की तरह ही लें तथा समय रहते इसका इलाज करवाएं। कुष्ठ रोगी के साथ किसी भी प्रकार का भेदभाव न करें। अतः इस प्राप्त जानकारी को ज्यादा से ज्यादा लोगों के साथ सांझा करें ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग इस इस बीमारी के प्रति जागरूक हो।

## वेलफेयर एसोसिएशन की बैठक तीन को

**इंदौरा।** जिला कांगड़ा पेंशनर संघ के प्रधान कृष्ण स्वरूप शर्मा ने बताया कि हिमाचल प्रदेश वेलफेयर एसोसिएशन की बैठक तीन फरवरी को शिमला में होगी। इस बैठक में जिला कांगड़ा के पेंशनर संघ के प्रतिनिधी भाग लेगें। क्योंकि जिला कांगड़ा की उस से ऐफिलिएशन है। उन्होंने ने कहा कि बैठक में जो भी फैसला लिया जाएगा। उसके आधार पर ही जिला कांगड़ा पेंशनर संघ राज्य के साथ कधें से कधां मिला कर उनके साथ खड़ा रहेगा। उन्होंने ने कहा कि राज्य के साथ ऐफिलिएशन होने के कारण अपने तौर पर कोई भी फैसला नहीं लिया जाएगा। हिमाचल प्रदेश पेंशनर एसोसिएशन के प्रधान आत्माराम शर्मा ने बैठक के बारे में उन्हें फोन के माध्यम से जानकारी दी है। वहीं, जिला कांगड़ा पेंशनर संघ के प्रधान कृष्ण स्वरूप शर्मा ने बताया कि हिमाचल प्रदेश वेलफेयर एसोसिएशन की बैठक तीन फरवरी को शिमला में होगी।

## सरस्वती विद्या मंदिर परागपुर में सालाना समारोह की धूम, कार्यक्रम किए प्रस्तुत

**अनंत ज्ञान, परागपुर**

क्षेत्र के प्रमुख समाजसेवी और बीडीसी सदस्य अनुज शर्मा ने कहा कि कैप्टन संजय पराशर के प्रयासों ने सरस्वती विद्या मंदिर, परागपुर का कायाकल्प करने में प्रमुख भूमिका अदा की है और इस संस्थान के विद्यार्थियों के लिए पराशर ने रोजगार के साधनों का सृजन भी किया हैं।

मंगलवार को सरस्वती विद्या मंदिर, परागपुर के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में बतौर मुख्यातिथि पधारे अनुज ने कहा कि संजय पराशर ने अपने संसाधनों से इस विद्यालय में तीस लाख रुपए खर्च करके आधुनिक प्रयोगशाला का निर्माण करवाया। इसी संस्थान के जमा के एक व दो के विद्यार्थियों की पढ़ाई का खर्च उठाया और मर्चेंट नेवी में नौकरी दिलवाने में भी अहम भूमिका निभा रहे हैं। कहा कि पराशर के शिक्षा, रोजगार और स्वास्थ्य के क्षेत्र में किए गए प्रयास रंग लाए हैं और परागपुर भी क्षेत्र में एजुकेशन हब के रूप में ख्याति प्राप्त कर चुका है। वहीं, कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में पहुंचे कैप्टन संजय के पिता रमेश पराशर ने कहा कि उनके बेटे संजय बचपन से ही सामाजिक सरोकारों को निभाने में बड़ी भूमिका निभाते रहे हैं। वहीं, मुंबई में पराशर ने स्थानीय वासियों और हजारों समुद्री नाविकों की विपरित परिस्थितियों में सहायता की है। आज भी जब कोई नाविक मुसीबत में फंस जाता है तो सबसे पहले उसे संजय पराशर ही याद आते हैं। इस समोराह में बच्चों ने सांस्कृतिक व रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत करके दर्शकों का मन मोह लिया। इस अवसर पर सरस्वती विद्या मंदिर हिमाचल शिक्षा समिति अध्यक्ष मोहन केष्टा, जिला समिति ऊना के अध्यक्ष यशपाल सिंह कंवर, सरस्वती विद्या मंदिर स्थानीय प्रबंध समिति प्रबंधक नानक चंद शर्मा, अधिकृत सदस्य जगन्नाथ शर्मा, सदस्य होशियार सिंह, सुमन सूद , सुमन लता, विनोद और कृष्ण कुमार सूद सहित अभिभावक भी मौजूद रहे।



सालाना समारोह के दौरान छात्रों को सम्मानित करते स्कूल के स्टाफ सदस्य।

## तीन माह वेतन न मिलने पर कर्मियों ने कंपनी के खिलाफ किया प्रदर्शन

**ओपी वर्मा, शाहपुरकंडी**

शाहपुरकंडी बैराज परियोजना पर पावर हाउस के निर्माण कार्य में कार्यरत एक निजी कंपनी ओमिल जेबी के कर्मचारियों को समय पर वेतन न मिलने के कारण उनमें भारी रोष पाया जा रहा है। कर्मचारियों का कहना है कि उन्हें पिछले तीन-तीन महीने से वेतन की अदायगी नहीं की जा रही है।

उन्होंने कहा कि जब तक उनकी मांगे पूरी नहीं हो जाती तब तक बह अपने काम पर नहीं जाएंगे। इस संबंध में कर्मचारी नेता सुनील कुमार, इमरान, बिट्टू एवं कालूराम ने बताया कि कंपनी में कार्यरत ठेकेदार की ओर से उन्हें तीन-तीन महिनों से सैलरी की अदायगी नहीं की जा रही। इसके अलावा सेफ्टी के नाम पर मात्र हेलमेट के अलावा उन्हें कुछ भी नहीं दिया जाता तथा खाने बनाने के लिए न ही हीटर उपलब्ध करवाया जाता है और न ही लकड़ियां। इसके चलते समूह कर्मचारियों में कंपनी एवं ठेकेदार के खिलाफ भारी रोग पाया जा रहा है तथा उन्होंने कंपनी के खिलाफ प्रदर्शन भी किया। वहीं, उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि जब तक उनकी समस्याओं का लिखित तौर पर समाधान नहीं किया जाता तब तक उनका संघर्ष जारी रहेगा। जब इस संबंध में कंपनी के महाप्रबंधक आरएस राय से बात की गई तो उन्होंने बताया कि कुछ कानूनी कारण के चलते मात्र दिसंबर और जनवरी का वेतन लेट हुआ है। इनकी शीघ्र ही अदायगी कर दी जाएगी तथा जहां तक सेफ्टी का सवाल है तो हर साइड पर काम करने वाले कर्मचारियों की पूरी सेफ्टी का ध्यान रखा जाता है। (अनंत ज्ञान)



वेतन न मिलने पर कंपनी प्रबंधन के खिलाफ प्रदर्शन करते कर्मचारी।

**चुनाव** | प्रेसवार्ता के दौरान बोले बिंदल-कांग्रेस के गिरते ग्राफ, मोदी की पर्सनेलिटी में होगा चुनाव

# चुनावों में कांगड़ा की अहमियत कम नहीं : राजीव बिंदल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के ऐन बाद बिहार में विपक्ष से सत्ता में लौटी बीजेपी अब पूरी तरह लोकसभा चुनावों पर केंद्रित नजर आ रही है। इसी की वानगी है कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा कांगड़ा दौरे पर आ रहे हैं। कहते हैं कि प्रदेश की सत्ता का रास्ता कांगड़ा से होकर गुजरता है तो वहीं लोकसभा चुनावों में भी कांगड़ा की अहमियत कम नहीं रहेगी।

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष से जगत प्रकाश नड्डा तीन फरवरी को धर्मशाला में अभिनंदन समारोह में भाग लेंगे। भाजपा की ओर से यह कार्यक्रम तय किया गया है। लोकसभा चुनाव से पहले नड्डा का यह दौरा कांगड़ा जिला के लिए भाजपा में नई जान फूकेंगा। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के दौरे को लेकर आज धर्मशाला में प्रेस वार्ता की। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा कांगड़ा के दौरे पर आ रहे है। डॉ. राजीव बिंदल ने कहा कि अभी हाल ही में हुए पांच राज्यों के चुनाव में भाजपा को चार राज्यों में प्रचंड जीत मिली है, बिंदल ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष से जगत प्रकाश नड्डा की अगुआई में भारतीय जनता पार्टी आगे बढ़ रही है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यों से लोग भाजपा को जीता रहे हैं। बिंदल ने कहा कि चार राज्य में मिली प्रचंड जीत के बाद भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा पहली बार कांगड़ा जिला के दौर में आ रहे हैं तथा उनका हिमाचल भाजपा की ओर से गर्म जोशी के साथ स्वागत किया जाएगा। बिंदल ने कहा कि नड्डा का दौरा कार्यकर्ताओं में उत्साह बढ़ाएगा। डॉ. राजीव बिंदल ने कहा कि धर्मशाला के जोरावर मैदान में जगत प्रकाश नड्डा का अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया है। वह भाजपा कार्यकर्ताओं को वहां से संबोधित करेंगे। प्रदेशाध्यक्ष ने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश के अंदर और देश के बाहर उनका कद बड़ा है। बिंदल ने कांग्रेस पर भी खूब निशाना साधा और कांग्रेस द्वारा किए गए इंडिया गठबंधन पर भी खूब बरसे, उन्होंने कहा कि आज इंडिया गंठबंधन आज टूट रहा है, आज इडी के पास बचा क्या है। कांग्रेस पार्टी परिवार बाद कि पार्टी है, आज कांग्रेस को कोई राज्य स्वीकार नहीं कर रहा है। राष्ट्रीय स्तर पर जो कांग्रेस का हाल है वो प्रदेश में भी होने वाला है 14 महीने की सरकार में जनता सड़कों पर हैं। प्रदेश के हर कोने में सरकार का विरोध हो रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार की गिरती हुई साख ओर मोदी की बढ़ती पर्सनेलिटी के साथ चुनाव हो रहा है। इस मौके पर भाजपा नेता तथा सुलाह के विधायक विपिन परमार, कांगड़ा के विधायक पवन काजल, प्रदेश महामंत्री त्रिलोक कपूर, धर्मशाला के पूर्व विधायक विशाल नेहरिया, कांगड़ा जिलाध्यक्ष सचिन शर्मा, राहुल चौहान तथा विश्व चक्षु आदि मौजूद रहे।



भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल प्रेसवार्ता करते हुए।

# मंडी में मजदूर संगठनों का हल्ला बोल

## श्रमिक कल्याण बोर्ड का काम गैर कानूनी तौर पर रोकने के खिलाफ किया गया प्रदर्शन

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी



मंडी में मंगलवार को पारंपरिक वाद्य यंत्रों के साथ प्रदर्शन करते मजदूर संगठन।

राज्य श्रमिक कल्याण बोर्ड से मंडी जिले के पंजीकृत 80 हजार मनरेगा व निर्माण मजदूरों की वित्तीय सहायता गैर कानूनी तौर पर रोकने के खिलाफ मंगलवार को मंडी में सरकार के खिलफ पांच मजदूर संगठनों ने सामूहिक प्रदर्शन किया और शहर में रैली निकाली।

सभी मजदूर संगठनों के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने सेरी मंच पर इकट्ठा होकर शहर में पारंपरिक वाद्य यंत्रों के साथ रैली निकाली और सुक्खू सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की साथ ही उपायुक्त कार्यालय के मुख्य द्वार पर जनसभा आयोजित कर उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा। सीटू के जिला प्रधान भूपेंद्र सिंह ने बताया की विरोध-प्रदर्शन का मुख्य कारण सुक्खू सरकार का मजदूर विरोधी फैसला है। उन्होंने बताया कि सुक्खू के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा मनरेगा व निर्माण मजदूरों को श्रमिक कल्याण बोर्ड से बाहर करने और उनकी सहायता रोकने का फैसला 12 दिसंबर 2012 को लिया था जिसके खिलाफ सभी ट्रेड यूनियनों ने विरोध किया लेकिन सरकार ने प्रदेश के साढ़े चार लाख मजदूरों के करोड़ों रुपए की सहायता रोक दी है और उसके साथ बोर्ड में पंजीकरण और नवीनीकरण भी रोक दिया है।

जिसके खिलाफ जनवरी माह से घर गांव में जनअभियान किया गया और जिला स्तर पर विरोध रैलियां आयोजित की जा रही हैं। उन्होंने बताया की 30 जनवरी को मंडी और कुल्लू में रैलियां की गई। 31 जनवरी को बंजार में पहली फरवरी को शिमला, रोहड़ू और रामपुर, पांच फरवरी को हमीरपुर, सात फरवरी को धर्मशाला, आठ को ऊना और नौ को बिलासपुर में विरोध रैली होगी और उसी दिन संयुक्त संघर्ष समिति की बैठक बिलासपुर में आयोजित करके अगली योजना तैयार की जाएगी।

रैली निकाल जताया विरोध उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

### नाराजगी जताई

संघर्ष समिति ने मनरेगा मजदूरों को राज्य सरकार द्वारा घोषित 240 दिहाड़ी अभी तक न मिलने पर भी नाराजगी जताई है जिन्हें अभी 198 रुपए ही मिल रहे हैं। जिसका कारण राज्य सरकार द्वारा अपना दस प्रतिशत हिस्सा जारी न करना है। इसलिए उन्होंने सरकार से घोषित 240 रुपए दिहाड़ी जल्दी जारी करने की भी मांग है। मनरेगा मजदूरों को प्रदेश सरकार की अन्य दिहड़ीदारों के लिए निर्धारित 375 रुपए मजदूरी देने की भी मांग सरकार से की गई। इसके लिए आगामी बजट में प्रावधान करने की मांग की है।

# द्रंग कांग्रेस ने राष्ट्रपिता को किया याद

**पधर।** द्रंग ब्लॉक कांग्रेस पार्टी ने शहीदी दिवस के अवसर पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को याद करते हुए उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष बामन देव ठाकुर की अध्यक्षता में पार्टी कार्यालय पधर में आयोजित कार्यक्रम में पार्टी के दर्जनों पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने शिरकत की। इस दौरान बामन देव ठाकुर ने कहा कि हर वर्ष 30 जनवरी को महात्मा गांधी की याद में शहीदी दिवस के रूप में मनाया जाता है, जिनकी 1948 में इसी दिन हत्या कर दी गई थी। महात्मा गांधी एक भारतीय वकील, राजनीतिज्ञ, सामाजिक कार्यकर्ता और लेखक थे, जिन्होंने ब्रिटिश शासन के खिलाफ स्वतंत्रता आंदोलन का नेतृत्व किया। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से उनके सिखाए मार्ग पर चलते हुए राष्ट्र निर्माण में अहम भूमिका निभाने का आह्वान किया।

# मंडी में पंचायतीराज संस्थाओं का उपचुनाव 25 फरवरी को

जिला निर्वाचन अधिकारी पंचायत अरिंदम चौधरी ने दी जानकारी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

गोपालपुर विकास खंड की ग्राम पंचायत बलद्वाड़ा में प्रधान तथा धर्मपुर विकास खंड की ग्राम पंचायत बनाल में उपप्रधान के रिक्त हुए पद के लिए उपचुनाव 25 फरवरी को करवाया जाएगा। यह जानकारी जिला निर्वाचन अधिकारी पंचायत अरिंदम चौधरी ने दी। उन्होंने बताया कि इसके अलावा चौंतड़ा विकास खंड की ग्राम पंचायत पैहड़-बडैलू के वार्ड रेहडू अमेहर बराली, बडोल पंचायत के वार्ड दिवडियाणू, तुलाह पंचायत के वार्ड चुल्हा-1, बडेहड़ पंचायत के वार्ड बनगेहड़-1, विकास खंड धर्मपुर की ग्राम पंचायत गवाला के वार्ड कनुही, दतवाड़ पंचायत के वार्ड कचहली-2, गोहर विकास खंड की ग्राम पंचायत मझोठी के वार्ड गडीमान-1, विकास खंड बल्ह की ग्राम पंचायत कोठी के वार्ड समलेहड़, सरध्वार पंचायत के वार्ड सरध्वार-2 व चौकीचंद्राहन, कुम्मी पंचायत के वार्ड कुम्मी-3, विकास खंड चुराग की ग्राम पंचायत मशगोल के वार्ड बुंदल, गोपालपुर विकास खंड की ग्राम पंचायत फतेहपुर के वार्ड फतेहपुर-3, विकास खंड द्रंग की ग्राम पंचायत पाली के वार्ड पीपली, रोपापधर के वार्ड चनागन-1, सराज विकास खंड की ग्राम पंचायत जैंशला के वार्ड द्रुनू, कयोली के वार्ड कयोली-2 तथा सुंदरनगर विकास खंड की ग्राम पंचायत बायला के वार्ड कुराडा में रिक्त हुए वार्ड सदस्यों के लिए भी उपचुनाव 25 फरवरी को करवाया जाएगा। उपचुनाव के लिए आठ, नौ तथा 12 फरवरी को सुबह 11 बजे से सायं तीन बजे तक नामांकन पत्र दाखिल किए जाएंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### कुष्ठ रोग के प्रति किया जागरूक




शहर में रैली निकालती नर्सिंग कॉलेज की छात्राएं।

**मंडी।** राष्ट्रीय कुष्ठ रोग निवारण दिवस पर मंगलवार को क्षेत्रीय अस्पताल मंडी में स्पर्श जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता सीएमओ मंडी डॉ. एनके भारद्वाज ने की। उन्होंने कहा कि कुष्ठ रोग दिवस मनाने का उद्देश्य समाज में नए कुष्ठ मामलों का पता लगाना और उनका शीघ्र उपचार करना है ताकि इस रोग को रोका जा सके। यह रोग कोई अभिशाप नहीं है। इस बीमारी को कलंक न समझते हुए इससे जुड़ी भ्रांतियों और अंधविश्वास के खिलाफ लोगों को जागरूक करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि त्वचा पर घाव प्राथमिक बाह्य संकेत हैं। यदि इसे अनुपचारित छोड़ दिया जाए, तो कुष्ठ रोग बढ़ सकता है, जिससे त्वचा, नसों, हाथ-पैरों और आंखों में स्थायी क्षति हो सकती है। इस दौरान सीएमओ एनके भारद्वाज ने जोनल अस्पताल में विभिन्न स्कूलों से आए छात्र-छात्राओं को हरी झंडी दिखाकर कुष्ठ रोग जागरूकता रैली को रवाना किया। जिसमें स्कूली बच्चों द्वारा स्लोगन व नारों के माध्यम से पूरे शहरवासियों को जागरूक किया।

### सराज के तुलेश बने जिला अध्यक्ष



**बालीचौकी।** राष्ट्रीय देवभूमि पार्टी व देवभूमि क्षत्रिय संगठन एवं स्वर्ण मोर्चा की प्रदेश स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। इसमें पार्टी व संगठन द्वारा अहम निर्णय लिए गए। बैठक में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष रुमित सिंह ठाकुर को इस बार लोकसभा चुनाव में उतारे जाने पर भी मंथन किया गया। बैठक में सराज विधानसभा क्षेत्र के तुलेश कुमार ठाकुर को देवभूमि पार्टी के युवा मोर्चा का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया।

### इंटर विवि क्रिकेट प्रतियोगिता शुरू



क्रिकेट प्रतियोगिता के शुभारंभ पर मुख्यातिथि को सम्मानित करते आयोजक।

**सुंदरनगर।** एमएलएसएम कॉलेज सुंदरनगर में नॉर्थ जोन अंतर विश्वविद्यालय क्रिकेट प्रतियोगिता के प्रथम मैच में जिला कांग्रेस कमेटी के अंतरिम अध्यक्ष हरेंद्र सेन ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस मौके पर उनके साथ जिला मंडी कांग्रेस कमेटी के महामंत्री राहुल कपूर तथा अन्य कार्यकर्ता भी शामिल रहे। कॉलेज प्रबंधन द्वारा उन्हें शॉल, टोपी और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। प्रथम मैच जम्मू और लुधियाना की टीम के बीच में खेला गया। इस अवसर पर उन्होंने सभी खिलाड़ियों से खेल को खेल भावना से खेलने का आग्रह किया और सभी खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए उनको शुभकामनाएं दी।

### राजा सिंह मल्होत्रा को किया सम्मानित



सोच फाउंडेशन के संस्थापक राजा सिंह मल्होत्रा को सम्मानित करते हुए महापौर।

**मंडी।** नगर निगम मंडी के महापौर विरेंद्र भट्ट ने सोच फाउंडेशन के संस्थापक राजा सिंह मल्होत्रा को नगर निगम मंडी द्वारा आयोजित स्वच्छता समारोह में उनके योगदान के लिए सम्मानित किया। राजा सिंह मल्होत्रा ने महापौर विरेंद्र भट्ट से शहर की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की तथा भविष्य में भी ऐसे योगदान को लेकर उन्हें आश्वस्त किया। इस मौके पर सोच फाउंडेशन के संस्थापक राजा सिंह मल्होत्रा एवं मंडी महोत्सव आयोजन समिति के संयोजक गौरव शर्मा द्वारा महापौर विरेंद्र भट्ट एवं आयुक्त एचएस राणा को शॉल देकर उनका अभिनंदन किया गया।

### आज होने वाला ड्राइविंग टेस्ट रद्द

**मंडी।** क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी कार्यालय मंडी द्वारा 31 जनवरी को मंडी में प्रस्तावित ड्राइविंग टेस्ट को रद्द कर दिया गया है। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी सोमिल गौतम ने बताया कि क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी कार्यालय मंडी द्वारा 31 जनवरी को मंडी में ड्राइविंग टेस्ट प्रस्तावित किया गया था, जिसे प्रशासनिक कारणों से रद्द कर दिया गया है।

# लडभड़ोल में चोरों ने मंदिर के ताले तोड़ कर की चोरी

अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर




धरती माता मंदिर के बाहर पड़े दानपात्र।

लडभड़ोल तहसील की ग्राम पंचायत खद्दर में स्थित धरती माता मंदिर खद्दर में चोरों ने मंदिर के ताले तोड़कर चोरी की हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार खद्दर निवासी कुलदीप कुमार सोमवार को सुबह 10 बजे धरती माता मंदिर में माथा टेकने गए तो उन्होंने देखा कि शिव मंदिर व धरती माता मंदिर का ताला व साथ में सराय के एक बीच वाले कमरे का ताला टूटा हुआ पाया और साथ ही माता मंदिर के दोनों दान पात्रों के ताले भी टूटे हुए पाए गए। उन्होंने इसकी सूचना अपने चाचा सूरज प्रकाश सकलानी को फोन के माध्यम से दी और खद्दर पंचायत प्रधान प्रीतो देवी व अन्य गांववासियों को बताया। बता दें कि इस मंदिर में पुजारी संसार चंद निवासी झुलगण रहते थे, जो कि पिछले 25 दिनों बीमार चल रहे हैं और वह मंदिर में नहीं आए। इस चोरी में चांदी का एक छतर मानटीका एक नत्थ व एक गले से श्रद्धालुओं द्वारा डाले गए रुपए भी चोर चुरा ले गए हैं। मौके पर लडभड़ोल पुलिस चौकी कर्मचारियों ने बयान लिए। इस बारे में डीएसपी पधर संजीव सूद ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि मंदिरों में सीसीटीवी या पुजारी रखना सुनिश्चित करें और मंदिरों में श्रद्धालुओं द्वारा चढ़ाई गई नकदी की जानकारी स्थानीय पुलिस चौकी को जरूर दें।

# जल्द मिले डीए की बकाया राशि

**मंडी।** हिमाचल प्रदेश राजकीय भाषायी अध्यापक संघ के राज्य अध्यक्ष हेमराज ठाकुर, महासचिव अर्जुन सिंह, कोषाध्यक्ष डॉ. ललित कुमार, संयोजक धनवीर सिंह, महिला मोर्चा की राज्य अध्यक्ष मीरा शर्मा और संघ के संस्थापक नरेंद्र कुमार शर्मा ने जारी संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति में प्रदेश सरकार से हिमाचल के कर्मचारियों को डीए की बकाया राशि को तुरंत प्रदान करने की मांग उठाई है। संघ के राज्य अध्यक्ष हेमराज ठाकुर ने बताया कि लंबे अरसे से हिमाचल के कर्मचारी हर विशेष अवसर पर सीएम की घोषणा का इंतजार करते रहे, परंतु अवसर बीतने पर हर बार निराशा ही हाथ लगती है। हिमाचल के कर्मचारियों के वेतन भत्ते भी पुरानी दरों से ही दिए जा रहे हैं, जबकि नवीन संशोधित वेतनमान हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा लागू कर दिया गया है। नवीन वेतनमान के साथ भत्ते भी संशोधित होने चाहिए थे, सरकार ने टीए, डीए के भुगतान के लिए दूरी मानक में तो संशोधन कर दिया पर दरें पुरानी ही रहने दी।

# विद्यार्थी लक्ष्य प्राप्ति के लिए करें कड़ी से कड़ी मेहनत: केके शर्मा

## गुम्मा स्कूल में वार्षिक समारोह के दौरान मुख्यातिथि का आह्वान

अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर



गुम्मा स्कूल के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह के दौरान मुख्यातिथि एसडीएम केके शर्मा को सम्मानित करते आयोजक।

एसडीएम जोगिंद्रनगर कृष्ण कुमार शर्मा ने कहा कि विद्यार्थी जीवन में लक्ष्य प्राप्ति के लिए अपनी क्षमता की पहचान कर कड़ी मेहनत करें। जीवन में केवल कड़ी मेहनत ही एक ऐसा माध्यम है, जिसके तहत व्यक्ति सफलता की बुलंदियों को प्राप्त कर सकता है। यह बात एसडीएम ने मंगलवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गुम्मा के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में बतौर मुख्यातिथि कही। उन्होंने बच्चों को नसीहत देते हुए कहा कि जीवन में आगे बढ़ने के लिए वे एक भाव के साथ निर्धारित लक्ष्य का बीजारोपण करें।

उन्होंने कहा कि आगे बढ़ने का यह भाव जीवन पर्यंत चलते रहना चाहिए। इससे पहले स्कूल के प्रधानाचार्य ललित धरवाल ने मुख्यातिथि का स्वागत करते हुए स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। मुख्यातिथि ने इस दौरान स्कूल के होनहारों को इनाम भी बांटे।

स्कूली बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस मौके पर स्कूल प्रधानाचार्य ललित धरवाल के अतिरिक्त विभिन्न स्कूलों के प्रधानाचार्य, स्कूल प्रबंधन समिति के पदाधिकारी व सदस्य, पंचायती राज संस्थाओं के प्रतिनिधियों सहित बच्चों के अभिभावक व अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# डीएवी के नौनिहालों ने सुनाई कविताएं



मंडी। डीएवी स्कूल ईईडीपी दो शाखा में यूकेजी कक्षा के छात्रों के लिए अंग्रेजी कविता प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान नौनिहालों ने कविताएं सुनाई। इस अवसर पर नौनिहाल शिक्षकों के साथ सामूहिक चित्र में।

# ईसीएच के निर्माण को लेकर सांसद को सौंपा मांग पत्र



सांसद प्रतिभा के साथ भूतपूर्व सैनिक लीग के सदस्य सामूहिक चित्र में।

अनंत ज्ञान, सरकाघाट

सरकाघाट में ईसीएच (सैनिक अस्पताल) के निर्माण को लेकर हिमाचल प्रदेश भूतपूर्व सैनिक लीग सरकाघाट और धर्मपुर इकाई का एक प्रतिनिधिमंडल लीग के अध्यक्ष कैप्टन प्यार चंद बनयाल की अध्यक्षता में सांसद व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह से शिमला में मिला। प्रतिनिधिमंडल ने सांसद से सरकाघाट में आर्मी अस्पताल का अपना भवन बनाए जाने को लेकर मांग पत्र सौंपा। लीग के सदस्यों ने कहा कि सरकाघाट में वर्षों से आर्मी अस्पताल किराए के भवन में चल रहा है। उन्होंने सासंद प्रतिभा सिंह से मांग की है कि सांसद इस मुद्दे को केंद्रीय रक्षा मंत्री और प्रदेश के मुख्यमंत्री के समक्ष उठाकर भवन का निर्माण करवाने को धन और जमीन का प्रावधान करवाएं। भूतपूर्व सैनिक लीग के अध्यक्ष कै. प्यार सिंह ने बताया कि सांसद के साथ उनकी बातचीत बेहद ही सार्थक रही। उन्होंने इस मांग को शीघ्र पूरा करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर भूतपूर्व सैनिक लीग सरकाघाट के उपाध्यक्ष कै. रघुवीर सिंह, कै. बलदेव राज सूबेदार मेजर विजय शामिल थे।

# गांधी भवन मंडी में मनाया शहीदी दिवस, श्रद्धासुमन किए अर्पित



महात्मा गांधी की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित करते कांग्रेसी।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

30 जनवरी के दिन महात्मा गांधी की हत्या की गई थी जिसके बाद से इस दिन को शहीदी दिवस के रूप में मनाया जाने लगा। इसी कड़ी में मंगलवार की गांधी भवन मंडी में कांग्रेस कमेटी के सदस्यों ने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित किए और महात्मा गांधी को याद किया।

कांग्रेस मीडिया पेनलिस्ट आकाश शर्मा ने महात्मा गांधी को याद करते हुए कहा कि महात्मा गांधी एक विलक्षण प्रतिभा के स्वामी थे और बहुत बड़े संभ्रात परिवार से ताल्लुक रखने के बावजूद भारत वर्ष की दशा और दिशा को देखते हुए अपने तन के कपड़ों को भी उतार दिया और स्वतंत्रता में सबसे बड़ा योगदान उनका रहा है। उन्होंने बताया की महात्मा गांधी ने सत्य और अहिंसा का संदेश लोगों को दिया और अंतिम क्षण में भी उन्होंने भगवान राम को याद किया। उन्होंने बताया की स्वतंत्र आंदोलन में प्रमुख होने के बावजूद महात्मा गांधी ने कभी भी कोई ओहदा प्राप्त नहीं किया और देश के लोगों ने उन्हें राष्ट्रपिता के नाम से अलंकृत किया और देश ही नहीं पूरा विश्व उनको आज भी याद करता है।

**कार्यक्रम** स्माइल हिमाचल संस्था ने आयोजित किया मेंटल हेल्थ कार्यक्रम

# टांडू स्कूल में छात्रों की समस्याएं जानी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी




राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला टांडू में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद छात्र व स्माइल हिमाचल संस्था के पदाधिकारी ।

स्माइल हिमाचल संस्था द्वारा मंडी जिला के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में अध्ययनरत बच्चों के लिए मेंटल हेल्थ कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में संस्था द्वारा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला टांडू में कार्यक्रम का आयोजन किया गया तथा बच्चों को पेश आ रही समस्याओं को जाना।

संस्था द्वारा चलाए गए इस अभियान का उद्देश्य बच्चों के साथ उनको पेश आ रही समस्याओं के बारे में चर्चा करना और बच्चों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करना है। मंगलवार को टांडू स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में छठी से लेकर 12वीं तक के लगभग डेढ़ सौ बच्चों ने हिस्सा लिया। संस्था ने लगभग 200 स्कूलों में इस कार्यक्रम को आयोजित करने का उद्देश्य रखा है, वहीं संस्था द्वारा जिला स्तर पर डेंटल हेल्थ और आई चेकअप जैसे कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जा रहा है।

संस्था द्वारा मंडी जिला के सभी विधानसभा क्षेत्रों में इस तरह के स्वास्थ्य कैंप आयोजित किए जाएंगे। संस्था के अध्यक्ष निखिल वालिया ने बताया कि हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन पांच फरवरी को मंडी के ऐतिहासिक सेरी मंच और उसके पश्चात उसी दिन मेगल पंचायत से शुरू कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि पंचायत स्तर पर लोगों को बेहतरीन स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के उद्देश्य से इन कैंपों का आयोजन किया जा रहा है। निखिल वालिया ने कहा कि संस्था इस अभियान को जिला स्तर से प्रदेश स्तर पर ले जाने का प्रयास करेगी, ताकि लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं घर द्वार उपलब्ध हो सके।

# जल्द बनेंगे राजीव गांधी डे बोर्डिंग स्कूल, व्यय होंगे 200 करोड़ : धर्माणी

## हटवाड़ स्कूल में क्लस्टर स्तरीय वार्षिक पारितोषिक समारोह में राजेश धर्माणी ने बतौर मुख्यातिथि की शिरकत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

जिला बिलासपुर के चारों विधानसभा क्षेत्र में राजीव गांधी डे बोर्डिंग स्कूल खोले जा रहे हैं, जिसमें बच्चों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित होगा।

इन स्कूलों के निर्माण पर बिलासपुर में ही 200 करोड़ रुपए से अधिक की राशि व्यय की जाएगी। यह जानकारी हटवाड़ स्कूल में क्लस्टर स्तरीय वार्षिक पारितोषिक समारोह में तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत पर दी। घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र के हटवाड़ में राजीव गांधी डे बोर्डिंग स्कूल खोले जा रहे हैं, जिससे इस क्षेत्र के बच्चों को बेहतर शिक्षा प्राप्त करने का मौका मिलेगा। डे बोर्डिंग स्कूल जहां विद्यार्थियों को समग्र और गुणात्मक शिक्षा प्रदान करने में मददगार होंगे, वहीं उनके बौद्धिक और शारीरिक विकास के साथ-साथ राष्ट्र निर्माण में अहम भूमिका निभाएंगे। इन स्कूलों में ऐसे नागरिक तैयार करने की कवायद है, जो बहुआयामी प्रतिभा के धनी होंगे। प्रदेश सरकार की राजीव गांधी डे बोर्डिंग स्कूलों की परिकल्पना वास्तव में विद्यार्थियों को एक ही शिक्षा परिसर में विभिन्न प्रकार की शैक्षिक और बौद्धिक सुविधाएं प्रदान कर उनका सर्वांगीण विकास करना है। इन स्कूलों में हाईटेक स्मार्ट क्लासरूम, खेल के मैदान, इंडोर स्टेडियम, स्विमिंग पूल, म्यूजिक रूम सहित अनेक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इस स्कूल में सभी प्रकार की एक्टिविटी करवाई जाएंगी, जिससे बच्चों का चहुमुखी विकास हो सके।



हटवाड़ स्कूल में क्लस्टर स्तरीय वार्षिक पारितोषिक समारोह पर धर्माणी स्टूडेंट्स के साथ।

### सात पाठशालाओं के 700 स्टूडेंट्स ने लिया भाग

इसमें क्लस्टर स्तरीय वार्षिकोत्सव राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय हटवाड के अंतर्गत आने वाली सात पाठशालाओं के लगभग 700 स्टूडेंट्स ने भाग लिया, जिसमें राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कोट, पंतेहड़ा व रा. उच्च पाठशाला हम्बोट तथा रा. माध्यमिक पाठशाला बम, घंडालवीं व बाड़ी-चौक ने भाग लिया। इस अवसर पर बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक की प्रस्तुति दी। तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा कि क्लस्टर स्कूल सभी व्यावहारिक उद्देश्यों के लिए एक मॉडल समग्र शैक्षणिक संस्थान के रूप में कार्य करेंगे। कलस्टर का उद्देश्य बच्चों का समग्र विकास करना है, ताकि भविष्य की चुनौतियों का सामना कर सके। उन्होंने कहा कि संसाधनों को साझा कर और समग्र गतिविधियों के जरिए गुणात्मक शिक्षा में सुधार के लिए क्लस्टर स्कूल बनाए गए हैं।

# यंग एथलीट स्क्रीनिंग कैंप, एक से सात साल के बच्चों की हुई स्क्रीनिंग



चेतना संस्था विजयपुर में स्पेशल ओलंपिक भारत के सौजन्य से शिशु स्क्रीनिंग यंग एथलीट स्क्रीनिंग में मौजूद बच्चे व अन्य।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

मंगलवार को चेतना संस्था विजयपुर में स्पेशल ओलंपिक भारत के सौजन्य से शिशु स्क्रीनिंग यंग एथलीट स्क्रीनिंग की गई, जिसमें दो से सात साल के बच्चों की स्क्रीनिंग हुई।

स्क्रीनिंग में बच्चों के संपूर्ण विकास के सभी विकासात्मक पहलुओं को ध्यान में रखा गया। इन विकास संबंधिक क्षेत्र में बौद्धिक, शारीरिक, संवेगात्मक और भाषात्मक क्षेत्र शामिल रहे। इस एक दिवसीय स्क्रीनिंग कैंप में 40 दिव्यांग व सामान्य बच्चों को शामिल किया गया। इस दौरान विकासात्मक पक्षों को ध्यान में रखकर बच्चों की क्षमता और आयु के अनुसार विभिन्न प्रकार की गतिविधियों को शामिल किया गया और बच्चों की वर्तमान क्षमता व आयु के आधार पर अलग-अलग गतिविधियां करवाई गईं। इस स्क्रीनिंग कैंप में स्क्रीनिंग व काउंसलिंग के लिए बिलासपुर से शिशु रोग विभाग के प्रमुख डॉ. श्रीराम पोथाप्रेगडा व मनोचिकित्सक डॉ. शिवरंजनी उपस्थित रहे, जिन्होंने बच्चों की विभिन्न गतिविधियों द्वारा शारीरिक, मानसिक स्वास्थ्य व मनोवैज्ञानिक आकलन किया। डॉ. मल्लिका अध्यक्ष स्पेशल ओलंपिक भारत व संस्थापिका चेतना संस्था के दिशा-निर्देशों के परिणाम स्वरूप इस कार्यक्रम को सकारात्मक मार्गदर्शन मिला।

# 15 फरवरी को लठयाणी में आएंगे राज्यपाल

**बरठीं।** राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल 15 फरवरी सुबह साढ़े नौ बजे लठयाणी के डोहकेश्वर धाम में मूर्ति प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे।



उन्होंने कमेटी के निमंत्रण पर इसके लिए सहर्ष अपनी सहमति दी है। इस बाबत मंदिर व मेला कमेटी के पदाधिकारी व सदस्य उनके निवास स्थान पर उनसे मिले।

गांव डोहक डाकघर नघयार में स्थानीय लोगों के सहयोग से एक सुंदर डोहकेश्वर धाम मंदिर का निर्माण करवाया गया है। इसके साथ ही इस स्थान विशेष पर विभिन्न खेलों का आयोजन भी कमेटी की ओर से करवाया जाता है। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने 15 को सुबह साढ़े नौ बजे लठयाणी के डोहकेश्वर धाम आने को लेकर भारी उत्साह है।

## अखिल हिमालयन महोत्सव व्यास उत्सव- 2024 का समापन

# वाहिद मिस्टर और नितिका मिस व्यासपुर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

अखिल हिमालयन महोत्सव व्यास उत्सव 2024 का गत दिवस समापन हो गया। समापन अवसर पर सदर विधानसभा क्षेत्र के विधायक त्रिलोक जम्वाल ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।

व्यास नगर समिति व नगर परिषद अध्यक्ष कमलेंद्र कश्यप, कृष्णकांत, राज कुमार, चमन गुप्ता ने उनको शॉल, टोपी पहना कर व व्यास जी की फोटो स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि व्यास नगर समिति व्यास उत्सव के माध्यम से बच्चों को एक मंच प्रदान कर रही है, जिससे कई बच्चे बड़े मंचों पर अपनी प्रतिभा दिखा चुके हैं। व्यास उत्सव के अंतिम रात्रि को विजेता प्रतियोगियों को पुरस्कृत किया गया, वहीं समाज में विभिन्न क्षेत्र में कार्य करने वाले समाजसेवियों व बच्चों को भी सम्मानित किया गया। व्यास उत्सव समिति ने हैंडबाल के क्षेत्र में मोरसिंघी हैंडबाल नर्सरी की संचालिका व कोच स्नेहलता, वार्ड नंबर दो की पार्षद नरेश कुमारी को मातृ शक्ति अवॉर्ड से सम्मानित किया। साई होस्टल बिलासपुर के मुक्केबाजी कोच विजय नेगी, प्रगति समाज समिति के अध्यक्ष सनील कुमार, पैराग्लाइडिंग के क्षेत्र में विशाल जस्सल, अंडर 14, बास्केटबाल खिलाड़ी इशिता, बैडमिंटन खिलाड़ी प्रणव चंदेल, मॉडलिंग में मिस टीन इंडिया 2024 बनी राधिका, रक्तदान में अतुल, कृष्णकांत, कनिष्ठ हैंडबाल प्रतियोगिता में रजत पदक विजेता रही निधि ठाकुर, अरुला, पायल, मानसी, नितिका, हिमाचल बोर्ड परीक्षा में छह स्थान पर रही गौरी अवस्थी को व्यास प्रेरणा सम्मान से समानित किया गया।



व्यास उत्सव के समापन अवसर पर मुख्यातिथि विजेता को पुरस्कृत करते हुए।

### मेले के सफल आयोजन के लिए धन्यवाद किया

व्यास उत्सव 2024 में मिस व्यासपुर व मिस्टर व्यासपुर प्रतियोगिता में विजेता रहे प्रतिभागियों को भी सम्मानित किया गया, जिनमें मिस्टर व्यासपुर वाहिद, प्रथम रनरअप इटिन हांडा, दूसरा रनरअप दानिश, मिस्टर हैंडसम ईशान, मिस्टर पर्सनेलिटी ऋषभ, मिस्टर कॉन्फिडेंट अंतरिक्ष, मिस व्यासपुर नितिका, प्रथम रनरअप साक्षी, दूसरी रनरअप देवांशी, मिस ब्यूटीफुल निधि ठाकुर, ब्यूटिफुल आईज शैलजा, मिस चार्मिंग अक्षिता रही। जानकारी देते हुए समिति के प्रवक्ता कर्ण चंदेल ने व्यास उत्सव मेले के सफल आयोजन के लिए सभी का धन्यवाद व्यक्त किया।

# नई पेंशन योजना को 2006 से लागू करने पर सरकार को होगा लाभ

**घुमारवीं।** नई पेंशन योजना की अधिसूचना को 15 मई 2003 की जगह 17 अगस्त 2006 से लागू करने पर सरकार को 2500 करोड़ का फायदा हो सकता है। प्रदेश सरकार को इस पर विचार करना चाहिए। यह बात प्रेस को जारी बयान में नई पेंशन योजना कर्मचारी संघ के पूर्व राज्य मुख्य सलाहकार अश्वनी राणा ने कही। सरकार ने 15 मई 2003 को नई पेंशन योजना राज्य में लागू करने के लिए सीसीएस पेंशन नियम 1972 में संशोधन कर कंट्रीब्यूटरी पेंशन नियम बनाने की बात कही थी, लेकिन सरकार ने कंट्रीब्यूटरी पेंशन नियम 17 अगस्त, 2006 को बनाकर इसकी अधिसूचना 15 मई 2003 से लागू कर दी।

इन तीन साल के बीच नियुक्त कर्मचारियों को न तो जीपीएफ नंबर मिला न ही एनपीएस का पीआरएएन नंबर मिला। इस दौरान कर्मचारियों को किसी भी प्रकार की पेंशन योजना का लाभ नहीं मिल रहा था। अश्वनी राणा ने बताया कि 17 अगस्त, 2006 की अधिसूचना जो 15 मई, 2003 से लागू हुई है, वह गलत है। इसे 17 अगस्त, 2006 से ही लागू होना चाहिए था। ऐसा करने से प्रदेश में नई पेंशन योजना के तहत सरकार और कर्मचारियों का पांच हजार करोड़ वापस आने का रास्ता साफ हो जाएगा।

# दधोल स्कूल की शिक्षिका प्रिंसी शर्मा को मिला उत्तम पुरस्कार

**अनंत ज्ञान, दधोल**

- प्रधानाचार्य तिलक धर्माणी और समस्त स्टाफ ने प्रिंसी शर्मा को दी शुभकामनाएं
- पुरस्कार स्कूल ही नहीं पूरे क्षेत्र के लिए गौरव की बात : राजेश धीमान

जिला बिलासपुर के घुमारवीं शिक्षा खंड एक के राजकीय प्राथमिक पाठशाला दधोल में कार्यरत प्राथमिक शिक्षिका प्रिंसी शर्मा को शिक्षा विभाग की तरफ से उत्तम शिक्षिका का पुरस्कार दिया गया।



उनको 26 जनवरी को जिला स्तरीय कार्यक्रम में तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी द्वारा पुरस्कार किया गया। इस पुरुस्कार के मिलने पर पाठशाला में खुशी का माहौल है। इस विषय पर पाठशाला में कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें प्राथमिक पाठशाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष राजेश धीमान, प्राथमिक पाठशाला दधोल के केंद्रीय मुख्य शिक्षक किशोरी लाल एवं राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला दधोल के प्रधानाचार्य तिलक धर्माणी और समस्त स्टाफ ने प्रिंसी शर्मा को शुभकामनाएं दीं।

इस समय पर केंद्रीय मुख्य शिक्षक किशोरी लाल ने बताया कि प्रिंसी शर्मा बहुत मेहनती हैं और वो आधुनिक तरीकों से बच्चों को पढ़ाती हैं, जिस कारण बच्चे पढ़ाई की तरफ विशेष ध्यान देते हैं।

प्राथमिक पाठशाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष राजेश धीमान ने कहा कि यह पुरस्कार स्कूल ही नहीं पूरे क्षेत्र के लिए गौरव की बात है।

# 70 साल की आयु पूरी कर चुके 12 पेंशनर्स को किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान, झंडूता**

- संशोधित वेतनमान और चिकित्सा बिलों का भुगतान शीघ्र करने की मांग
- दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया

हिमाचल प्रदेश पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन इकाई गेहड़वीं खंड झंडूता का वार्षिक अधिवेशन और सम्मान समारोह की बैठक इकाई के प्रधान जसवंत सिंह चंदेल की अध्यक्षता में हुई। बैठक में जिला महामंत्री चेतराम वर्मा ने बतौर मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य विजय सिंह चंदेल, सचिव झंडूता खंड इंदर सिंह ढटवालिया विशेष रूप से उपस्थित रहे।

मंच संचालन इकाई की सचिव कला चंदेल ने किया। बैठक में दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। प्रधान जसवंत सिंह चंदेल ने बताया कि जिन 12 पेंशनर्स ने 70 वर्ष की आयु पूरी कर ली है उन्हें शॉल, टोपी और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इनमें कला चंदेल, बंती गौतम, ज्ञान देवी चंदेल, चमेली देवी चंदेल, शिव देई, बिमला देवी, प्रेम दास, प्रताप सिंह चंदेल, संत राम शर्मा, चैन सिंह सुमन, भगत राम, देवीराम को भी सम्मानित किया गया। इकाई के प्रधान जसवंत सिंह चंदेल ने वर्ष का आय-व्यय का ब्योरा रखा गया, जिसे बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने पारित कर दिया।

बैठक में चैन सिंह सुमन, कला चंदेल, इंदर सिंह ढटवालिया, जसवंत सिंह चंदेल, शुक्ला और जिला महामंत्री चेतराम वर्मा ने सरकार को चेताया कि समय रहते पेंशनर्स की मांगों को निपटाने के लिए संयुक्त सलाहकार समिति गठित करके उनका समाधान किया जाए। पेंशनर्स का संशोधित वेतनमान का भुगतान और चिकित्सा बिलों का भुगतान शीघ्र अति शीघ्र किया जाए।

# टाइमिंग को लेकर निजी व निगम के चालकों के बीच हुई बहसबाजी

**जगदीश सेठी, डंगार चौक**

किरतपुर नेरचौक फोरलेन शुरू होने से एक तरफ जहां सवारियों के लिए सफर आसान हो गया है, तो वहीं निजी बस ऑपरेटरों के लिए यह घाटे का सौदा भी साबित हो रहा है।

एचआरटीसी की बसों की टाइमिंग सही न होने की वजह से अब निजी बस ऑपरेटरों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। हालात ऐसे हो गए हैं कि बिलासपुर जिले के विभिन्न रूटों पर निजी बसों के कुछ मालिकों को बस का तेल तक भरवाने के पैसे पूरे नहीं हो रहे हैं। ऐसा ही एक वाक्या डंगार चौक में हर रोज देखने को मिल रहा है जहां, निजी बस चालकों की निगम की बसों के चालक से बहसबाजी हो रही है। हिमाचल पथ परिवहन निगम की धर्मपुर-चंडीगढ़ वाया फोरलेन बस को धर्मपुर डिपो के द्वारा वाया अवाहदेवी-लदरौर-पट्टा-उखली-भगेड फोरलेन शुरू किया है, जिससे एक निजी बस जो भोटा से बिलासपुर चलती है, उसके साथ-साथ ही उखली से निकाला जा रहा है और हर ठहराव पर निगम की बस लोकल सवारियां बिठा रही हैं, जिससे निजी बस रोजाना खाली जा रही थी, जिस बारे निजी बस ऑपरेटरों ने आरएम धर्मपुर से भी बात की थी, परंतु कोई समाधान न होने के कारण मंगलवार को दोनों बस चालकों की डंगार चौक में खूब बहसबाजी हुई, जिन्हें स्थानीय लोगों ने समझाकर बसों को रवाना करवाया। ऐसा ही हाल निगम के अन्य डिपो की बसों का है, जो फोरलेन के नए रूट पर चल रही हैं। निजी बस ऑपरेटर ने निगम से गुहार की है कि बस के टाइम टेबल अच्छे से बनाए जाए, ताकि निजी बसे भी परेशान न हो ओर हम निजी बस ऑपरेटर भी टैक्स भरते हैं अगर टाइम टेबल सही नहीं हुआ, तो बसों को रोक दिया जाएगा व हड़ताल भी की जा सकती है। (अनंत ज्ञान)




निगम की बसों की सही टाइमिंग न होने पर निजी चालक की ओर से लगाई गई बस।

# बिलासपुर के इशान अख्तर को मिला हिम आइकन अवॉर्ड

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

जिला कांगड़ा के देहरा केंद्रीय संस्कृति विश्वविद्यालय में हिम जागृति मंच द्वारा आयोजित कार्यक्रम में हिमाचल वॉटर स्पोर्ट्स के राज्य महासचिव इशान अख्तर को हिमाचल प्रदेश में वॉटर स्पोर्ट्स को बढ़ावा देने हेतु एवं बेरोजगार युवाओं को रोजगार करने हेतु सम्मानित किया जाएगा, जिससे बिलासपुर में खुशी का माहौल है। पिछले कई वर्षों से प्रदेश के विभिन्न जिलों में वॉटर स्पोर्ट्स को बढ़ावा देने हेतु एवं ग्रामीण स्तर पर छुपी प्रतिभाओं को राष्ट्रीय स्तर पर मंच प्रदान करने हेतु हिमाचल वॉटर स्पोर्ट्स के राज्य महासचिव इशान अख्तर सक्रिय कार्य कर रहे हैं।

ईशान अख्तर पिछले लगभग 20 वर्षों से सामाजिक एवं खेलकूद क्षेत्र में सक्रिय कार्य कर रहे हैं और कई बार भारत सरकार एवं प्रदेश सरकार से सम्मानित हो चुके हैं। इसके अलावा भारत देश के विभिन्न राज्यों में एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चीन, जापान एवं साउथ कोरिया में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। इशान अख्तर ने ऑपरेशन मुक्ति नशा निवारण अभियान का गठन करके युवाओं को नशे के दल से बचाने के लिए पिछले कई वर्षों से बीड़ा उठाया हुआ है। हिमाचल रेनबो स्टार क्लब के संस्थापक अध्यक्ष इशान अख्तर हमेशा सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाते हैं। इसके अलावा आपसी भाईचारा एवं सर्वधर्म समभाव राष्ट्रीय एकता के प्रेरणा स्रोत भी हैं।




# 33 महिलाओं ने किया ड्राइविंग प्रशिक्षण प्राप्त

**बिलासपुर।** यूको ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान में 33 महिलाओं ने ड्राइविंग का प्रशिक्षण प्राप्त किया। इस प्रशिक्षण के समापन पर अग्रणी जिला प्रबंधक अशोक कुमार गुप्ता ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।

उन्होंने प्रशिक्षुओं को प्रमाण पत्र वितरित किए। उन्होंने लोगों को बैंक द्वारा चलाई जा रही अटल पेंशन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, बीमा योजना और अन्य योजनाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर वित्तीय साक्षरता सलाहकार बीडी सांख्यान ने बताया कि यूको स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय की ओर से चलाया जा रहा है। संस्थान ग्रामीण क्षेत्र के 18 से 45 साल तक के युवाओं को ड्रेस डिजाइनिंग, ब्यूटी पार्लर, रेशम कीट पालन, मशरूम उत्पादन, दुग्ध उत्पादन, बैग बनाना, खिलौना बनाना, कंप्यूटर बेसिक, मोटर ड्राइविंग आदि में निशुल्क प्रशिक्षण देता है। इस अवसर पर संकाय सदस्य लीना शर्मा और अन्य उपस्थित रहीं।

**आयोजन** महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर बिलासपुर अस्पताल के सभागार में राष्ट्रीय कुष्ठ रोग निवारण दिवस मनाया

# सीएमओ ने कुष्ठ रोग को जड़ से मिटाने की दिलाई शपथ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर क्षेत्रीय अस्पताल बिलासपुर के सभागार में राष्ट्रीय कुष्ठ रोग निवारण दिवस मनाया गया, जिसकी अध्यक्षता मुख्य चिकित्सा अधिकारी बिलासपुर डॉ. प्रवीण कुमार ने की। इस अवसर पर महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यापण कर श्रद्धाजंलि अर्पित की तथा सभी अधिकारियों-कर्मचारियों व प्रशिक्षु नर्सों ने दो मिनट का मौन रखा।

इस अवसर पर कुष्ठ रोग को जड़ से मिटाने की शपथ भी दिलाई गई। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि जिला को कुष्ठ रोग मुक्त बनाने के हर संभव प्रयास किए जाएंगे और अभियान के रूप में इस कार्य को अंजाम दिया जाएगा। उन्होंने लोगों को कुष्ठ रोग के लक्ष्णों और निवारण तथा समाज में इस रोग के बारे में फैली भ्रातियों को दूर करने के बारे में जागरूकता बढ़ाने का आह्वान किया। इस अवसर पर नर्सिंग की छात्राओं ने रैली निकाली, जिसे मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कुष्ठ रोग अन्य बीमारियों की भांति एक इलाज योग्य बीमारी है। यह रोग एक ऐसा रोग है, जो माइक्रो बैक्टीरियम लैपरी के कारण होता है, लेकिन यह खांसने छिकने व लंबे समय तक संक्रामक रोगी के साथ रहने से फैलता है।

इसके कारण व्यक्ति के शरीर में त्वचा पर हलके पीले रंग के दाग, तांबे रंग के दाग, जिनमें छूने पर चेतना का एहसास न हो, शरीर के किसी भाग में नसों का मोटा होना, हाथों की उंगलियों की पकड़ कम होना, आंखों की पलकों का बंद न होना, भोहों के बालों का कम होना, शरीर के घावों का लंबे समय तक ठीक न होना आदि।



नर्सिंग की छात्राएं रैली निकालती हुईं, जिसे मुख्य चिकित्सा अधिकारी रवाना करते हुए।

### सत्य की राह पर चलते हुए नेक काम करते रहें

सत्य की राह पर चलते हुए जीवन में नेक काम करते रहें। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के सभी अधिकारियों, कर्मचारियों व नर्सिंग प्रशिक्षुओं से आह्वान किया कि महात्मा गांधी ने कुष्ठ रोग से पीड़ित मरीजों की बिना किसी भेदभाव से सेवा की और समाज में प्रेरणा स्रोत बनें। इस अवसर पर जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. परविंदर सिंह, नर्सिंग प्रिंसिपल आशा शर्मा, एमएस डॉ. सतीश शर्मा, डॉ. भूपिंदर, जिला कुष्ठ रोग अधिकारी डॉ. महेंद्र, डॉ. तहशीन मुस्ताक, डॉ. संकेत कुमार, सहायक कुष्ठ रोग अधिकारी विवेक शर्मा, स्वास्थ्य शिक्षक दीप कुमार के अलावा विभाग के अन्य अधिकारी व समस्त कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

# नखलेहड़ा के बच्चों ने बहुतकनीकी कॉलेज कलोल का किया विजिट



**छठी से आठवीं कक्षा के 55 बच्चों ने लिया भाग**

**झंडूता।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला नखलेहड़ा के बच्चों ने बहुतकनीकी कॉलेज कलोल का विजिट किया। इस विजिट में स्कूल के बच्चों को लैब में तकनीकी व्यवस्थाओं के बारे में बताया गया। इस अवसर पर कॉलेज के प्रधानाचार्य दिनेश कुमार शर्मा ने बच्चों को कॉलेज के विभिन्न न गतिविधियों के बारे में भी जागरूक किया। इस असवर पर स्कूल के छठी से आठवीं कक्षा के लगभग 55 बच्चों ने भाग लिया। इस मौके पर स्कूल के प्रधानाचार्य पवन चंदेल ने शुभकामनाएं दीं।

## न्यूज ब्रीफ

### राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को दी श्रद्धांजलि



ऊना। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 76वीं पुण्यतिथि का जिला प्रशासन द्वारा शहीदी दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न कार्यालयों के अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा लघु सचिवालय परिसर में भारत के स्वतंत्रता संघर्ष में बलिदान देने वाले शहीदों के सम्मान में दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

### दो कारों की टक्कर, दो घायल

**ऊना।** स्थानीय बचत भवन के समीप देर रात एक कार चालक की लापरवाही के चलते कारों की टक्कर हो गई। हादसे में कार में सवार व्यक्तियों को मामूली चोटें भी आई हैं, जिन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। पुलिस की जानकारी के मुताबिक शिकायतकर्ता बलविंद्र सिंह पुत्र रविंद्र सिंह, निवासी गांव चुरूडू ने आरोप लगाया कि एक कार चालक ने गलत दिशा में आकर उनकी कार को टक्कर मार दी। उन्होंने बताया की उनकी गांव बहडाला में डीजल मैकेनिक की दुकान है। देर रात्रि को जब दुकान बंद कर अपनी कार से अपने घर जा रहा था तो ऊना के पुराना बस स्टैंड के समीप गलत दिशा से आ रही कार चालक ने उनकी कार को टक्कर दे मारी। आरोपी चालक ने उनकी कार के साथ-साथ एक अन्य कार को भी टक्कर मार दी, जो उस समय उनकी कार के पीछे चल रही थी। सड़क हादसे में दो व्यक्ति घायल हुए हैं। सड़क हादसे के आरोपी कार चालक साहिल पुत्र राज कुमार, निवासी रायसरी ऊना के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है।

### कार की चपेट में आने से स्कूटी सवार घायल

**अंब।** मुबारिकपुर में हुए सड़क हादसे में स्कूटी पर सवार 42 वर्षीय एक महिला घायल हुई है। घायल की पहचान अंजना देवी (42) प ी रवि कुमार निवासी लोअर भंजाल के रूप में हुई है। जिसे सिविल अस्पताल अंब में भर्ती करवाया गया है। जानकारी के अनुसार मंगलवार दोपहर को मुबारिकपुर में सरकारी स्कूल के सामने स्कूटी पर सवार उक्त महिला को दौलतपुर की तरफ से आ रहे एक कार सवार ने टक्कर मार दी। रोड के बीचोबीच हुई दोनों वाहनों की टक्कर में स्कूटी पर महिला गंभीर रूप से घायल हो गई और स्थानीय लोगों द्वारा उसे निजी वाहन में डालकर उपचार के लिए सिविल अस्पताल अंब लाया गया। यहां प्राथमिक उपचार मिलने पर महिला की हालत स्थिर बताई जा रही है। थाना प्रभारी अंब गौरव भारद्वाज ने कहा कि हादसे में शामिल दोनों पक्षों का आपसी समझौता होने से उन्होंने किसी भी प्रकार की कानूनी कार्यवाही करवाने से मना कर दिया है।

### कुष्ठ रोग रोधी दिवस पर चलाया अभियान



स्वास्थ्य केंद्र थानाकलां में राष्ट्रीय कुष्ठ रोग रोधी दिवस के उपलक्ष्य पर उपस्थित लोग।

**ऊना।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग ऊना द्वारा मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र थानाकलां में राष्ट्रीय कुष्ठ रोग रोधी दिवस के उपलक्ष्य पर स्पर्श अभियान शुरू किया। जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन डॉ. अशोक दढ़ोच की अध्यक्षता में किया गया। जन शिक्षा एवं सूचना अधिकारी शारदा सारस्वत ने बताया कि 30 जनवरी से 13 फरवरी तक विशेष स्पर्श अभियान चलाया जा रहा है। कुष्ठ रोग को लेकर लोगों और समाज में फैली भ्रांतियों को दूर करने के उद्देश्य से हर साल जनवरी के आखिरी रविवार को राष्ट्रीय कुष्ठ रोग रोधी दिवस मनाया जाता है। इस अभियान को मनाने का उद्देश्य लोगों को कुष्ठ रोग के बारे में जागरूक करना है, ताकि कुष्ठ रोग से होने वाली अपंगता से बचा जा सके। भारत सरकार का लक्ष्य देश से कुष्ठ रोग का पूर्णतया उन्मूलन करना है। इस मौके पर जन शिक्षा एवं सूचना अधिकारी शारदा सारस्वत ने कुष्ठ रोग के बारे में शपथ भी दिलाई। बीसीसी समन्वयक कंचन माला इस रोग के बारे जानकारी दी। इस अवसर पर आशा कार्यकर्ताओं के बीच भाषण प्रतियोगिता तथा नारा लेखन प्रतियोगिता करवाई गई, जिसमें सभी आशा प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर आशा समन्वयक सुनील कुमार, बीपीएम संजू बाला, ब्लॉक लेखाकार अच्छर सिंह सहित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र थानाकलां के अंतर्गत समस्त आशा वर्कर्स उपस्थित रहीं।

### सरकारी योजनाओं के बारे में किया जागरूक



**ऊना।** सूचना एवं जन संपर्क विभाग द्वारा चलाए गए विशेष प्रचार अभियान के दौरान मंगलवार को ग्राम पंचायत चताड़ा और समूरकलां में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया। इस दौरान पूर्वी कलामंच के कलाजत्थे ने गीत-संगीत के माध्यम से लोगों के मनोरंजन के साथ-साथ सरकार की जनहित में कार्यान्वित की जा रही विभिन्न नीतियों एवं सरकार की उपलब्धियों बारे लोगों को जागरुक किया। कलाजत्थे ने लोगों को सुखाश्रय योजना, स्वरोज़गार स्टार्ट अप योजना, विधवा पुनर्विवाह योजना, इंदिरा गांधी बालिका सुरक्षा योजना बारे ग्रामीणों को जानकारी दी। इस अवसर पर ग्राम पंचायत चताड़ा के कार्यक्रम में स्थानीय पंचायत प्रधान नीलम ठाकुर, उपप्रधान ज्ञान दास, वार्ड पंच रीना देवी, अंजना देवी व देवेन्द्र जबकि समूरकलां ग्राम पंचायत के कार्यक्रम में ग्राम पंचायत प्रधान ज्ञान चन्द, वार्ड पंच आशा देवी व कमल देव सहित स्थानीय लोग उपस्थित थे।

### डिप्टी सीएम ने 4 करोड़ 19 लाख की विकासात्मक योजनाओं के लिए लोकार्पण व शिलान्यास

# जिले का प्राथमिकता के आधार पर संतुलित विकास करना मुख्य ध्येय

- बसाल में सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने सुनी समस्याएं
- सुख आश्रय योजना व आपदा राहत पैकेज के लाभार्थियों से किया संवाद
- सुख आश्रय योजना व बेटी है अनमोल के तहत प्रदान किए पात्रता प्रमाण पत्र व एफडी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

**राज्य** सरकार द्वारा प्रदेश के लोगों के कल्याणार्थ क्रियान्वित की जा रही विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं, नीतियों व कार्यक्रमों का लाभ आम लोगों तक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने तथा लोगों की समस्याओं को उनके घर द्वार पर प्राथमिकता के आधार पर त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के लिए सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम बेहतरीन कार्यक्रम साबित हो रहा है। यह बात उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कुटलैहड़ विधानसभा के गांव बसाल में आयोजित सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कही।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार वोट की राजनीति से ऊपर उठकर गरीब कल्याण की सेवा व जिला के संतुलित विकास के एजेंडे पर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि ऊना जिले में पानी की समस्याओं का स्थायी रूप से हल करने के लिए पूरे जिले में करोड़ों पानी की स्कीमों पर खर्च किए जा रहे हैं, ताकि लोगों को पीने के लिए स्वच्छ जल व सिंचाई के लिए पर्याप्त जल उपलब्ध हो सके।

उन्होंने बताया कि लोअर बंगाणा के लिए लगभग 44 करोड़ की स्कीम तैयार की है, जिसकी शीघ्र आधारशिला रखी जाएगी। उन्होंने कहा कि नशे में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बक्शा नहीं जाएगा। सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम में 38 विभिन्न समस्याएं तथा 45 मांगे प्राप्त हुई।

अग्निहोत्री ने कुटलैहड़ के बसाल में आयोजित सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम के दौरान विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों से सीधा संवाद किया।

कार्यक्रम के दौरान जिला के 14 पात्र बच्चों को सुख आश्रय योजना के तहत पात्रता प्रमाण पत्र प्रदान किए और बेटी है अनमोल योजना के तहत प्रथम चरण में छह बच्चियों को 21-21 हजार की एफडी प्रदान की। कार्यक्रम के दौरान वन विभाग द्वारा ग्रीन इंडिया मिशन के तहत आजीविका के अवसर बढ़ाने के लिए जिला की दस पंचायतों में स्वयं सहायता समूह गठित किए गए हैं। कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के तहत छह पंचायतों में गठित 12 स्वयं सहायता समूहों को फ्लोर मिल, सिलाई मिशन, स्प्रे पंप, तिरपाल व कृषि उपकरण वितरित किए गए।

उपायुक्त राघव शर्मा ने सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में प्राप्त हुई समस्याओं का संबंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा निर्धारित समयावधि में समस्याओं का निपटारा सुनिश्चित किया जाएगा। कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो ने कहा कि प्रदेश सरकार प्रयास कर रही है कि लोगों को प्रत्येक मूलभूत सुविधा घर द्वार पर मिले। उन्होंने कहा कि कुटलैहड़ क्षेत्र में पानी की समस्या का स्थायी समाधान करने के लिए पानी की नई योजना स्वीकृत की गई है। शीघ्र ही इस योजना का शिलान्यास किया जाएगा।




कुटलैहड़ के बसाल में जल शक्ति विभाग के सहायक अभियंता कार्यालय का उद्घाटन करते उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री।

### विभिन्न विकासात्मक कार्यों के लोकार्पण व शिलान्यास किए

**इस** मौके पर उप मुख्यमंत्री ने लगभग 67 लाख रूपये की लागत से जलापूर्ति योजना झलेड़ा, लगभग साढ़े 71 लाख व 56 लाख 25 हज़ार रूपये की लागत से निर्मित जल शक्ति विभाग का सब डिविज़न कार्यालय का लोकार्पण किया। इसके अतिरिक्त मुकेश अग्निहोत्री ने ऊना में 2 करोड़ 25 लाख रूपये की लागत से बनने वाले पंचायत भवन की आधारशिला भी रखी।

### निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया

**इस** दौरान स्वास्थ्य विभाग द्वारा 334 व आयुष विभाग द्वारा 212 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई तथा निःशुल्क दवाईयां भी वितरित की गई। जांच शिविर में 184 लैब टेस्ट, 12 मरीजों के छाती के एक्सरे व 76 आभा कार्ड भी बनाए गए। कार्यक्रम में सूचना एवं सम्पर्क विभाग द्वारा सरकार की एक वर्ष की उपलब्धियों पर आधारित प्रचार सामग्री वितरित की गई तथा नाट्य दल के कलाकारों के द्वारा गीत संगीत व नाटक के माध्यम से उपलब्धियों का व्याख्यान किया। इस मौके पर उप मुख्यमंत्री ने बसाल में जल शक्ति विभाग का विश्राम गृह खोलने की भी घोषणा की।

### ये लोग रहे कार्यक्रम में उपस्थित

**इस** अवसर पूर्व विधायक ऊना सतपाल सिंह रायजादा, जिला कांग्रेस अध्यक्ष रणजीत सिंह राणा, प्रदेश कांग्रेस कमेटी सचिव अशोक ठाकुर, प्रदेश प्रवक्ता कांग्रेस विजय डोगरा, पूर्व विधायक गणेश दत्त भरवाल, ब्लॉक कांग्रेस कुटलैहड़ अध्यक्ष राम आसरा, ब्लॉक कांग्रेस हरोली विनोद बिट्टू, जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष उर्मिला शर्मा, एसपी अर्जित सेन ठाकुर, जिला रेड क्रॉस पैटर्न सुरेंद्र ठाकुर, कामरेड जगत राम, वरिष्ठ पदाधिकारी सुरेश पंडित, देसराज पंडित, ग्राम पंचायत प्रधान लोअर बसाल संदीप कुमार सहित अन्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

### 20 वर्षो तक विस में राज करने वाले नहीं कर सके पानी की समस्या का समाधान : भुट्टो



**बंगाणा।** कुटलैहड़ विस क्षेत्र में एक वर्ष के कार्यकाल में पानी की कोई समस्या उत्पन्न नहीं हुई और मुख्यमंत्री एवं डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री के आशीर्वाद से कुटलैहड़ विस क्षेत्र को पानी की करोड़ों की योजनाएं स्वीकृत भी हुई हैं, जिनकी डीपीआर तैयार की जा रही है, ताकि भविष्य के लिए कुटलैहड़ विस क्षेत्र के में सदा के लिए पानी की समस्या को खत्म कर दिया जाएगा। ये शब्द कुटलैहड़ विस क्षेत्र के विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो ने कुटलैहड़ विस क्षेत्र के बसाल में सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम में भारी जनसभा को संबोधित करते हुए कहे। इससे पहले राज्य सरकार के डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री का कुटलैहड़ आगमन पर विधायक भुट्टो ने स्वागत किया। विधायक भुट्टो ने कहा कि राजनीति में 20 वर्षों तक कुटलैहड़ में सत्ता सुख भोगने वाले कुटलैहड़ में पानी पर ही राजनीति करते रहे और हर वर्ष गर्मियों में ग्रामीणों को पानी की सप्लाई सुचारू रूप से न मिलने पर ग्रामीण धरने प्रदर्शन करते थे, लेकिन बीते एक वर्ष में कुटलैहड़ विस क्षेत्र में पानी की समस्या को लेकर कोई धरना प्रदर्शन नहीं हुआ हैं। विधायक भुट्टो ने डिप्टी सीएम एवं स्वास्थ्य मंत्री का आभार प्रकट करते हुए कहा कि जिस कुटलैहड़ में जनता के साथ स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर खिलवाड़ होता रहा हैं। डेपुटेशन पर कभी थानाकला कभी ऊना से डॉक्टर लगाए जाते थे। आज कुटलैहड़ विस क्षेत्र के हैडक्वाटर बंगाणा के सिविल अस्पताल को चार स्थायी डॉक्टर की नियुक्ति हुई हैं। और अब बंगाणा के सिविल अस्पताल में छह डॉक्टर जनता को स्वास्थ्य सुविधाएं दिन रात प्रदान करेंगे। भुट्टो ने कहा कि एक वर्ष के कार्यकाल में हम ने जो भी मांग अथवा कुटलैहड़ की जनता की समस्याओं को हल करने के बारे में सरकार से मांग की है। उसे सरकार सीएम एवं डिप्टी सीएम से तुरंत पूरा किया है। उसके लिए कुटलैहड़ की जनता की तरफ से आभार प्रकट करता हूं।

### सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा ने 90 लोगों का स्वास्थ्य जांचा



हरोली। केंद्रीय मंत्री एवं सांसद अनुराग ठाकुर के मार्गदर्शन मे संचालित सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा की हरोली टीम (प्रीति, रुचि, रोहित) ने डॉ. प्रदीप के नेतृत्व में कुठार बीत पंचायत में स्वास्थ्य शिविर लगाकर 90 लोगों की जांच की, जिसमें 50 लोगों के टेस्ट किए। जांच में उच्च रक्तचाप के 18, शुगर के 13, जोड़ों के दर्द के 39 लोग पाए गए। स्वास्थ्य शिविर के दौरान लोगों के स्वास्थ्य की सामान्य जांच एवं रक्त जांच करते हुए ब्लड ग्रुप की जांच निशुल्क की गई।

### अभिषेक ओर प्राची को किया सम्मानित



गोंदपुर बनेहड़ा। स्थानीय पाठशाला के एनएसएस के अभिषेक व प्राची ने 26 जनवरी को शिमला में होने वाली परेड में भाग लिया था। प्रिंसिपल राजेश शर्मा ने इस उपलब्धि के लिए बच्चों और उनके अभिभावको एवं पाठशाला के अध्यापकों को बधाई दी है एनएसएस राज्य सलाहकार समिति के सदस्य राजन शर्मा ने कहा कि यह स्कूल के लिए बहुत हर्ष की बात है।

## वार्षिक पारितोषिक समारोह में मेधावी सम्मानित

**अनंत ज्ञान, मुबारिकपुर**

**स्थानीय** राजकीय मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल मुबारकपुर में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह मंगलवार को धूमधाम से मनाया गया। इस समारोह के मुख्य अतिथि गगरेट के विधायक चैतन्य शर्मा थे। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों द्वारा अपनी स्थानीय संस्कृति को लेकर मनमोहक प्रस्तुति दिखाई इसके अलावा नारी शक्ति पर कार्यक्रम छात्राओं द्वारा पंजाबी भांगड़ा और असम प्रदेश का बिहू नृत्य और नारी सम्मान और रामायण का केबट संवाद पर लघु नाटिका और पहाड़ी नाटी पर सबको मोह लिया। इस अवसर पर स्कूल के प्रधानाचार्य सरला देवी ने बच्चों की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। स्कूल के होनहार बच्चों को सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य अश्विनी कुमार, ब्लाक कांग्रेस प्रधान सुरेंद्र कंवर, उप प्रधानाचार्य सतनाम कौर व अधीक्षक राजीव शर्मा तथा स्कूल प्रबंधक कमेटी के प्रधान बालकृष्ण, ग्राम पंचायत प्रधान सृष्टा देवी, उप प्रधान शमशेर सिंह, पूर्व उपप्रधान रणजीत सिंह, वार्ड सदस्य युदबीर सिंह, उद्योगपति प्रमोद शर्मा प्रधानाचार्य सुशील कुमार, सेवानिवृत प्रधानाचार्य राजेंद्र कुमार उपस्थित थे।



मुबारिकपुर स्कूल में समारोह में प्रस्तुति के लिए तैयार स्टूडेंट्स

## खुशखबरी : रेडक्रास सोसायटी ने निकाला लक्की ड्रॉ का परिणाम

- पहले इनाम में मिलेगा इलेक्ट्रिक स्कूटर अथवा 70 हजार रुपए
- सहायक आयुक्त ने विजेताओं से किया आग्रह
- 30 दिन के भीतर स्वयं आकर या अपने प्रतिनिधि को भेजकर प्राप्त करें इनाम



**अनंत ज्ञान, ऊना**

**जिला** स्तरीय गणतंत्र दिवस-2024 के उपलक्ष्य पर जिला ऊना रैडक्रॉस सोसायटी के तत्वावधान में कृषि मंत्री चंद्र कुमार की उपस्थिति में हुए रैफरल ड्रॉ का परिणाम घोषित किया गया है, जिसका प्रथम पुरस्कार का विजेता 36638 नंबर टिकटधारक रहे हैं, जिन्हें इलेक्ट्रिक स्कूटर अथवा 70 हजार रुपए मिले हैं।

सहायक आयुक्त उपायुक्त एवं सचिव जिला ऊना रैडक्रॉस सोसायटी वरिंद्र शर्मा ने बताया कि द्वितीय पुरस्कार स्टील अलमारी अथवा 11 हजार के लिए 10727 व 32556 नंबर टिकटधारक हैं, जबकि तृतीय पुरस्कार मिक्सर ग्राइंडर अथवा 2500 रुपए टिकटधारक 10370, 24432, 44226, 46636, 15249, 44243, 37386, 35454, 5133 और 31971 रहे हैं। टिकटधारक 3587, 44430, 8535, 9296, 43399, 44327, 8477, 31997, 15116 व 41168 को चौथे पुरस्कार के रूप में प्रैसर कुक्कर या 2000 रुपए रहे हैं। पांचवें पुरस्कार के टिकटधारक 4602, 16075, 5002, 1912, 10097, 4434, 095, 11535, 41105 व 6136 रहे हैं, जिन्हें सीलिंग फैन या 2000 रुपए के लिए हकदार हैं। छठे पुरस्कार इलैक्ट्रिक प्रैस या 1000 रुपए के विजेता टिकटधारक 2501, 34998, 24502, 11833, 34412, 19482, 14977, 15035, 7853 तथा 15819 रहे हैं, जबकि सातवें पुरस्कार के विजेता 23049, 9284, 4944, 9273, 38515, 41103, 7633, 20293, 36544, 7717, 42419, 46435, 44138, 48108 36399, 14517, 10455, 34982, 1855 व 2502 वॉल क्लॉक या 400 रुपए रहे हैं।

सहायक आयुक्त ने भाग्यशाली पुरस्कार विजेताओं से आग्रह किया है वे अपना पुरस्कार 30 दिन के भीतर स्वयं आकर या अपने प्रतिनिधि को भेजकर प्राप्त कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त ac-una-hp@nic.in ईमेल पते पर भी अपने पुरस्कार के लिए दावा कर सकते हैं।

**आयोजन** डीएवी सेनेटरी पब्लिक स्कूल में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम ने मोहा सबका मन

# ‘राम सिया राम, सिया राम, जय जय राम’ के उद्घोष से गूंजा विद्यालय

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

**स्थानीय** डीएवी सेनेटरी पब्लिक स्कूल में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम ने सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में नगर परिषद ऊना के प्रतिष्ठित बाबा अमरजोत बेदी जी ने शिरकत की। मुख्यातिथि ने दीप जलाकर कार्यक्रम की शुरूआत की।

कार्यक्रम के अंतर्गत मर्यादा पुरुषोत्तम राम स्तुति ‘राम सिया राम सिया राम जय जय राम’ के उद्घोष से विद्यालय प्रांगण गुंजायमान हो उठा। कक्षा प्रथम, द्वितीय के स्टूडेंट्स द्वारा फैशन शो की प्रस्तुति ने सबका मन मोह लिया। योग क्रियाओं पर आधारित देशभक्ति गीत ‘चक दे इंडिया’ ने देशभक्ति का जोश पैदा कर दिया। हिमाचली संस्कृति को दर्शाती पहाड़ी नाटी ‘नाटी दा चस्का बुरा’ ने सभी को झूमने पर विवश कर दिया। पुराने समय की गीतमाला को डीएवी आर्केस्ट्रा द्वारा पेश किया गया, जिसकी खूब सराहना की गई। पंजाबी भांगड़ा ने सब में जोश भर दिया। नाटी, भांगड़ा, पाश्चात्य नृत्य के की प्रस्तुति भी आकर्षण का केंद्र रही। प्रधानाचार्य अतुल महाजन ने विद्यालय की विकास की प्रगति के बारे में वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की।




### शिक्षा में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन वाले स्टूडेंट्स नवाजे

**शैक्षणिक** स्तर पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वालों में आदर्श, गीतांजलि, विभास, रवनीत, श्रेष्ठा, रितेश, छवि, रुद्राक्ष, सांची, उमंग, निश्चय, विवेक, कनिक, हरमन, अंशुल, सुकृति, संचिता, आदित्य, आदित्य, पार्थ, संतोष, सानवी, सुमेधा, सूजल व मनीषा और खेलकूद में राष्ट्रीय स्तर पर विद्यालय की पहचान बनाने वालों में कुलदीप, अगम, पुष्कल, मयंक, अनिका, कृष्णा, अंकुश, वाणी, सौम्या, नव्या, रितिका, तनीषा, नितिमा, खुशी, साधिका, अनुज, वेंकटेश वीरेश, सक्षम, ओजस्वित, दिव्यांश, विग्नेश, भविष्य, तेजस, वैभव, कृति को पुरस्कृत किया गया। सांस्कृतिक क्षेत्र में राज्य स्तर पर तृतीय स्थान पाने वाली एंजेलिना को प्रशस्ति पत्र व समृद्धि चिन्ह से सम्मानित किया गया। शिक्षक वर्ग में से सर्वश्रेष्ठ कक्षा सज्जा के लिए रंजना, उषा, निशा शारदा, राजविंद्र, अनुपमा, मधु, गीतिका, सुनील, राजेश, मोनिका, बिंदु, रेखा, वंदना, मंजू, शिवलता, योगिता, व रेनू को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर स्थानीय स्कूल कमेटी के उपप्रधान बलविंद्र सिंह, सदस्य आशुतोष शर्मा, महेंद्र सैनी, प्राचार्य अतुल महाजन, प्रेरणा महाजन के अलावा विद्यालय के सहायक क्षेत्रीय अधिकारी नमित शर्मा, डीएवी रैहन की प्राचार्य रश्मि जमवाल, नादौन के प्राचार्य सुरजीत राणा, करमिंद्र कौर, नमिता शर्मा, दीपिका बस्सी, सोनिका, किरण भयाना उपस्थित थे।

‘नाखून के बढ़ने से नाखून को काटते हैं न कि उंगली को। वैसे ही गलतफहमी होने से अहम को काटते हैं न कि रिश्ते को। –अज्ञात



# धूमिल होते विपक्षी एकता के प्रयास



सुरेश हिंदुस्तानी
(लेखक,स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

**आजकल** वर्तमान केंद्र सरकार को सत्ताच्युत करने के सपने देखने की राजनीति गरम है। केंद्र में विपक्ष की राजनीति करने वाली कांग्रेस सहित तमाम क्षेत्रीय दल एक साथ चलने का राग अलाप रहे हैं, लेकिन वर्तमान राजनीतिक शैली को देखते हुए सहज ही यह सवाल देश के वातावरण में अठखेलियां कर रहा है कि क्या आज की स्थिति और परिस्थिति को देखते हुए विपक्ष की भूमिका निभाने वाले राजनीतिक दल एक होकर चुनाव लड़ पाएंगे। यह सवाल इसलिए भी उठ रहा है, क्योंकि सारे दल इस जोर आजमाइश में लगे हैं कि किसको कितनी सीट दी जाएं।

इस बारे में कांग्रेस के समक्ष बड़ी विकट स्थिति निर्मित होती जा रही है, क्योंकि जहां एक ओर कांग्रेस नेता राहुल गांधी कांग्रेस के अस्तित्व को बचाने के लिए एक और राजनीतिक यात्रा पर हैं, वहीं दूसरी ओर क्षेत्रीय दल कांग्रेस को कोई भाव नहीं दे रहे। इसके पीछे का कारण स्वयं कांग्रेस की राजनीति ही है, क्योंकि उसके नेताओं को न तो अपनी वास्तविक स्थिति का ज्ञान है और न ही उसके नेता वैसा आचरण ही कर रहे हैं। इस कारण आज क्षेत्रीय दल कांग्रेस से ज्यादा प्रभावशाली हैं। वास्तविकता यह है कि कांग्रेस को क्षेत्रीय दलों के सहारे की तलाश है और कांग्रेस इस सत्य को अभी समझने में पूरी तरह असमर्थ दिखाई दे रही है। देश में चल रहे राजनीतिक घटनाक्रम के बाद यह लगने लगा है कि केंद्र में भारतीय जनता पार्टी की सरकार पुन: आसीन होने की ओर अग्रसर है। ऐसा इसलिए भी है, क्योंकि केंद्र की सरकार ने जो काम किए हैं, उनके प्रति भारत की जनता का जुड़ाव दिखाई देता है।

**कांग्रेस के समक्ष बड़ी विकट स्थिति निर्मित होती जा रही है, क्योंकि जहां एक ओर कांग्रेस नेता राहुल गांधी कांग्रेस के अस्तित्व को बचाने के लिए एक और राजनीतिक यात्रा पर हैं, वहीं दूसरी ओर क्षेत्रीय दल कांग्रेस को कोई भाव नहीं दे रहे। इसके पीछे का कारण स्वयं कांग्रेस की राजनीति ही है।**

इसी कारण भाजपा को सत्ता में आने से रोकने के लिए जहां देश में विपक्ष के राजनीतिक दल एकता के लिए प्रयास करते दिखाई दे रहे थे, अब उन प्रयासों में बहुत बड़ा पेच सामने आ गया है। यह पेच इसलिए भी स्थापित हुआ है क्योंकि कांग्रेस को सारे क्षेत्रीय दल आंखें दिखाने की अवस्था में दिखाई देने लगे हैं। इसके पीछे क्षेत्रीय राजनीतिक दलों का अस्तित्व बचाने का तर्क दिया जा सकता है, लेकिन सत्य यह भी है कांग्रेस वर्तमान में बहुत कमजोर हो गई है। इसलिए कांग्रेस को मन मुताबिक सीट देने को कोई भी दल तैयार नहीं है। पश्चिम बंगाल में एक तरफ ममता बनर्जी कांग्रेस को उसकी स्थिति के अनुसार सीट देने को तैयार नहीं है। वहीं, उत्तर प्रदेश में भी समाजवादी पार्टी कांग्रेस को ज्यादा सीट देने के मूड में नहीं है। इंडी गठबंधन के लिए रही सही कसर पर नीतीश कुमार ने बिहार में कांग्रेस की उम्मीदों पर पानी फेर दिया है। इस राजनीतिक घटनाक्रम के बाद स्वाभाविक रूप से विपक्षी एकता के गठबंधन को बहुत बड़ा आघात लगा है। उल्लेखनीय है कि नीतीश कुमार विपक्षी गठबंधन की एकता के एक बड़े नेता के रूप में स्थापित हुए थे, जिन्हें कांग्रेस द्वारा महत्व नहीं दिया गया। नतीजा सामने हैं। नीतीश कुमार ने अपनी अलग राजनीतिक राह निर्मित कर ली।

वर्तमान में राजनीतिक रूप से अस्तित्व बचाने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगा रहे विपक्षी दलों के समक्ष एक बार फिर से अपनी एकता को बनाए रखने के लिए चुनौतियों का पहाड़ स्थापित होता दिखाई दे रहा है। जहां तक विपक्षी एकता की बात है तो आज के हालात को देखते हुए निश्चित ही यह कहा जा सकता है कि जितने मुंह उतनी बातें हो रही हैं। विपक्ष के सारे दल किसी न किसी रूप में अपनी महत्वाकांक्षा को प्रदर्शित कर रहे हैं। तू डाल-डाल, मैं पात-पात वाली कहावत को चरितार्थ करते हुए कांग्रेस सहित क्षेत्रीय दल अपनी पहचान बनाए रखने के लिए एक-दूसरे को आंखें दिखा रहे हैं। इससे एक बात पूरी तरह से स्पष्ट हो जाती है कि कांग्रेस के नेतृत्व को कोई भी दल सर्वसम्मति से स्वीकार करने की स्थिति में नहीं है, लेकिन कांग्रेस का रवैया ऐसा दिखाई दे रहा है, जैसे उनका ही दल सब कुछ हैं। पश्चिम बंगाल और पंजाब के राजनीतिक स्वरों के निहितार्थ तलाशे जाएं तो यह कहने में कोई अतिरेक नहीं होगा कि कांग्रेस इन राज्यों में अपेक्षाकृत प्रदर्शन नहीं कर पाएगी।

ऐसा इसलिए भी संभव है, क्योंकि पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी का आधार और प्रभाव है और वह किसी भी प्रकार से अपने प्रभाव को कमजोर करने का काम नहीं करेंगी, क्योंकि ममता के पास पश्चिम बंगाल के अलावा कहीं भी राजनीतिक जमीन नहीं है। ऐसा ही पंजाब में आम आदमी पार्टी के बारे में कहा जा सकता है। इन दोनों दलों का व्यापक प्रभाव इन्हीं राज्यों में है, जिसे वह खोना नहीं चाहते। आज भले ही कांग्रेस की ओर से विपक्षी एकता के प्रयास किए जा रहे हों, लेकिन इन प्रयासों की सफलता तभी संभव है, जब कांग्रेस अन्य राजनीतिक दलों उनकी महत्वाकांक्षाओं के साथ स्वीकार किया जाए, लेकिन कांग्रेस की वर्तमान रवैये को देखते हुए ऐसा संभव नहीं लगता।

एक समय गठबंधन के मुख्य सूत्रधार कहे जाने वाले बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के भाजपा की तरफ कदम बढ़ाने की कवायद को विपक्षी एकता के लिए जबरदस्त आघात के रूप में ही देखा जा रहा है। ऐसा करने के पीछे अनुमान यही है कि भारतीय जनता पार्टी ने अपनी स्वीकारोक्ति में वृद्धि की है। अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण भले ही न्यायालय के आदेश पर हुआ हो, लेकिन इसके लिए भाजपा के योगदान को आज पूरा देश जानता है। आज बिहार की राजनीति का अध्ययन किया जाए तो यह कहना ठीक ही होगा कि वहां भले ही राष्ट्रीय जनता दल और जनता दल यूनाइटेड के बीच बेमेल गठबंधन बनाकर सरकार का संचालन किया जा रहा था, लेकिन इन दोनों दलों के बीच विचारों की एकता नहीं थी। दोनों ही दल अपनी-अपनी दाल पकाने में व्यस्त रहे। कहा तो यह भी जा रहा है कि लालू प्रसाद यादव अपने पुत्र को मुख्यमंत्री की कुर्सी पर विराजमान करने की राजनीति करने लगे थे। इसी प्रकार की स्थिति उत्तर प्रदेश की है, जहां कांग्रेस की राजनीतिक जमीन शून्यता की ओर कदम बढ़ा रही है। ऐसे में समाजवादी पार्टी कांग्रेस को उतना महत्व नहीं देगी, जितना वह चाहती है। इस प्रकार की परिस्थिति के बीच कांग्रेस अपने राजनीतिक भविष्य की तस्वीर में किस प्रकार से रंग भरेगी, यह फिलहाल टेढ़ी खीर ही कही जाएगी।

कुल मिलाकर यही कहा जाएगा कि विपक्ष की एकता जो प्रयास किए जा रहे हैं, उसके समक्ष एक-एक करके बड़े अवरोध भी स्थापित हो रहे हैं। इनका सामना करने की हिम्मत एकता से ही संभव हो सकती थी, जो फिलहाल असंभव सा ही लग रहा है। ऐसा लगने लगा है विपक्षी एकता के प्रयास तार-तार हो रहे हैं। इसके पीछे कांग्रेस की एक बड़ी खामी यह भी है कि वह भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में न जाने की आत्मघाती भूल कर चुकी है। भगवान राम से भारत की जनता का सीधा संबंध है, जिसे कोई भी राजनीतिक दल नकारने का साहस नहीं कर सकता। विपक्षी राजनीतिक दलों को भविष्य की राजनीति की ओर कदम बढ़ाना है, तो उसे भारत की आस्था को सम्मान देना ही होगा, नहीं तो जो स्थिति पहले हुई, वैसी ही स्थिति के लिए तैयार रहना चाहिए।

## सोशल मीडिया के युग में ‘राम’ का आत्मज्ञान

**एक दौर था** जब शारदीय नवरात्र शुरू होते थे, तो शहरों में रामलीला के लिए मंच सज जाते थे। आज भी ऐसा होता है, लेकिन समय के साथ अब बहुत से बदलाव देखने को मिल रहे हैं। यह सोशल मीडिया का दौर है। गूगल में सर्च करो तो पूरी रामायण पढ़ी और देखी जा सकती है, लेकिन वह एक दौर था, जब लोग मंचों पर रामलीलाएं देखकर या फिर धार्मिक आयोजनों में कथा पाठ के जरिए रामायण के बारे में जानते थे और जो कुछ पढ़े-लिखे होते थे, वे पवित्र पुस्तकों को पढ़ लेते थे। उसके बाद टीवी चैनलों पर धारावाहिक शुरू हुए, कई धार्मिक फिल्में बनीं। अस्सी के दौर में बीआर चोपड़ा के ‘महाभारत’ और रामानंद सागर के ‘रामायण’ ने लोगों के दिलों में खास जगह बनाई, लेकिन इसके बावजूद मंचों का महत्व कम नहीं हुआ। जो सुकून रामलीला में जाकर मंच पर कलाकारों के अभिनय को रू-ब-रू देखने में मिलता था, वह भला धारावाहिकों में कहां मिल पाता था। गांव का ही कोई ताया-चाचा मंच पर रामलीला का कोई पात्र बना होता था और हनुमान की वानर सेना और मेघनाद, कुंभकर्ण की राक्षसी सेना में छोटे-छोटे शहरों के आसपास गांव के ही तो बच्चे होते थे। वानर सेना में भर्ती होने का बड़ा चाव होता था, लेकिन जब वैकेंसी खत्म हो जाती थी, तो मन मसोसते हुए राक्षसी सेना में जाना पड़ता था। यह वह दौर था, जब बच्चे बुजुर्गों की सुनीं कथाओं व मंचों पर पौराणिक कथाओं का मंचन देखकर संस्कृति, सभ्यता और नैतिकता को सीखते थे।

**‘रामायण’ व ‘गीता’ जैसी पौराणिक कथाओं का महत्व व्यवहारिक अनुसरण करके समझा जा सकता है। जब हम धार्मिक कट्टरवाद, सांप्रदायिकता से ऊपर उठकर पौराणिक ग्रंथों की फिलोसफी को सामाजिक, वैज्ञानिक और नीति के ढंग से समझेंगे और जिएंगे, तो समाज में हमारे अंदर का राम हर पीड़ा के रावण को हर लेगा और शांति का अनुसरण करेगा।**

आज सोशल मीडिया यह सब छीन रहा है, लेकिन ऐसा नहीं कि पौराणिक कथाओं की महता को कम कर रहा है। आज चुनौतियां हैं, तो समाज के अंदर पनप रहीं कुरीतियों को बदल पाने कीं। ‘रामायण’ व ‘गीता’ जैसी पौराणिक कथाओं का महत्व व्यवहारिक अनुसरण करके समझा जा सकता है। जब हम धार्मिक कट्टरवाद, सांप्रदायिकता से ऊपर उठकर पौराणिक ग्रंथों की फिलोसफी को सामाजिक, वैज्ञानिक और नीति के ढंग से समझेंगे और जिएंगे, तो समाज में हमारे अंदर का राम हर पीड़ा के रावण को हर लेगा और शांति का अनुसरण करेगा।

नजरिया

# मोबाइल की दुनिया में कैद बच्चों का भविष्य



सिकंदर बंसल
रामपुर बुशैहर

**स्टूडेंट्स** के चहुंमुखी विकास के लिए खेलें बहुत जरूरी हैं। सरकार और विभाग इस कार्य के लिए वचनबद्ध भी होते हैं। आज बहुत सी खेलें व्यक्तिगत और समूह में खेली जाती हैं। सरकर खेल बजट भी बनाती है, लेकिन क्या यह बजट काफी है, किसी की प्रतिभा निखारने के लिए। शायद, बहुत कम।

बजट का छोड़िए, क्या हमारे पास खेलों में रुचि पैदा करने वाले अभिभावक, शिक्षक और समाज है, क्योंकि आज बच्चों को इंडोर खेलों से बाहरी खेलें जरूरी हैं, जो समूह में या व्यक्तिगत रूप में खेली जाती हैं। मोबाइल की आभासी दुनिया में व्यस्त आज के स्टूडेंट्स खेल के मैदान से अपना जी चुराना चाहते हैं। हिमाचल प्रदेश में प्रतिभाओं की भी कमी नहीं है। बहुत दुख होता है, जब दुर्गम पहाड़ से निकला कोई खिलाड़ी अभाव के कारण आगे नहीं बढ़ पाता है। हिमाचल प्रदेश में बहुत कम स्पोर्ट्स हॉस्टल और खेल प्रशिक्षक हैं। पिछले कई वर्षों से न तो स्कूलों, कॉलेजों में शारीरिक शिक्षक के और न ही कोच के पद भरे गए हैं। किस तरह प्रतिभा गांव से शहर की तरफ आएगी।

आज शारीरिक शिक्षा मात्र खेल के मैदान तक ही सीमित है। इस शिक्षा में न तो स्टूडेंट्स के लिए करियर गाइडलाइंस दी जाती है और न ही काउंसलिंग करवाई जाती है और न ही कोई स्टूडेंट्स इसमें अपना भविष्य बनाना चाहता है। आज बच्चों की खेलों में रुचि पैदा करने के लिए अभिभावकों को भी जागरूक होने की आवश्यकता है। जब तक अभिभावक अपने बच्चों को रुचि के अनुसार किसी खेल के प्रति प्रोत्साहित नहीं करेंगे, तब तक बच्चा मोबाइल की स्क्रीन को ही स्क्रॉल करता रहेगा। उसे खेल के मैदान में मिट्टी की महक का भी पता नहीं चलेगा। खेलकूद व्यक्ति को स्वस्थ और फिट रखने के साथ-साथ, उसके स्वरूप को और बेहतर बनाने और शीघ्र निर्णय लेने की दिशा में उनकी मदद करता हैं, इसलिए हर किसी को खेल के महत्व को समझना चाहिए। युवाओं को खेलों में भाग लेने के साथ-साथ इसे अपने करियर के रूप में चुनना चाहिए।

## अंदाज-ए-बयां

### फर्क

*हो जाए बारिश मिलेगा चैन*
*हैं बूंद-बूंद को तरसे नैन*
*अब पेड़-पौधे भी पूछ रहे*
*सूखे से सब जूझ रहे*
*न उनको बारिश का है ज्ञान*
*अब बूंद-बूंद को तरसे नैन*
*हो जाए वर्षा मिल जाए चैन*
*क्या हो गई है हमसे भूल*
*चढ़ गई हम पर भारी धूल*
*चिंतित बैठा आज किसान*
*अब बूंद-बूंद को तरसे नैन*
*हो जाए वर्षा मिल जाए चैन*
*मेघ अब तो जाग जा भाई*
*बारिश की बूंदें कहां छुपाईं*
*पक्षी आपका करें गुणगान*
*अब बूंद-बूंद को तरसे नैन*
*हो जाए वर्षा मिल जाए चैन*
*प्रभु शुरू करो बारिश की बूंदें*
*सारी कायनात खुशी से झूमे*
*हो सके बर्फ भी फेंक दो जल्दी*
*ताकि खुशी से कट जाए सर्दी*
*माथे पे हाथ धर बैठे बागवान*
*अब बूंद-बूंद को तरसे नैन*
*हो जाए वर्षा मिल जाए चैन।*

***–सुभाष चंद कासव***
***त्रालय गैहरा, जिला चंबा***

# अनुभवों की खान व परिवार का स्तंभ होते हैं बुजुर्ग



नरेंद्र भारती
वरिष्ठ पत्रकार
9459047744

**कहते** हैं बुजुर्ग अनुभवों की खान होते हैं। बुजुर्ग वटवृक्ष के समान होते हैं, जिनकी शीतल छाया में बच्चे सुरक्षित रहते हैं, मगर आज अपने ही वृक्ष को काटने पर उतारु हो गए हैं। बुजुर्ग परिवार का स्तंभ होते हैं, मगर आज के आधुनिक समाज में अधिकांश वृद्ध आश्रमों की शरण ले रहे हैं क्योंकि जब ये लोग दुखी हो जाते हैं तो वृद्ध आश्रम ही आखिरी विकल्प सूझता है। आज बहुत से वृद्ध एकाकी जीवन जी रहे हैं।

बेटों के पास आज समय नहीं हैं कि अपनों का सहारा बनें। घर में अपने बुजुर्गों की दिन-रात सेवा करनी चाहिए क्योंकि बुजुर्गों की सेवा से बड़ा कोई तीर्थ नहीं हैं। देश में आज लाखों वृद्ध लोग नारकीय जीवन जीने पर मजबूर हैं तथा दूसरों पर मोहताज हैं। बुजुर्गों ने पाई-पाई जोड़कर जिन बच्चों को महंगी व उच्च तालीम देकर पैरों पर खड़ा किया, आज उन्हीं के सामने दो जून की रोटी के लिए गिड़गड़ा रहे हैं। मां-बाप का कर्ज आज तक कोई नहीं चुका पाया है। बुजुर्गों ने अपनी खुशियों का गला घोंटकर अपने बच्चों को हर खुशी प्रदान की, मगर आज वही चिराग माता-पिता के दुश्मन बन गए हैं। आज बुजुर्गों को स्टोर रूम में रखा जाता है, मगर एक दिन स्टोर रूम तुम्हारा भी इंतजार कर रहा है। जब तुम्हें भी ऐसा ही नसीब होगा क्योंकि जैसा बोओगे वैसा ही काटोगे। बेशक प्रत्येक वर्ष एक अक्तूबर को विश्व वृद्ध दिवस मनाया जाता है, मगर ऐसे आयोजन औपचारिकता भर रह गए हैं। केवल मात्र एक दिन बड़ी धूमधाम से कार्यक्रम किए जाते हैं, बाकी 364 दिन इन वृद्धों को कोई याद तक नहीं करता। वृद्धों के नाम पर चलाई जा रही योजनाएं कागजों में ही क्रियान्वित होती हैं। आज देश में बुजुर्ग लोग तिरस्कृत जीवन जीने को मजबूर हैं। बुजुर्ग किसी दूसरे द्वारा नहीं, बल्कि अपने ही बेटों के कारण उपेक्षित हैं। शायद यह उनका दुर्भाग्य ही कहा जाएगा कि जिन बच्चों के लिए अपना पेट काटकर व भूखे रहकर उनका पालन-पोषण किया, आज वही बेटे उन्हें दर-दर की ठोकरें खाने के लिए मजबूर कर रहे हैं। आज देश में बुजुर्गों की जो हालत हो रही है, उसके मामले समय-समय पर उजागर होते रहते हैं। आधुनिक युग की तथाकथित बहुएं व कलयुगी बेटे बुजुर्गों से बुरा व्यवहार कर रहे हैं, लेकिन एक दिन उन्हें भी बुढ़ापा आएगा, तब उन्हें भी अपनी करनी का फल अवश्य मिलेगा। आज स्थिति यह है कि वृद्ध लोग दाने-दाने को तरस रहे हैं।

विडंबना देखिए कि आज मां-बाप का बंटबारा किया जा रहा है। उन्हें महीनों में बांटा गया है कि इस माह किस बेटे के पास खाना खाना है तथा अगले महीने दूसरे बेटे के घर खाना है। जिन मां-बाप ने अपने बेटों में कभी भेदभाव तक नहीं किया, आंच तक नहीं आने दी, कांटा तक चुभने नहीं दिया, आज वही बच्चे उनका बंटवारा कर रहे हैं। ऐसी परिस्थितियों के कारण कई लोग असमय ही मौत को गले लगा रहे हैं। बुजुर्गों के साथ बेटों द्वारा मारपीट की घटनाएं भी होती रहती हैं। मारपीट के कारण कई मारे जा चुके हैं। ऐसी औलादें समाज पर कलंक हैं जो अपने ही जन्मदाताओं को नरक की जिंदगी दे रहे हैं, लेकिन कहते हैं इतिहास अपने आप को दोहराता है। समय बहुत बलवान होता है, एक दिन उन्हें सजा जरूर मिलेगी। गरीब लोग तो माता-पिता व बुजुर्गों की अच्छी सेवा करते हैं, मगर साधन संपन्न लोगों द्वारा आज बुजुर्गों को ओल्ड ऐज होम तथा सरकार द्वारा बनाए गए वृद्ध आश्रमों में धकेला जा रहा है। बुजुर्गों को समय दीजिए, सम्मान दीजिए। आज वृद्धों को पुराना सामान समझ कर निकाला जा रहा है, लेकिन दुनिया में सब कुछ मिल जाता है, मगर मां-बाप नहीं मिलते। बेचारे बुजुर्ग जिन पोते-पोतियों को कंधों पर बिठाकर स्कूल से लाते थे और छोड़ते थे, आज वही उनकी पिटाई तक करते हैं तथा उनका मजाक उड़ाते हैं। कुछ बुजुर्ग तो घर में ही कैद होकर रह गए हैं, वे गुमनामी के अंधेरे में जीने को मजबूर हैं। वृद्ध आज दयनीय स्थिति में जीवन-यापन कर रहे हैं।

# एसएमसी शिक्षकों पर दरियादिली दिखाए सरकार



लेखक : हेमराज राणा
स्वतंत्र पत्रकार



**हिमाचल** प्रदेश के विभिन्न जिलों के दुर्गम क्षेत्रों में अपनी अहम सेवाएं देने वाले एसएमसी शिक्षक स्थायी नीति के इंतजार में विभिन्न सरकारों से मांग करते आ रहे हैं जैसा कि हाल ही में एसएमसी शिक्षकों ने अनिश्चितकालीन के लिए अनशन का फैसला लिया है। उनकी पीड़ा और दुख को इस कदर लाकर खड़ा कर दिया है कि उनको इस तरह का फैसला लेना पड़ रहा है परंतु आज तक केवल व केवल आश्वासन के अलावा कुछ भी प्राप्त नहीं हो पा रहा है।

इतना जरूर है कि इन तमाम शिक्षकों के मानदेय में पिछली जयराम सरकार ने और वर्तमान सुक्खू सरकार ने बढ़ोतरी जरूर की है, जिनकी नियुक्ति पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल ने अपने कार्यकाल में हिमाचल प्रदेश के उन तमाम दुर्गम क्षेत्रों में रिक्त पड़े शिक्षकों के पदों पर करवाई थी। जहां चंद स्थायी शिक्षक कार्यरत थे और स्थानीय तौर पर युवाओं को रोजगार भी उपलब्ध हो सके जबकि उनके बाद आई अगली वीरभद्र सिंह सरकार में भी एसएमसी शिक्षकों की नियुक्ति करवाई गई, वह भी अस्थायी रूप से नियुक्ति हुई। इस प्रकार एसएमसी शिक्षकों की वर्तमान में संख्या लगभग पच्चीस सौ पचपन के आसपास बताई जाती है। यहां देखने वाली बात यह भी है कि इनकी नियुक्ति उपमंडलाधिकारी द्वारा करवाई गई थी जबकि पूर्व में नियुक्त हुए पीटीए शिक्षकों की नियुक्ति मात्र पंचायत प्रधान द्वारा करवाई गई थी। उनकी स्थायी नीति बनाने में भी पूर्व सरकारों को दशक लग गए थे। साथ ही इसमें कोई अतिश्योक्ति नहीं है कि इन तमाम शिक्षकों की नियुक्ति दुर्गम क्षेत्रों में हुई, जहां कहीं न कहीं इन शिक्षकों के कारण शिक्षा का स्तर बढ़ा है और उन तमाम स्कूलों में पढ़ रहे ग्रामीणों के आम बच्चों को घर-द्वार शिक्षा मिल रही है जबकि सरकारों ने इनके भविष्य को सुरक्षित करने के लिए प्रयास भी किए हैं। कहीं न कहीं वह इच्छाशक्ति की दरकार जरूर देखने को मिलती रही तो कभी कानूनी रूप से भी समस्याएं उत्पन्न हुई। आज इन तमाम शिक्षकों की मांग है कि हमें भी पूर्व में नियुक्त हुए पैरा, पैट, पीटीए, पंजाबी शिक्षकों की तर्ज पर नियुक्त किया जाए और स्थायी नीति बनाई जाए। जिन तमाम शिक्षकों ने हाल ही में प्रदेश सचिवालय शिमला में भारी संख्या में प्रदर्शन और प्रदेश सरकार से मांग की थी कि हमारे लिए जल्द स्थायी नीति बनाई जाए ताकि भविष्य में हमारा शोषण न हो। इस मामले में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने एक हाई पावर कमेटी का गठन करने के आदेश दिए थे और शिक्षा मंत्री ने सभी शिक्षकों को आश्वस्त किया था कि उनके लिए जल्द स्थायी नीति बनाने में सरकार आगे बढ़ रही है परंतु जैसे-जैसे समय निकलता जा रहा है, वैसे ही शिक्षकों का इंतजार भी नीति को लेकर लंबा होता जा रहा है और अपने भविष्य को लेकर चिंतित हो रहे हैं। यहां देखने वाली बात यह भी है कि इनमें अनेक शिक्षकों की उम्र चालीस और पचास वर्ष तक पहुंच चुकी है और साथ ही महंगाई के इस दौर में आर्थिक रूप से भी समस्याओं का सामना कर रहे हैं। शिक्षक का एक ऐसा कार्यक्षेत्र रहता है जहां किसी भी क्षेत्र और विशेष कर गांव के बच्चों को घर द्वार शिक्षा मिल पाती है। इन तमाम शिक्षकों की नियुक्ति इसी परिप्रेक्ष्य और उद्देश्य के साथ मानी जाती है कि जहां पर दुर्गम क्षेत्र के गांव में शिक्षकों के रिक्त पड़े पदों पर कहीं न कहीं इनके माध्यम से अच्छी और स्थानीय तौर पर छात्रों को शिक्षा मिलती रहे और साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षकों के रिक्त पदों की समस्या हमेशा बनी रहती है। जिसका प्रभाव सीधा-सीधा गरीब बच्चों पर पड़ता है जो आर्थिकी के कारण अन्य स्कूलों में नहीं भेज पाते तो इसी परिप्रेक्ष्य में और मानवता के नाते हम सभी युवा भी सरकार से निवेदन करते हैं कि इन शिक्षकों के लिए जल्द स्थायी नीति बनाने की अनुशंसा करें। उम्मीद भी करेंगे कि जल्द इस गंभीर विषय को लेकर सरकार अमलीजामा भी पहनाएगी।

# परिवार ही समाज की नींव, बुजुर्गों की छांव से दूर होते परिवार



ब्लॉगर

लेखक : ठाकुर तारा
समाजशास्त्री, सुंदरनगर जिला मंडी

यह कॉलम ब्लॉगर के लिए है। इस व्हाट्सऐप नंबर 9882400808 पर भेजें। ई-मेल editoranantgyaan@gmail.com

**परिवार** समाज की सबसे छोटी इकाई है या फिर हम यूं कह सकते हैं कि परिवार ही समाज की नींव हैं तो इसमें कोई भी अतिश्योक्ति नहीं होगी। परिवार में ही प्रथमत: समाज का निर्माण होता है। कई छोटे-छोटे परिवारों को मिलाकर एक बड़े समाज का गठन संभव है। जैसे परिवार होंगे वैसे ही समाज बनेंगे तो फिर अगर कोई सामाजिक समस्या का उद्गम होता है तो समाज को हम सीधे तौर पर ही दोषी ठहराते हुए अपने कर्तव्य की इतिश्री कर देते हैं।

आज का युवा वर्ग बुजुर्गों की छत्रछाया से कोसों दूर होता जा रहा है। यह दुर्भाग्य ही तो है बरसों से चली आ रही जिस भारतीय संस्कृति में पलने बढ़ने की परंपरा संयुक्त पारिवारिक रिश्ते, एक ही छत के नीचे साथ मिलकर रहने, खाने और सुख दुख में सहभागितापूर्वक डटकर मुकाबला करना, संस्कारवान गुणों का विकास, यह सब संयुक्त परिवार में सीखने-सिखाने की परंपरा सिर्फ भारतीय संस्कृति में परिलक्षित होती रही है। वर्तमान समय में हम ओल्ड ऐज होम में ऐसे ही बहुत से बुजुर्गों को जीवन के अंतिम क्षणों के साथ जीते हुए देख सकते हैं। यह स्थिति आखिरकार क्यों? पनपी भारत ग्लोबल हो रहा है और अर्थव्यवस्था, टेक्नोलॉजी के साथ हम पश्चिमी मॉडल को अपना तो जरूर रहे हैं, लेकिन उससे पैदा होने वाली समस्याओं की ओर हमारा ध्यान नहीं है । इसके जहां फायदे भी हैं तो बहुत से नुकसान भी हैं।

हिंदुस्तान में छह प्रतिशत आबादी 60 साल और उससे अधिक की है परंतु 2050 तक बुजुर्गों की यह संख्या इजाफा होकर 20 प्रतिशत तक होने का अनुमान है। इस भयावहता का आखिर कौन जिम्मेदार है। बुजुर्गों के लिए दुनिया का सबसे बेहतरीन और दुनिया की सबसे खराब जगहों का विश्व स्तरीय रैंकिंग में स्विट्जरलैंड का नाम सबसे पहले और भारत का नाम सबसे खराब जगह पर वर्णित है। हेल्प एज इंटरनेशनल नेटवर्क ऑफ चैरिटीज की ओर से जारी आंकड़ों की मानें तो ग्लोबल ओल्ड एज इंडेक्स में 96 देशों में से भारत को 71वां स्थान दिया गया है, जो बहुत ही चिंतनीय विषय है।

उम्रदराज लोगों में जोड़ों की समस्या ग्रामीण क्षेत्रों में 38 प्रतिशत और शहरों में 43 प्रतिशत देखने को मिली। 35 प्रतिशत उम्रदराज लोग किसी न किसी प्रकार की शारीरिक क्षमता, सुनने, बोलने, देखने इत्यादि से ग्रस्त पाए गए। जिस मां-पिता ने अपनी संतान को खून पसीने से सींच कर गरीबी में जीकर शिक्षा दिलाकर अपने बुढ़ापे के सहारे के रूप में कल्पना की थी, वह संयुक्त परिवारों के विखंडन के साथ एकल परिवार के रूप में बंट गई। यह स्वार्थपूर्ण विचारधारा हिंदू संस्कृति और भारतीय परंपरा के अनुरूप तो नहीं हो सकती। यह कहीं न कहीं पाश्चात्य मॉडल की ही देन हो सकती है। इससे ज्यादातर भारतीय जनमानस अपनाने के लिए हमेशा ही लालायित होता रहा है।

बुढ़ापे मन और शरीर का सहारा एकल परिवार और शहरों की तरफ उन्मुख होने वाले इन परिवारों को शायद यह नहीं मालूम, कि जिन माता-पिता को उन्होंने अकेले एकाकी जीवन जीने के लिए मजबूर किया है। इस विकट काल में इस साकारहीन पारिवारिक कारणों से उपजी सामाजिक समस्या समाज के अग्रिम सामाजिक कल्याण संस्थाओं द्वारा ही दूर की जा सकती है। बुजुर्ग सूखे व नीरस जीवन के आधार हैं। इनके बिन सब जीवन निराधार है। करो कद्र इन लड़खड़ाते बूढ़े मन की यह सब नीर की जलधार हैं।

## अपनी बात

**बड़े** महानगरों से लोग हिमाचल प्रदेश में शांति का वक्त गुजारने के लिए आते हैं, लेकिन धीरे-धीरे हिमाचल मे भी महानगर घुसने लगा है। यानी कि यहां भी भविष्य में स्थितियां महानगरों जैसी ही बनती नजर आ रही हैं। यह अच्छी बात है कि हिमाचल में बढ़ता पर्यटन रोजगार के कई अवसर उपलब्ध करवा रहा है। साथ ही सरकारी खजाना भी बढ़ा रहा है, लेकिन बदलती स्थितियां जो आभास आज करवा रही हैं। उसके लिए आज चिंता का होना बहुत जरूरी है, क्योंकि हिमाचल में महानगर घुसता दिखाई दे रहा है, लेकिन यहां भौगोलिक स्थितियां महानगरों जैसे हालात को झेलने वाली नहीं है। भविष्य में बहुत सी असंतुलित स्थितियों से गुजरना पड़ सकता है, जिसका असर व्यापक हो सकता है। आज अनकंट्रोल ट्रैफिक राज्य के लिए बड़ी गंभीर समस्या बनता जा रहा है। 40 हजार किमी लंबी सड़कों पर दौड़ने वाली 70 लाख आबादी वाले प्रदेश की 19 लाख गाड़ियों का बोझ कहीं पहाड़ों पर भारी पड़ता नजर आ रहा है। वर्तमान समय में इतनी ट्रैफिक बढ़ चुकी है। किसी बाजार में सड़क क्रॉस करनी हो तो दस-पंद्रह मिनट का समय लग जाता है। एक गाड़ी खड़ी हो जाए तो सेकंड में कई गाड़ियों की लाइनें लग जाती है और एकाएक दोनों तरफ से हॉर्न व आगे बढ़ने की जद्दोजहद होती है। अवैध पार्किंग, प्रतीक्षा, लोडिंग/अनलोडिंग से यातायात प्रवाह बाधित होता है, जंक्शनों पर क्षमता कम हो जाती है, बसें रुक जाती हैं और पैदल या साइकिल चलाने वालों के लिए खतरा बढ़ जाता है। अनुचित गति से गाड़ी चलाना, लाल बत्ती तोड़ना या प्रतिबंधित क्षेत्रों से गाड़ी चलाना, ये सभी मौतें, चोटों और लोगों द्वारा पैदल चलने या साइकिल चलाने की अनिच्छा या अपने बच्चों को अकेले ऐसा करने की अनुमति देने में योगदान करते हैं।

**– अजय, शिमला।**

## आपकी डायरी

अंबर से पड़ रही ओस की बूंदें बेशुमार।
जला के फसल करती सबका बंटाधार।।
किसान देखे गगन मेघा न बरसे इस बार।
हिम धरा के देवी देव इंद्र से करें मनुहार।।
ठंड बढ़ाए कंपकंपी कोहरा रोके रफ्तार।
कृपालु सुनो अर्जी वर्षा में हो धरती अंबर।



हीरा सिंह कौशल
सुंदरनगर

अनंत ज्ञान
प्रकाशक एवं मुद्रक विशाल धीमान द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### 9वीं नेशनल चैंपियनशिप में कुल्लू की टीम ने जीते 21 स्वर्ण और चार रजत पदक


9वीं नेशनल चैंपियनशिप प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाली कुल्लू टीम के खिलाड़ी।

**कुल्लू।** जिला कुल्लू की टीम ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेते हुए 21 स्वर्ण पदक ओर चार रजत पदक जीतकर पूरे जिले का नाम रोशन किया है। इंडियन गेम्ज एंड स्पोर्ट्स फेडरेशन के बैनर तले 9वीं नेशनल चैंपियनशिप 2024 का आयोजन किया गया और इस चैंपियनशिप का आयोजन जिला मंडी के भंगरोटू में किया गया। इस चैंपियनशिप में कुल्लू की टीम ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया। कुल्लू की टीम ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में कुल 21 स्वर्ण पदक चार रजत पदक जीतकर पूरे कुल्लू जिले का नाम रोशन किया। इसके अलावा कबड्डी व वॉलीबाल की प्रतियोगिता में कुल्लू की टीम उप विजेता रही। कबड्डी व वॉलीबाल की कप्तान मीना शर्मा ने बताया कि जुडो, ताइक्वांडो व बॉक्सिंग में कुल्लू की टीम ने वरिष्ठ ओर कनिष्ठ वर्ग में 19 स्वर्ण पदक जीते। जबकि दौड़ में दो स्वर्ण ओर रजत पदक जीते। इसमें प्रतियोगिता में मीना शर्मा ने जुडो, बॉक्सिंग व ताइ[ ंडो में तीन स्वर्ण पदक जीते। जबकि कबड्डी और वॉलीबॉल की टीम को भी उपविजेता बनाया। इस प्रतियोगिता में जिन्होंने स्वर्ण पदक जीते उनमें मीना शर्मा, महिमा गर्ग, शानू, देवी, रोहित शर्मा, हिमांशी ठाकुर, जस्मिन, सानवी ठाकुर, इशोम कुमार, अजय कुमार, सृष्टि भंडारी, दृष्टि भंडारी, नंदनी ठाकुर, मयंक, वंशिका, राहुल, मानव, देवांश ठाकुर शामिल है।

### ओलंपिक के लिए क्वालीफाइड रेसवॉकर अक्षदीप ने अपना ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा

**चंडीगढ़।** पेरिस ओलंपिक के लिये पहले ही क्वालीफाई कर चुके पंजाब के अक्षदीप सिंह ने राष्ट्रीय ओपन पैदल चाल स्पर्धा में मंगलवार को पुरूषों के 20 किलोमीटर वर्ग में अपना ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा। रांची में राष्ट्रीय ओपन पैदल चाल स्पर्धा 2023 जीतकर ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने वाले अक्षदीप ने एक घंटे 19 मिनट 38 सेकंड का समय निकालकर एक घंटे 19 मिनट 55 सेकंड का अपना ही रिकॉर्ड तोड़ा । उत्तराखंड के सूरज पंवार दूसरे स्थान पर रहे, जिन्होंने पेरिस ओलंपिक का एक घंटे 20 मिनट 10 सेकंड का क्वालीफाइंग मार्क पार किया। उन्होंने एक घंटे 19 मिनट 43 सेकंड का समय निकाला। वह पेरिस ओलंपिक में पुरूषों की पैदल चाल के लिए क्वालीफाई करने वाले चौथे भारतीय हैं। प्रेमजीत सिंह बिष्ट और विकास सिंह भी क्वालीफाई कर चुके हैं। एक देश से तीन ही खिलाड़ी ट्रैक और फील्ड की व्यक्तिगत स्पर्धा में भाग ले सकते हैं और अब भारतीय एथलेटिक्स संघ को तय करना है कि इन चारों में से कौन पेरिस जाएगा।

### मुंबई ओपन टेनिस चैंपियनशिप पांच से, 31 देशों के खिलाड़ी करेंगे चुनौती पेश

**मुंबई।** मुंबई ओपन टेनिस चैंपियनशिप में 31 देशों के खिलाड़ी चुनौती पेश करेंगे, जिसका आयोजन छह साल के अंतराल के बाद यहां पांच से 11 फरवरी तक होगा। इसका आयोजन क्रिकेट क्लब ऑफ इंडिया (ब्रेबॉर्न स्टेडियम) में नव-निर्मित टेनिस कोर्ट में होगा। क्रिकेट क्लब ऑफ इंडिया, महाराष्ट्र राज्य लॉन टेनिस संघ (एमएसएलटीए) के साथ इस कार्यक्रम का सह-आयोजक है। मुंबई ओपन के तीसरे सत्र में एकल वर्ग में शीर्ष 100 रैंकिंग में शामिल तीन खिलाड़ी हिस्सा लेंगे, जबकि युगल वर्ग में शीर्ष 100 में शामिल छह खिलाड़ी चुनौती पेश करेंगे। यह टूर्नामेंट 'डब्ल्यूटीए 1,25,000 डॉलर' सीरीज का हिस्सा है। विश्व रैंकिंग में 82वें स्थान पर काबिज अमेरिका की कायला डे टूर्नामेंट के एकल में भाग लेने वाली 32 खिलाड़ियों में शीर्ष रैंकिंग की खिलाड़ी है। वह 2016 में अमेरिकी ओपन में लड़कियों की एकल वर्ग की चैंपियन रही है। जापान की नाओ हिबिनो और फ्रेंच ओपन की पूर्व सेमीफाइनलिस्ट तमारा जिदानसेक एकल में शीर्ष 100 में शामिल दो अन्य खिलाड़ी है। युगल में भारत की शीर्ष रैंकिंग की खिलाड़ी प्रार्थना थोम्बरे और नीदरलैंड की उनकी जोड़ीदार एरियन हार्टोनो को मुख्य ड्रॉ में सीधा प्रवेश मिला है। टूर्नामेंट के लिए वाइल्ड कार्ड धारकों के नामों की जल्द घोषणा होने की संभावना है। आयोजन समिति के सदस्य संजय खंडारे और प्रवीण दराडे ने यहां एक बयान में कहा कि डब्ल्यूटीए मुंबई ओपन ने अतीत में कुछ बड़े नामों और उभरते सितारों को आकर्षित किया है, जिसमें दो बार की ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन आर्यना सबालेंका भी शामिल हैं, जिन्होंने 2017 में मुंबई में अपना पहला 'डब्ल्यूटीए 1,25,000 डॉलर' स्तर का खिताब जीता था। सबालेंका 2017 में मुंबई ओपन के पहले सत्र की विजेता रही थी, जबकि थाईलैंड की लुक्सिका कुमखुम ने 2018 में खिताब जीता था।

# राहुल–जडेजा की चोटों ने बढ़ाई चयनकर्ताओं की मुश्किलें

## रविंद्र जडेजा को हैमस्ट्रिंग की चोट और केएल राहुल को दाहिने जांघ की मांसपेशी में दर्द

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**रविंद्र** जडेजा और केएल राहुल को अचानक लगी चोटों से भारतीय टीम के सामने चयन की दुविधा पैदा हो गई है, जिसे इंग्लैंड के हाथों पहले टेस्ट में मिली हार के बाद श्रृंखला में वापसी करनी है।

जडेजा और राहुल ने हैदराबाद टेस्ट में पहली पारी में शानदार प्रदर्शन किया, लेकिन इंग्लैंड ने दूसरी पारी में शानदार खेल दिखाकर वापसी की।

जडेजा को हैमस्ट्रिंग की चोट लगी है, जबकि राहुल को दाहिने जांघ की मांसपेशी में दर्द है।

हरफनमौला जडेजा की कमी पूरी कर पाना किसी के लिए भी मुश्किल है और राहुल सितंबर में सर्जरी के बाद वापसी से वनडे और टेस्ट में भारतीय बल्लेबाजी की धुरी रहे हैं। विराट कोहली निजी कारणों से पहले दो टेस्ट से वैसे भी बाहर हैं, लिहाजा शुक्रवार से विशाखापत्तनम में शुरू हो रहे दूसरे टेस्ट में भारत के सामने कई चुनौतियां होंगी। चयनकर्ताओं ने सरफराज खान, सौरभ कुमार और वॉशिंगटन सुंदर को टीम में शामिल किया है। रजत पाटीदार हैदराबाद में भारत की 15 सदस्यीय टीम में थे। वह मध्यक्रम में राहुल की जगह ले सकते हैं, जबकि जडेजा की जगह कुलदीप यादव को उतारा जा सकता है।

भारतीय टीम चार स्पिनरों और एक तेज गेंदबाज के साथ भी उतर सकती है, जैसा इंग्लैंड ने पहले टेस्ट में किया था। ऐसे में मोहम्मद सिराज पर कुलदीप को तरजीह मिलेगी, ताकि सरफराज या वॉशिंगटन को मध्यक्रम में उतारा जा सके।

जडेजा की ही तरह सौरभ बाएं हाथ के स्पिनर हैं और प्रथम श्रेणी क्रिकेट में शतक भी लगा चुके हैं।

हैदराबाद के एसीए वीडीसीए स्टेडियम पर अब तक दो टेस्ट खेले गए हैं और पिच बल्लेबाजों की मददगार रहती है। भारत ने 2019 में इस मैदान पर पहले बल्लेबाजी करते हुए पहली पारी में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 502 रन बनाए थे। रोहित ने सलामी बल्लेबाज के तौर पर पहली पारी में 176 रन जोड़े थे।



### अंतिम एकादश में कुलदीप को मिलनी चाहिए जगह : कुंबले

**महान** स्पिनर अनिल कुंबले का मानना है कि अंतिम एकादश में कुलदीप को जगह मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर भारत को लगता है कि सिर्फ एक तेज गेंदबाज से काम चल जाएगा तो कुलदीप को टीम में रखना चाहिए। उसके पास विविधता है और विकेट टर्न ले सकता है। चार टेस्ट के अपने करियर में अपनी प्रतिभा की बानगी दे चुके आफ स्पिनर वॉशिंगटन सुंदर भी चयन के दावेदार हैं। उन्होंने पांच पारियों में नाबाद 85 और नाबाद 95 रन बनाए हैं और दो विकेट भी लिए हैं।

### चार स्पिनरों को उतारने की जरूरत नहीं : शरणदीप

**पूर्व** चयनकर्ता शरणदीप सिंह ने कहा कि हरफनमौला उपयोगी होता है, लेकिन अंतिम एकादश में ज्यादा छेड़छाड़ नहीं की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि रजत पाटीदार को राहुल की जगह और जडेजा की जगह कुलदीप को उतारा जा सकता है। हमें इंग्लैंड की नकल करके चार स्पिनरों को उतारने की जरूरत नहीं है। अपनी धरती पर दो तेज गेंदबाज और तीन स्पिनर हमारी ताकत रहे हैं। हमें उसी पर अडिग रहना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि पारी की शुरूआत शुभगन गिल और यशस्वी जायसवाल को करनी चाहिए और रोहित शर्मा को तीसरे नंबर पर उतरना चाहिए।

## भारत को कोहली की कमी खली : बॉयकॉट

### इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर बोले- रोहित शार्मा का निकल गया सर्वश्रेष्ठ समय

**एजेंसी, लंदन**

इंग्लैंड के पूर्व सलामी बल्लेबाज ज्योफ्री बॉयकॉट का मानना है कि भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने अपना सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट खेल लिया है और हैदराबाद टेस्ट में टीम को दिग्गज विराट कोहली की कमी खली।

भारतीय टीम पांच मैचों की श्रृंखला के शुरुआती मुकाबले की पहली पारी में मजबूत स्थिति में थी लेकिन इंग्लैंड ने बल्ले और गेंद से दूसरी पारी में पलटवार करते हुए 28 रन से जीत दर्ज की।

कोहली की गैरमौजूदगी में भारतीय बल्लेबाजी को मजबूत करने की जिम्मेदारी रोहित शर्मा के कंधों पर थी। भारतीय कप्तान दोनों पारियों में महज 24 और 39 रन ही बना सके। भारतीय टीम जीत के लिए 231 रन का पीछा करते हुए मैच के चौथे दिन 202 रन पर आउट हो गयी।

बॉयकॉट का मानना है कि इंग्लैंड के पास भारतीय सरजमीं पर 12 साल बाद जीत दर्ज करने का सुनहरा मौका है।

उन्होंने 'द डेली टेलीग्राफ' के अपने कॉलम में लिखा, '' इंग्लैंड के पास पिछले 12 साल में भारत को उन्हीं की धरती पर हराने वाली पहली टीम बनने का सुनहरा मौका है।''

उन्होंने कहा, '' भारत को विराट कोहली की कमी बहुत खल रही है और रविंद्र जडेजा को हैमस्ट्रिंग चोट है और वह दूसरा टेस्ट नहीं खेलेंगे। उनके कप्तान रोहित शर्मा लगभग 37 वर्ष के हैं और खेल में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पार कर चुके हैं। वह कई बार असरदार छोटी पारियां खेलते हैं, लेकिन चार साल में घरेलू मैदान पर केवल दो टेस्ट शतक बना पाए हैं।''

### जरूरत हुई तो सभी स्पिन गेंदबाजों के साथ उतरने से पीछे नहीं हटेंगे : मैकुलम

**विशाखापत्तनम।** इंग्लैंड के कोच ब्रैंडन मैकुलम अब दूसरे टेस्ट मैच की पिच को देखने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। विशाखापत्तनम के मैदान को आम तौर पर बड़े स्कोर के लिए जाना जाता है, लेकिन पिछले कुछ समय से यहां स्पिनरों का दबदबा रहा है। मैकुलम ने कहा कि अगर परिस्थितियां पूरी तरह से स्पिनरों की मुफीद हुई तो उनकी टीम गेंदबाजी विभाग में सभी स्पिनरों के साथ उतरने से पीछे नहीं हटेगी। इस मैच में शोएब बशीर को पदार्पण का मौका मिल सकता है, जबकि अनुभवी स्पिनर जैक लीच की चोट की स्थिति के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं है। लीच अगर फिट रहते हैं, तो बशीर पहले टेस्ट में खेलने वाले इकलौते तेज गेंदबाज मार्क वुड की जगह ले सकते हैं। न्यूजीलैंड के इस पूर्व कप्तान ने कहा कि अगर श्रृंखला के आगे बढ़ने पर विकेट उसी तरह से टर्न लेते रहे जैसा हमने पहले टेस्ट में देखा था, तो हम सभी स्पिनरों के साथ खेलने से पीछे नहीं हटेंगे। उन्होंने कहा कि बशीर हमारे साथ अबू धाबी में शिविर में था और उसने अपने कौशल से हमें प्रभावित किया। वह सहजता से इस समूह का हिस्सा बना गया। कम उम्र और प्रथम श्रेणी में के कम अनुभव के बावजूद वह ऐसा खिलाड़ी है, जिसमें उत्साह की कोई कमी नहीं है। मैकुलम ने अनुभवहीन गेंदबाजों का शानदार तरीके से इस्तेमाल करने पर कप्तान बेन स्टोक्स की तारीफ की।

### दीप्ति शर्मा टी-20 गेंदबाजों की रैंकिंग में दूसरे स्थान पर

**दुबई।** भारत की दीप्ति शर्मा एक पायदान चढ़कर आईसीसी महिला टी-20 गेंदबाजी रैंकिंग में मंगलवार को संयुक्त दूसरे स्थान पर पहुंच गई, जबकि उनकी हमवतन रेणुका सिंह भी दसवें स्थान पर पहुंच गई हैं। दक्षिण अफ्रीका की स्पिनर नोंकुलुलेको एमलाबा तीन पायदान गिरकर दूसरे से पांचवें स्थान पर खिसक गई। दीप्ति के साथ पाकिस्तान की सादिया इकबाल दूसरे स्थान पर है, जबकि इंग्लैंड की सारा ग्लेन चौथे स्थान पर है। इंग्लैंड की स्पिनर सोफी एक्सेलेटन शीर्ष पर बनी हुई है। हरफनमौलाओं की सूची में शीर्ष दस में कोई बदलाव नहीं है। इसमें दीप्ति चौथे स्थान पर बनी हुई हैं। बल्लेबाजों में भारतीय उपकप्तान स्मृति मंधाना चौथे, जेमिमा रौड्रिग्स 13वें, शेफाली वर्मा 16वें और हरमनप्रीत कौर 17वें स्थान पर है । ऑस्ट्रेलिया की बेथ मूनी शीर्ष पर हैं, जबकि उनकी हमवतन ताहलिया मैकग्रा दूसरे स्थान पर हैं।

### एफआईएच हॉकी-5 विश्व कप क्वार्टर फाइनल में हारा भारत

**मस्कट।** मोहम्मद राहील की हैट्रिक के बावजूद भारत को एफआईएच हॉकी5 पुरूष विश्व कप के क्वार्टर फाइनल में मंगलवार को नीदरलैंड ने 7-4 से हरा दिया। राहील ( पहला, सातवां और 25वां मिनट) के अलावा मनदीप मोर (11वां मिनट) ने भारत के लिए गोल दागे। नीदरलैंड के लिए सैंडर डे विज्न (चौथा और 15वां) और अलेक्जेंडर शॉप (10वां और 26वां) ने दो गाल किए, जबकि लुकास मिडेनडोर्प (12वां ), जैमी वान आर्ट (13वां) और पेपिन रेयेंगा (20वां) ने एक एक गोल किया। मैच की शुरूआत काफी अच्छी रही और भारत के लिए राहील ने पहले ही मिनट में गोल दागा। इसके बाद नीदरलैंड को सैंडर ने बराबरी दिलाई। भारत ने जवाबी हमले तेज किए और सातवें मिनट में राहील ने दूसरा गोल दाग दिया। इसे शॉप ने दसवें मिनट में उतारा। मनदीप ने अगले मिनट भारत को फिर बढ़त दिलाई। दूसरे हाफ में रेयेंगा और शॉप ने बढ़त में इजाफा किया। राहील ने 25वें मिनट में हैट्रिक पूरी की, लेकिन भारत को जीत नहीं दिला सके। अब भारत का सामना पांचवें से आठवें स्थान के मुकाबले में कीनिया से होगा।

### इराक को हराकर जोर्डन एशियाई कप क्वार्टर फाइनल में

**अल रेयान (कतर)।** ऐमैन हुसैन को आखिरी क्षणों में मैदान से जाना पड़ा और दस खिलाड़ियों तक सिमटे इराक को 3-2 से हराकर जोर्डन ने एशियाई कप फुटबाल के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया । हुसैन को दूसरा गोल करने के बाद अति उत्साहित होकर जश्न मनाने के कारण दूसरा पीला कार्ड दिखाया गया। हुसैन ने 76वें मिनट में गोल दागा। अतिरिक्त समय के पांचवें मिनट में याजान अल अरब ने बराबरी का गोल किया और निजार अल रशदान ने दो मिनट बाद विजयी गोल दागा। जोर्डन के लिए पहले हाफ के स्टॉपेज टाइम में याजान अल नेमत ने गोल किया था। ईराक के लिये 68वें मिनट में सउद नातिक ने बराबरी का गोल दागा। ईराक ने खिताब की प्रबल दावेदार जापान को हराकर नॉकआउट चरण में प्रवेश किया था। एक अन्य मैच में गत चैंपियन कतर ने फलस्तीन को 2-1 से हराकर क्वर्टर फाइनल में जगह बनाई। अब उसका सामना उजबेकिस्तान या थाईलैंड से होगा।

## पालमपुर के अनुभव और सुंदरनगर के मोहित क्वार्टर फाइनल में

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

**सुंदरनगर** में आयोजित मायरा हिमाचल प्रदेश ओपन 15 रेड स्नूकर टूर्नामेंट सीजन छह में मंगलवार को प्री–क्वार्टर फाइनल के मैच खेले गए।

प्रतियोगिता के आयोजन मोहित बंसल ने बताया धर्मशाला के विपिन ने पालमपुर के अनुभव को और सुंदरनगर के मोहित बंसल ने रोहड़ू के मुकुल को हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया है।

इसके साथ ही शिमला के हरप्रीत ने कुल्लू के प्रणव को, प्रद्युमन ने नेरचौक के अजय को, सोलन के गौरव ने पालमपुर के अभिनव को, कुल्लू के राजा ने धर्मशाला के अमित को तथा सोलन के गुनदीप ने कुल्लू के अमन को प्री–क्वार्टर फाइनल में हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया है।


ओपन 15 रेड स्नूकर टूर्नामेंट में भाग लेते खिलाड़ी।

## संघर्ष पूर्ण मुकाबले में कर्नाटक ने हिमाचल को दो विकेट से हराया

**संजीव पुरी, नादौन**

**सीके** नायडू ट्रॉफी के तहत हिमाचल और कर्नाटक के बीच में चार दिवसीय मैच हिमाचल के अटल बिहारी वाजपयी स्टेडियम नादौन में खेला गया। हिमाचल ने पहली पारी में 169 रन बनाए, उसके जवाब में कर्नाटक की टीम 160 रन पर ऑल आउट हो गई थी।

हिमाचल ने पहली पारी में 9 रन की बढ़त बनाई थी। दूसरी पारी में भी हिमाचल की टीम 163 रन पर ऑल आउट हो गई, कर्नाटक की टीम को जीत के लिए 173 रन का लक्ष्य प्राप्त हुआ। कर्नाटक के बल्लेबाज शुरू में ही संघर्ष करते हुए नजर आए, बाद के बल्लेबाजों ने अच्छा प्रदर्शन करते हुए टीम को दो विकेट रहते जीत दिलाई। मेकनेल ने 13 रन बनाए, आकाश राव ने 26 रन, स्मरण ने शून्य, पार्कर चतुर्वेदी ने अर्धशतक लगाया, 55 रनों की महत्वपूर्ण पारी खेलकर कर्नाटक की जीत सुनिश्चित कर दी। धीरज गोबडा ने सात रन, लोचन ने चार रन, अनीश्वर गौतम 26 रन, राजवीर 13 रन, मोहिसन खान 15 रन नाबाद, मानव नाथ कुमार ने चार रन नाबाद बनाए। हिमाचल के गेंदबाज दिवेश शर्मा ने पांच खिलाड़ियों को आउट किया, सौरभ हिमालवी ने एक, जबकि रोहित ठाकुर ने दो विकेट प्राप्त किए। (अनंत ज्ञान)

## हमने जिन स्पिनरों को चुना है, वे हमें भारत को हराने का सर्वश्रेष्ठ मौका देते है : स्टोक्स

**एजेंसी, विशाखापत्तनम**

**स्टोक्स** ने भारत के खिलाफ पांच मैचों की श्रृंखला के शुरुआती मुकाबले से पहले 'जियो सिनेमा' को दिए साक्षात्कार में कहा था कि मुझे लगता है कि कभी–कभी अनुभवहीनता को ज्यादा बढ़ा–चढ़ाकर पेश किया जाता है। इसमें हालांकि कोई संदेह नहीं है कि अनुभवी खिलाड़ी खास कर इन परिस्थितियों में अधिक सहज महसूस करता है।

उन्होंने कहा कि इस दौरे के लिए हमने जिन स्पिनरों को चुना है, हमें लगता है कि वे हमें भारत को हराने का सबसे अच्छा मौका देंगे। मेरे लिए, यह सिर्फ स्पिनरों के बारे में नहीं है। यह उनके पास मौजूद प्रतिभा को समझना और उन्हें वहां जाकर उस प्रतिभा को व्यक्त करने की छूट देने के बारे में है। हम चाहते हैं कि वे परिणाम के बारे में ज्यादा चिंता किए बिना अपने खेल पर ध्यान केंद्रित करें।

उन्होंने कहा कि एक गेंदबाज के तौर पर आपका का विकेट लेना होता है। एक बल्लेबाज के तौर पर आपका काम रन बनाना होता है। भारत को उसकी सरजमीं पर हरने की चुनौती के बारे में पूछे जाने पर स्टोक्स ने कहा कि भारत एक ऐसी जगह है, जहां आकर एक भी टेस्ट जीतना मुश्किल है, पांच मैचों की श्रृंखला की तो बात ही छोड़ दीजिए। जो भी टीम यहां आई है, उसके लिए यह एक मिशन रहा है कि वह भारत को मात दे। हम इसे समझते हैं और इसका सम्मान करते हैं। उन्होंने कहा कि यह हमारे लिए एक मौके की तरह है। हमारे पास शानदार मौका है। हमने जो टीम में जिन स्पिनरों, तेज गेंदबाजों और बल्लेबाजों के चुना, मुझे लगता है कि यह हमें भारत में श्रृंखला जीतने का सबसे अच्छा मौका देगा।

**सुपर नॉकआउट मुकाबला**

**एचपी विवि की ओर से सुंदरनगर में आयोजित की जा रही है उत्तरी क्षेत्र यूनिवर्सिटी क्रिकेट प्रतियोगिता**

## सीयूपी बठिंडा ने थापर विवि पटियाला को आठ रन से हराया

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

**महाराजा** लक्ष्मण सेन स्मारक महाविद्यालय में चल रही उत्तर भारत अंतर विश्वविद्यालय क्रिकेट प्रतियोगिता के सुपर नाकआउट मुकाबले के दूसरे दिन के पहले मैच में सीयूपी बठिंडा ने थापर विवि पटियाला को आठ रन से हरा दिया।

टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए सीयूपी बठिंडा ने निर्धारित 20 ओवर में पांच विकेट के नुकसान पर 131 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी थापर विवि की पूरी टीम 19.3 ओवर में 123 रन पर ढेर हो गई और मात्र आठ रन से हारकर प्रतियोगिता से बाहर हो गई। पहले बल्लेबाजी करते हुए सीयूपी के देवाशीष ने 48 गेंदों पर पांच चौकों व एक छक्के की मदद से 47 रनों की पारी खेली। वहीं सोइब खान ने 17, भूपेंद्र सिंह, देवदत व बिलाल ने 14–14 रन बनाए। थापर की ओर से शास्वत तिवारी ने तीन, अभिषेक रैना व अर्णव अरोड़ा ने एक–एक विकेट लिया। इसके बाद मैदान पर आए थापर विवि के बल्लेबाज बरविंद्र सैनी ने 34, विजयेंद्र राणा ने 21, आरूष गुप्ता ने 18 और उदित मुजंल ने 11 रन बनाए। सीयूपी के देवदत ने तीन, शशांक वालिया व गुलाम मुहम्मद ने दो–दो और नवनीथ संजय ने एक विकेट लिया।


सुपर नॉकआउट मुकाबले के दूसरे दिन के पहले मैच में सीयूपी बठिंडा और थापर विवि पटियाला की टीमें।

### जम्मू ने दी जालंधर को शिकस्त

**दूसरे** मैच ने जम्मू विवि ने आइके गुजराल पीटीयू जालंधर को आठ विकेट के भारी अंतर से मात दे दी। पहले बल्लेबाजी करते हुए जालंधर की टीम 17.1 ओवर में मात्र 82 रन पर ही ढेर हो गई। जालंधर के आर्यन वर्मा ने 12, इकबाल भट्ट ने 36 और वर्दान नाथ सिक्क ने 11 रन बनाए। इसके अतिरिक्त कोई भी खिलाड़ी अपना विरोधी टीम के गेंदबाजों के समक्ष टिक नहीं पाया। जम्मू की ओर से रमन सिंह ने चार, नासिर मलिक ने तीन, अभय टंडन व साजिद मलिक ने एक-एक विकेट लिया। जबकि एक खिलाड़ी रन आउट हुआ। लक्ष्य का पीछा करने आए जम्मू के दोनों ओपनर बल्लेबाज कोई कमाल नहीं कर पाए। फरहान खान बिना खाता खोले पेवेलियन लौट गए और सदीक मट्टू भी नौ रन बनाकर आउट हो गए। इसके बाद प्रणव शर्मा ने नाबाद 38 और श्रेयांश ने नाबाद 25 रनों की पारी खेल टीम को जीत दिलाई। तीसरे मैच में जीबी पंत विवि उत्तराखंड की टीम के प्रतियोगिता में नहीं आने पर वीएमएसबी तकनीकी विवि उत्तराखंड की टीम वाकओवर पाकर जीत गई। प्रतियोगिता के दूसरे दिन जिला कांग्रेस कमेटी के अंतरिम अध्यक्ष हरेंद्र सेन ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत कर खिलाड़ियों को अपना आशीर्वाद दिया।

## पीएम ने महात्मा गांधी को दी श्रद्धांजलि



राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 76वीं पुण्यतिथि पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजघाट पहुंचकर श्रद्धांजलि दी। उनके साथ राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ भी राजघाट पहुंचे और बापू को श्रद्धांजलि देकर उनका नमन किया।

### 36 घंटे में दक्षिणी अरब सागर में दो समुद्री डकैतियों को किया नाकाम, आईएनएस को सोमालिया के पूर्व और अदन की खाड़ी में किया था तैनात

# भारतीय नौसेना ने 11 समुद्री लुटेरों से बचाए 19 पाकिस्तानी नाविक

**एजेंसी, नई दिल्ली**

समुद्री क्षेत्र में सुरक्षा प्रदान करने के लिए भारतीय नौसेना के युद्धपोत हिंद महासागर के चारों ओर तैनात हैं। भारतीय नौसेना ने 36 घंटे के भीतर दक्षिणी अरब सागर में दो समुद्री डकैतियों को नाकाम किया है। ईरानी जहाज एफवी इमान को छुड़ाने के बाद भारत के नौसेना कमांडो ने पाकिस्तानी जहाज अल नईमी को समुद्री डाकुओं के चंगुल से मुक्त करवाया है।

इन दोनों ऑपरेशन में व्यापारिक जहाजों को छुड़ाने के साथ ही चालक दल के 36 सदस्यों को सुरक्षित बचाया है, जिसमें 17 ईरानी और 19 पाकिस्तानी नागरिक हैं।




### समुद्री लुटेरों को भागने के लिए किया मजबूर

**भारतीय** युद्धपोत यह ऑपरेशन पूरा करने के बाद सोमालिया के पूर्वी तट पर ही था, तभी उसे 29 जनवरी को एक और समुद्री लुटेरों की हरकत का पता चला। कोच्चि से लगभग 850 नॉटिकल मील पश्चिम में दक्षिणी अरब सागर में मिशन तैनात भारतीय नौसेना के युद्धपोत आईएनएस सुमित्रा को मछली पकड़ने वाले पाकिस्तानी जहाज अल नईमी और उसके चालक दल के 19 पाकिस्तानी नागरिकों को बंधक बनाए जाने की सूचना मिली। इस पर उसे पाकिस्तानी जहाज को समुद्री लुटेरों से बचाने की कार्रवाई में लगाया गया। युद्धपोत सुमित्रा ने 29 जनवरी को अपने हेलिकॉप्टर की मदद से अपहृत जहाज को घेरकर पाकिस्तानी चालक दल और जहाज की सुरक्षित रिहाई के लिए 11 समुद्री लुटेरों को भागने के लिए मजबूर कर दिया।

अरब सागर में कोच्चि से 700 समुद्री मील दूर पश्चिम में सोमालियाई समुद्री डाकुओं ने 28 जनवरी को मछली पकड़ने वाले ईरानी जहाज एमवी इमान का अपहरण कर लिया था। जहाज पर सवार 17 क्रू सदस्यों और अपहृत मछुआरों को बचाने के लिए भारतीय नौसेना ने अपना युद्धपोत आईएनएस सुमित्रा को भेजा। युद्धपोत ने अपहृत इस जहाज को बचाने के लिए तत्काल ऑपरेशन शुरू किया। भारत ने मछली पकड़ने वाले जहाज इमान को सुरक्षित बचाकर सोमालियाई लुटेरों को निहत्था करके सोमालिया की ओर खदेड़ दिया। युद्धपोत पर मौजूद एएलएच ध्रुव हेलिकॉप्टरों ने अपहृत जहाज को चारों ओर से घेर लिया था, ताकि उस पर मौजूद समुद्री डाकुओं को चेतावनी दी जा सके। ईरानी जहाज को बचाने के बाद भारतीय युद्धपोत आईएनएस सुमित्रा इलाके से बाहर निकल गया।

## वर्ल्ड न्यूज

### गुरु रंधावा की फिल्म 'कुछ खट्टा हो जाए' का टीजर रिलीज



**मुंबई।** अपने टीजर पोस्टर के साथ गुरु रंधावा और सई एम मांजरेकर की फिल्म 'कुछ खट्टा हो जाए' ने प्रशंसकों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया है। आज फिल्म का टीजर रिलीज हो गया है। यह फिल्म गुरु रंधावा और सई मांजरेकर के बीच एक टेढ़ी-मेढ़ी प्रेम कहानी को दर्शाती है। कुछ दिलचस्प उतार-चढ़ाव और क्रेजी फॅमिली से भरा टीजर दर्शकों को निश्चित रूप से हंसाएगा। फिल्म 'कुछ खट्टा हो जाए' से गुरु रंधावा अपना बॉलीवुड डेब्यू कर रहे हैं।

### लैंड फॉर जॉब : सीबीआई से जुड़े मामले की सुनवाई 27 फरवरी को

**नई दिल्ली।** दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने लैंड फॉर जॉब केस में सीबीआई से जुड़े मामले की सुनवाई टाल दी है। स्पेशल जज विशाल गोगने ने मामले की अगली सुनवाई 27 फरवरी को करने का आदेश दिया। सीबीआई की ओर से पेश वकील डीपी सिंह ने कोर्ट से कहा कि पूरक चार्जशीट दाखिल करने के लिए समय दिया जाए। इस मामले में पूरक चार्जशीट फरवरी के अंत तक दाखिल कर दी जाएगी। इसके बाद कोर्ट ने इस मामले की अगली सुनवाई 27 फरवरी को करने का आदेश दिया।

### कठुआ में पॉलिथीन बैग से विस्फोटक बरामद

**कठुआ।** हीरानगर के शेरपुर इलाके में बई नाला के पास पुलिस ने एक संदिग्ध पॉलिथीन बैग बरामद किया है। इस बैग से विस्फोटक सामग्री बरामद हुई है। इस इलाके में मंगलवार को तलाशी अभियान चलाया जा रहा था। तलाशी अभियान के दौरान शेरपुर की ओर जाने वाली सड़क पर बई नाला के पास एक संदिग्ध पॉलिथीन बैग मिला। पुलिस ने इसके बाद मौके पर बम निरोधक दस्ते को बुलाया। बैग की जांच में विस्फोटक सामग्री पाई गई। पुलिस आसपास के इलाके को घेर कर तलाशी अभियान चला रही है।

### मणिपुर में 244 लोगों को लिया हिरासत में

**इंफाल।** मणिपुर पुलिस ने राज्य के विभिन्न जिलों के संवेदनशील तथा दुर्गम इलाकों में सघन छापामारी और तलाशी अभियान चलाया। अभियान में भारतीय न्याय संहिता की अलग-अलग धाराओं के उल्लंघन के सिलसिले में 244 लोगों को हिरासत में लिया। इस दौरान चुराचांदपुर जिले के डंपी रेंज में सुरक्षाबलों ने दो बंकर नष्ट किया।

### तुसाद वैक्स म्यूजियम में बाबा रामदेव का लगेगा स्टैच्यू

**नई दिल्ली।** न्यूयार्क के मैडम तुसाद म्यूजियम में बाबा रामदेव का स्टैच्यू लगेगा। दिल्ली में मंगलवार को एक कार्यक्रम में उनके मोम के स्टैच्यू की पहली झलक सामने आई। इस दौरान बाबा रामदेव भी मौजूद रहे। बाबा रामदेव पहले संन्यासी होंगे, जिनका स्टैच्यू तुसाद म्यूजियम में लगेगा। इससे पहले महात्मा गांधी, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी, बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान और शाहरुख खान समेत अब तक करीब 12 से ज्यादा हस्तियों के स्टैच्यू इस म्यूजियम में लग चुके हैं।



# कर्नाटक के बाद अब राजस्थान में भी हिजाब पर विवाद, सियासत गरमाई

### शिक्षा मंत्री ने विभाग से दूसरे राज्यों में हिजाब बैन की स्टेटस रिपोर्ट मांगी

**एजेंसी, जयपुर**

कर्नाटक के बाद अब राजस्थान में हिजाब पर विवाद शुरू हो गया है। राजस्थान में शैक्षणिक संस्थानों में हिजाब पहनने को लेकर बैन लगाने की तैयारी हो रही है। कयास लगाए जा रहे हैं की सूबे की भजनलाल सरकार हिजाब पर प्रतिबंध लगा सकती है, जिसके बाद अब इस मामले को लेकर प्रदेश की सियासत गरमा गई है।

दरअसल, प्रदेश के शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने शिक्षा विभाग को आदेश दिया है कि दूसरे राज्यों में हिजाब बैन के स्टेटस की रिपोर्ट तैयार की जाए। साथ ही राजस्थान में इसका क्या प्रभाव पड़ेगा, इसकी भी रिपोर्ट तैयार की जाए।

सूत्रों के मुताबिक शिक्षा विभाग उच्च स्तर पर हिजाब बैन मामले में रिपोर्ट तैयार करेगा और उसे शिक्षा मंत्री मदन दिलावर को भेजेगा। सूत्रों के अनुसार दिलावर ने विभाग से अन्य राज्यों में हिजाब प्रतिबंध की स्थिति और राजस्थान में इसके असर को लेकर रिपोर्ट मांगी है। अन्य राज्यों के पैटर्न का अध्ययन करने के बाद हिजाब प्रतिबंध की संभावनाओं पर एक स्थिति रिपोर्ट मंत्री को भेजी जाएगी। उच्च अधिकारियों से हरी झंडी मिलने के बाद राजस्थान के स्कूलों में हिजाब पर प्रतिबंध लगाने पर अंतिम निर्णय लिया जाएगा।

गौर हो कि 31 दिसंबर 2021 को कर्नाटक के उडुपी जिले के एक कॉलेज में हिजाब पर प्रतिबंध को लेकर विवाद हो गया था। जब यह विवाद बढ़ा तो फरवरी 2022 में तत्कालीन कर्नाटक सरकार ने स्कूलों और कॉलेजों में सभी प्रकार के कपड़ों और धार्मिक पहचान वाली वस्तुओं पर प्रतिबंध लगा दिया था। तर्क दिया गया कि कोई भी कपड़ा या वस्तु जो समानता, अखंडता और सार्वजनिक कानून व्यवस्था को परेशान करेगी, उसे स्कूलों में पहनने की अनुमति नहीं दी जाएगी। कर्नाटक हाई कोर्ट ने स्कूलों और कॉलेजों में हिजाब पर प्रतिबंध लगाने के फैसले को बरकरार रखा था और कहा था कि स्कूलों और कॉलेजों में ड्रेस कोड सही है।



### मंत्री किरोड़ी लाल ने की हिजाब बैन की सिफारिश



**कैबिनेट** मंत्री किरोड़ी लाल मीणा ने भी हिजाब और बुर्का पर प्रतिबंध लगाने की सिफारिश की है। उनका कहना है कि ऐसे कई मुस्लिम देश हैं जहां हिजाब पर प्रतिबंध है, ऐसे में भारत में हिजाब पहनना क्यों जरूरी है। यहां भी दूसरे देशों की तरह बुर्का और हिजाब पर प्रतिबंध होना चाहिए। कैबिनेट मंत्री का ये भी कहना है कि सभी स्कूलों में समान ड्रेस कोड होना चाहिए।

## करोड़ों की ड्रग्स के साथ चार विदेशी गिरफ्तार



**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में ड्रग्स के कारोबार के खिलाफ प्रशासन लगातार कार्रवाई कर रहा है। उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा में दिल्ली पुलिस ने छापा मारकर ड्रग्स बनाने की एक फैक्टरी का पर्दाफाश किया है। साथ ही इस मामले में चार विदेशी नागरिकों को गिरफ्तार करने में भी सफलता मिली है। ड्रग्स बनाने की फैक्टरी से नारकोटिक्स सेल ने करोड़ों की ड्रग्स और ड्रग्स बनाने के लिए काफी मात्रा में रॉ मैटेरियल की बरामदगी की है।

ग्रेटर नोएडा की फैक्टरी से एंफेटामाइन ड्रग्स बरामद किया गया है। डीसीपी द्वारका अंकित सिंह ने बताया कि ग्रेटर नोएडा में चल रहे ड्रग्स के कारोबार का द्वारका जिला के एंटी नारकोटिक्स सेल ने पर्दाफाश किया है।

डीसीपी अंकित सिंह ने बताया कि छापा मारकर करोड़ों की ड्रग्स और उसे बनाने वाला मैटेरियल बरामद किया है। इस मामले में अफ्रीका मूल के चार नागरिकों को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

# पाकिस्तान में बीएलए का कोहराम 55 सैनिकों को मारने का दावा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

पाकिस्तान के बलूचिस्तान में बीएलए ने सोमवार देर रात कोहराम मचाया है। बीएलए ने दावा किया है कि उसने 55 सैनिकों को ढेर कर दिया है। इसके साथ ही सरहदी इलाकों पर कब्जा भी कर लिया है। वहीं पाकिस्तान एक बार फिर सच्चाई से मुकर गया है और किसी भी तरह के नुकसान से इनकार कर रहा है। बलूच लिबरेशन आर्मी ने माच और बोलन शहरों में सैन्य ठिकानों पर हमला किया है। बीएलए ने दावा किया है कि माच में हुए हमले में कम से 45 सैनिकों की मौत हुई है, जबकि पीर गैब में दस दुश्मन मारे गए हैं। इसके साथ ही बीएलए ने दोनों शहरों पर कब्जा करने का भी दावा किया है। वहीं पाकिस्तान एक बार सच्चाई से मुकर गया है और किसी भी सैनिक की मौत से इनकार किया है।

बीएलए ने बयान जारी कर कहा है कि ऑपरेशन दारा-ए-बोलन के तहत बीते 15 घंटों से माच शहर और आस-पास के इलाकों पर नियंत्रण कर लिया है। इसके अलावा बीएलए के विशेष सामरिक संचालन दस्ते ने क्षेत्र के सभी रास्तों को अपने नियंत्रण में ले लिया है। यही नहीं बलूचों ने कई सैनिकों को बंधक भी बना लिया है। बलूचों ने इन शहरों में हर तरफ बारुदी सुरंगें लगा दी हैं और पाकिस्तानी सेना को घुसने से रोक रहे हैं। वहीं बीएलए ने बताया कि ऑपरेशन दारा-ए-बोलन के दौरान चार बलूच कार्यकर्ताओं की मौत भी हुई है। ये चारों बीएलए मजीद ब्रिगेड के फिदायीन हैं। बीएलए ने बलूच युवाओं को संगठन में शामिल होने की अपील की है। उन्होंने अपनी प्रेस रिलीज में कहा है कि कायर दुश्मन ताकतों के हाथों रोजाना प्रताड़ित होने की बजाय बलूच स्वतंत्रता सेनानियों की श्रेणी में शामिल होना चाहिए ताकि दुश्मन सालों की बजाय महीनों में बलूच मातृभूमि से भागने को मजबूर हो जाएं।

**सरहदी इलाकों पर किया कब्जा, ऑपरेशन दारा-ए-बोलन के दौरान चार बलूच कार्यकर्ताओं की भी मौत**



# अबेई में हिंसा, 54 लोगों की गई जान, संरा महासचिव ने जताई चिंता

**खार्तूम (सूडान)।** संयुक्त राष्ट्र अंतरिम सुरक्षा बल ने कहा है कि सूडान और दक्षिण सूडान के बीच तेल समृद्ध क्षेत्र अबेई में अंतर-सांप्रदायिक हिंसक झड़पों में 52 नागरिक और दो शांति सैनिक मारे गए।

संयुक्त राष्ट्र अंतरिम सुरक्षा बल अबेई की विज्ञप्ति में कहा गया है कि संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेश अबेई प्रशासनिक क्षेत्र में सप्ताहांत में हुई हिंसा से चिंतित हैं। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेश ने कहा है कि अबेई में संयुक्त राष्ट्र अंतरिम सुरक्षा बल पर हुए हमले में दो शांति सैनिकों ने कर्तव्य की पंक्ति में अपना जीवन बलिदान कर दिया। कर्तव्य पथ पर अपना सर्वोच्च बलिदान देने वाले शांति रक्षकों में एक पाकिस्तान और एक घाना का है। महासचिव ने मृतकों के परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने हिंसा की निंदा करते हुए अपराधियों को न्याय के कठघरे में लाने का आह्वान किया है। इस समय सूडान और दक्षिण सूडान की सीमा पर 5,326 शांति सैनिक तैनात हैं। संयुक्त राष्ट्र अंतरिम सुरक्षा बल अबेई ने आसन्न खतरे के मद्देनजर सभी व्यक्तियों को अपने कुछ शिविरों में शरण लेने की अनुमति दी है।



## सेंसेक्स 801 अंक फिसलकर 71,139 पर बंद

**एजेंसी, नई दिल्ली**

शेयर बाजार में आज यानी मंगलवार (30 जनवरी) को गिरावट देखने को मिली। सेंसेक्स 801 अंक फिसलकर 71,139 के स्तर पर बंद हुआ।

वहीं निफ्टी में भी 215 अंक की गिरावट रही। यह 21,522 के स्तर पर बंद हुआ था। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 24 में गिरावट और छह में तेजी देखने को मिली है।



आज से ओपन हुआ बीएलएस ई-सर्विसेस लिमिटेड का आईपीओ बीएलएस ई-सर्विसेस लिमिटेड का आईपीओ आज यानी 30 जनवरी से ओपन हो गया है। रिटेल निवेशक इसके लिए 1 फरवरी तक बोली लगा सकेंगे। इस इश्यू के जरिए कंपनी 310.91 करोड़ जुटाना चाहती है। छह फरवरी को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज पर कंपनी के शेयर लिस्ट होंगे

## चंडीगढ़ मेयर पद चुनाव में भाजपा की जीत

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ मेयर चुनाव में 'आप'-कांग्रेस गठबंधन को बड़ा झटका लगा है। इस चुनाव में बीजेपी उम्मीदवार मनोज कुमार सोनकर ने जीत दर्ज की है।

**भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने चंडीगढ़ भाजपा को बधाई दी**

लोकसभा चुनाव से पहले आया यह रिजल्ट इंडिया गठबंधन के लिए झटका माना जा रहा है। मनोज कुमार को 16 वोट मिले। वहीं, आप के उम्मीदवार कुलदीप कुमार ने 12 वोट हासिल किए। वहीं, आठ वोट कैंसिल कर दिया गया।

### चंडीगढ़ मेयर चुनाव में दिनदहाड़े बेईमानी : केजरीवाल



**चंडीगढ़** मेयर चुनाव पर अरविंद केजरीवाल ने कहा कि चंडीगढ़ मेयर चुनाव में दिनदहाड़े जिस तरह से बेईमानी की गई है, वो बेहद चिंताजनक है। यदि एक मेयर चुनाव में ये लोग इतना गिर सकते हैं, तो देश के चुनाव में तो ये किसी भी हद तक जा सकते हैं, यह बेहद चिंताजनक है।

### हाई कोर्ट जाएंगी 'आप'-कांग्रेस

**चंडीगढ़** मेयर चुनाव को लेकर आम आदमी पार्टी और कांग्रेस पंजाब-हरियाणा हाई कोर्ट जाएंगी। चंडीगढ़ मेयर चुनाव में उनके आठ वोट रद्द कर दिए गए, जिससे बीजेपी को जीत मिल गई।

# दीपिका पादुकोण ने तोड़ा कटरीना कैफ का रिकॉर्ड

**एजेंसी, नई दिल्ली**

दीपिका पादुकोण हाल ही में 25 जनवरी 2024 को रिलीज हुई फिल्म 'फाइटर' को लेकर सुर्खियों में बनी हुई हैं। उनके पास इस साल और भी कई फिल्में पाइप लाइन में हैं। वहीं, दीपिका एक ऐसी एक्ट्रेस बन गईं हैं, जिनकी सबसे ज्यादा फिल्में बाकी एक्ट्रेसेस के मुकाबले 100 करोड़ के क्लब में शामिल हुईं हैं।

साल 2023 में 'जवान'और 'पठान', जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्में देने के बाद अब दीपिका पादुकोण ने 2024 की शुरुआत भी धुआंधार की है। उनकी फिल्म 'फाइटर' 25 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। फिल्म में वो ऋतिक रोशन के साथ नजर आई हैं। 'फाइटर' से दीपिका और ऋतिक ने पहली बार स्क्रीन शेयर किया है। अगर कहा जाए कि दीपिका पादुकोण बॉलीवुड की सबसे ज्यादा 100 करोड़ी फिल्म देने वाली एक्ट्रेस बन गईं हैं तो यह गलत नहीं होगा।

उन्होंने इस मामले में कटरीना कैफ को भी पीछे छोड़ दिया है। बीते साल आई फिल्म 'पठान' ने महज दो दिनों में ही 100 करोड़ के आंकड़े को पार कर लिया था। इसमें दीपिका शाहरुख खान के साथ नजर आईं थीं। यह उनकी 9वीं 100 करोड़ी फिल्म थी।



**सबसे ज्यादा 100 करोड़ी फिल्म देने वाली हिरोइन बन गईं**

### दीपिका ने कटरीना को दी मात

**कटरीना** की 9 फिल्में 100 करोड़ के क्लब में शामिल थी, लेकिन, अब दीपिका ने कटरीना को पीछे छोड़ दिया, क्योंकि दीपिका की 'फाइटर' 100 करोड़ के क्लब में उनकी 10वीं फिल्म हैं।

## अनंत ज्ञान

# आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

(31 जनवरी, 2024)

**विक्रमी संवत :** 2080, **शक संवत :**1945 (शोभकृत), **मास :** माघ, **तिथि :** पंचमी 11:39 सुबह तक, **नक्षत्र :** हस्त (01:08 रात्रि तक) , **पक्ष :** कृष्ण, **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (कोई नहीं)
**राहुकाल :** 12:34-01:55 शाम तक।

**विशेष दिन**

31 जनवरी 2007 को भारतीय स्टील कंपनी टाटा, एंग्लो डच इस्पात कंपनी कोरस के अधिग्रहण के बाद विश्व की पांचवी बड़ी कंपनी बनी।

**मेष :** आप अपने प्रभाव क्षेत्र में वृद्धि करेंगे। पारिवारिक जीवन शुभ रहेगा। बातें कम और काम ज्यादा करें। कार्यक्षेत्र में नए प्रस्ताव प्राप्त हो सकते है। परिवार में अनुरूप स्थिति बनेगी।

**वृषभ :** आपका अच्छा व्यवहार आपको दूसरों को प्रभावित करने में मदद करेगा। अपनी जिम्मेदारी से भाग रहे है, संभल जायें। कार्यस्थल पर योग्यता के अनुरूप कार्य करें।

**मिथुन :** व्यवसायी नई योजनाओं और साझेदारियों में प्रवेश कर सकते हैं। अपने आप पर विश्वास रखें और नकारात्मक सोच न रखें। आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ें, सफलता अवश्य ही मिलेगी।

**कर्क :** नौकरीपेशा जातक बैठकों और प्रस्तुतियों में भाग लेंगे, जो उन्हें प्रगति देगा। अपनी रुचि के अनुसार काम न होने से कर्मचारियों से नाराज रहेंगे। आज व्यापारिक मामलों में जवाबदारी बढ़ने वाली है।

**सिंह:** आपको अपनी प्रतिभा और निवेशित प्रयासों के लिए उचित मान्यता प्राप्त होगी। आर्थिक मामलों में लापरवाही न करें। किसी विषय को जानने की जिज्ञासा बढ़ेगी। संत समागम होगा।

**कन्या :** आपका पारिवारिक-जीवन खुशियों से उज्ज्वल रहेगा। आज आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। नौकरी में पदोन्नति एवं तबादले के योग हैं। परिवार में सहयोग का वातावरण बना रहेगा।

**तुला :** कार्यक्षेत्र में आपको सीनियर्स का पूरा सहयोग मिलेगा। स्वास्थ्य की उपेक्षा न करें। आप के विरोधियों के कारण व्यापारिक बाधाएं आएंगी। परिश्रम की तुलना में सफलता कम मिलने से हताश होंगे।

**वृष्चिक:** व्यावसायिक क्षेत्र में आपके अपने वरिष्ठ और सहकर्मियों के साथ अच्छे संबंध होंगे। आप की मेहनत से व्यापार में लाभ की स्थिति बनेगी। परिवार में मांगलिक कार्यों की रुपरेखा बनेगी।

**धनु:** नया उद्यम शुरू करने या विवेकपूर्ण निवेश करने के लिए यह एक बहुत अच्छी अवधि है। अपने बलबूते पर काम करें। दूसरों के भरोसे न रहें। कार्यस्थल पर व्यवहार कुशलता से अधिकारियों के संबंध मजबूत होंगे।

**मकर :** आपका नाम और प्रसिद्धि व्यापक होगी और आपको सफलता के आज अवसर मिलेंगे। नए अधिग्रहण हो सकते हैं। व्यापारिक नई योजनाओं का प्रारम्भ होगा। बड़े राजनीतिज्ञ लोगों से भेंट होगी।

**कुंभ :** अपने परिजनों से समान व्यवहार करें, अपनी बुद्धिमानी से कई व्यापारिक रुके कार्य पूर्ण होंगे। लंबे समय के बाद प्रिय व्यक्ति से भेंट होगी। संपत्ति के लेन-देन में सावधानी रखें। दांपत्य जीवन सुखद रहेगा।

**मीन :** आज आत्मविश्वास बढ़ेगा और आप अकेले काम करके लंबित कार्यों को सफलतापूर्वक पूरा करेंगे। अपने राजनीतिक संबंधों का आज लाभ मिलेगा। नौकरी में ऐच्छिक स्थानांतरण न होने से मन खिन्न रहेगा।

**जानकारी**

### सामान की रेंज से समझौता किए बिना, 'मेड इन इंडिया' उत्पादों के गुणवत्ता को सुदृढ़ करने के लिए है आदेश

# डीपीआईआईटी ने सामानों की गुणवत्ता-नियंत्रण के लिए जारी किया आदेश

**एजेंसी, नई दिल्ली**

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्द्धन विभाग (डीपीआईआईटी) ने विद्युत सामग्री, प्रयोगशाला में इस्तेमाल होने वाले कांच के सामान, खिड़की दरवाजों में लगने वाले कब्जे, फिटिंग और तांबे के सामानों सहित उपभोक्ताओं की सुरक्षा के लिहाज से आवश्यक उत्पादों के गुणवत्ता नियंत्रण संबंधी आदेश की अधिसूचना जारी की है।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने मंगलवार को जारी एक बयान में बताया कि सरकार देश में सुदृढ़ गुणवत्ता इकोसिस्टम (पारिस्थितिकी तंत्र) विकसित करने के लिए मिशन मोड में काम कर रही है। इसका उद्देश्य सुदृढ़ अर्थव्यवस्था और उच्च विकास के लिए बेहतर तथा सुरक्षा अनुरूप उत्पादों पर बल देना है। डीपीआईआईटी ने इन महत्वपूर्ण उत्पादों के लिए गुणवत्ता नियंत्रण आदेश (क्यूसीओ) जारी किए हैं। डीपीआईआईटी की अधिसूचना के तहत विद्युत सामग्री, प्रयोगशाला में इस्तेमाल होने वाले कांच के सामान, खिड़की दरवाजों में लगने वाले कब्जे, फिटिंग और तांबे के समानों सहित उपभोक्ताओं की सुरक्षा के लिहाज से जरूरी उत्पादों के लिए गुणवत्ता जरूरी है। यह गुणवत्ता नियंत्रण आदेश भारतीय उपभोक्ताओं को उपलब्ध कराए जाने वाले सामान की रेंज से समझौता किए बिना, 'मेड इन इंडिया' उत्पादों के गुणवत्ता मानकों को सुदृढ़ करने के लिए हैं। मंत्रालय के मुताबिक यह दृष्टिकोण भारत को सर्वोत्तम गुणवत्ता वाले उत्पादों के पर्याय के रूप में विनिर्माण पावरहाउस के तौर पर स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम होगा।

मंत्रालय के मुताबिक भारत उत्तम गुणवत्ता वाले सुरक्षित उत्पाद प्रदान करने के क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर सबसे आगे रहे, इसके लिए कई तरह के सुधार किए जा रहे हैं। मजबूत गुणवत्ता मानकों को लागू करने के लिए गुणवत्ता नियंत्रण आदेश को अमल में लाने पर ध्यान देना नीतिगत दृष्टि से अभूतपूर्व कदम है। यह विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के व्यापार में तकनीकी बाधाओं (टीबीटी) समझौते के प्रावधानों के अनुरूप है। गुणवत्ता नियंत्रण के लिए आदेश जारी करने का उद्देश्य घरेलू ब्रांड का प्रचार करते समय भारतीय उत्पादों की विश्वसनीयता और उनके महत्व में वृद्धि करना तथा उनमें किसी भी प्रकार की गड़बड़ी की संभावना को न्यूनतम करना है।

Department of Commerce
Ministry of Commerce and Industry
Government of India

### कैट को अंतरिम बजट से लाभकारी व्यापारिक नीतियों की घोषणा की उम्मीद

**नई दिल्ली।** देश के प्रमुख कारोबारी संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) को एक फरवरी को पेश होने वाले अंतरिम बजट का बेसब्री से इंतजार है। कैट ने अंतरिम बजट में खुदरा व्यापार एवं लघु उद्योगों सहित अर्थव्यवस्था के अन्य सेक्टरों में वृद्धि के लिए मज़बूत नीतियों की घोषणा करने की उम्मीद जताई है। कैट के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल ने मंगलवार को जारी एक बयान में कहा कि इस बार अंतरिम बजट में आर्थिक विकास पर जोर दिए जाने की उम्मीद हैं। खंडेलवाल ने कहा कि व्यापारियों को कारोबार के लिए कर सुधार और प्रोत्साहन के माध्यम से खुदरा व्यापार को बढ़ावा दिए जाने की आशा है।